CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 01-04-2026 00:21 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) › रविवार, 4 जनवरी 2026 › पौष 15, शक संवत 1947, माघ कृष्ण प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 16*› मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow›twitter.com/nbtlucknow Vol.8 no.4

# NBT नवभारत टाइम्स



मादुरो और उनकी पत्नी अमेरिकी युद्धपोत पर है। न्यू यॉर्क में दोनों पर केस चलेगा। US वेनेजुएला के तेल भंडार का इस्तेमाल करेगा।
-डॉनल्ड ट्रंप



मोदी ने की भगवान बुद्ध से जुड़ी प्रदर्शनी की शुरुआत
▸p12




# वेनेज़ुएला पर ट्रंप के अटैक से हिला
# तेल का सिंहासन
## राष्ट्रपति को बेडरूम से घसीट ले गया अमेरिका

■ एपी, कराकास (वेनेजुएला)

**अमेरिका ने** शुक्रवार देर रात तेल के सबसे बड़े उत्पादक देश वेनेजुएला (Venezuela) पर बड़ा हमला किया। महीनों से दबाव बनाए जाने के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो (Nicolas Maduro) को पकड़कर अमेरिका उन्हें देश से बाहर ले गया है। यह घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने हमले के कुछ घंटों बाद की। वेनेजुएला सरकार ने कहा, US वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार कब्जाना चाहता है।

वेनेजुएला की राजधानी कराकास में करीब सात धमाके सुने गए हैं। CNN ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को अमेरिकी सेना ने उनके बेडरूम से घसीटकर बाहर निकाला और उन्हें अपने कब्जे में लिया। ट्रंप ने बताया, अभियान के दौरान कुछ अमेरिकी सैनिक घायल हो गए। ट्रंप ने मादुरो पर अमेरिका में ड्रग्स तस्करी से जुड़े आतंकवाद का सहारा लेने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने कहा, मादुरो और उनकी पत्नी पर न्यू यॉर्क में मुकदमा चलेगा। वेनेजुएला के भविष्य का फैसला अमेरिका करेगा। किसी और को सत्ता संभालने देकर वेनेजुएला में मादुरो की नीतियां जारी नहीं रहने दे सकते। यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने किसी देश पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति या तानाशाह को पकड़ा। 2003 में इराक और 1989 में पनामा में भी कुछ ऐसे ही ऑपरेशन चलाए थे। ▸▸ पेज 12

**वेनेजुएला सरकार ने कहा, तेल पर कब्जा चाहता है अमेरिका**



शासन किसका? ट्रंप बोले- मादुरो को पकड़ने के बाद वेनेजुएला को तब तक हम चलाएंगे, जब तक सुरक्षित तरीके से सत्ता ट्रांसफर नहीं कर देते।

### इसलिए बनाया निशाना?

- ट्रंप का दावा, वेनेजुएला ने अमेरिकी कंपनियों के तेल अधिकार अवैध रूप से छीन लिए थे। वेनेजुएला बोला- US विशाल तेल भंडार कब्जाना चाहता है।
- ट्रंप का दावा- वेनेजुएला अमेरिका में खतरनाक ड्रग्स की तस्करी करता है। US ड्रग्स ले जा रही 35 नावों पर हमला कर चुका।
- अमेरिका वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का तख्तापलट करना चाहता है। ये बात एक इंटरव्यू में मादुरो ने भी कही थी। अमेरिका मादुरो को तानाशाह और ड्रग तस्कर मानता है।

### इस हमले पर नजर रखना क्यों जरूरी?

**1** वेनेजुएला दुनिया के बड़े तेल उत्पादकों (303 अरब बैरल से अधिक कच्चे तेल के प्रमाणित भंडार हैं, यानी दुनिया में सबसे बड़ा) में है। वहां अस्थिरता से कच्चा तेल महंगा हो सकता है, असर भारत में पेट्रोल-डीजल और महंगाई पर पड़ेगा।

**2** अमेरिका की कार्रवाई सिर्फ वेनेजुएला तक सीमित नहीं, इसमें चीन और रूस जैसे देशों के हित जुड़े हैं। चीन से वेनेजुएला के करीबी रिश्ते हैं। यह शक्ति संतुलन बदलने वाली घटना हो सकती है, जिसका असर हमारी विदेश नीति पर भी पड़ता है।

**3** भारत रणनीतिक तौर पर अमेरिका के करीब है, लेकिन विकासशील देशों और ग्लोबल साउथ के साथ भी खड़ा रहता है। ऐसे मामलों में भारत का रुख अहम संकेत देता है कि वह ग्लोबल मंच पर किस तरह संतुलन बनाता है।

### अटैक पर भड़के वेनेजुएला के सहयोगी देश
# ईरान और चीन बोले-यह देश की संप्रभुता पर हमला

रूस और क्यूबा के साथ वेनेजुएला के सहयोगियों में शामिल ईरान ने अमेरिकी हमले की निंदा की है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह सैन्य हमले और देश की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के घोर उल्लंघन की कड़ी निंदा करता है। इससे पहले ईरान में रोजगार को लेकर हो रहे प्रदर्शन पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था, अगर ईरान प्रदर्शनकारियों को मारता है तो हम बचाने को तैयार हैं। वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा, एक संप्रभु देश पर एयरस्ट्राइक और राष्ट्रपति के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई की निंदा करते हैं। अमेरिका के ऐसे दबंगई कृत्य अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं।



AFP

**वेनेजुएला की अपील** सड़कों पर उतरे समर्थक।

### 'पूरी दुनिया अलर्ट हो जाए'

**अमेरिकी हमले** पर कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा, अभी वे कराकास पर बमबारी कर रहे हैं। पूरी दुनिया अलर्ट हो जाए, यूएन को दखल देना चाहिए। क्यूबा के राष्ट्रपति ने अमेरिका पर वेनेजुएला के खिलाफ आपराधिक हमला करने का आरोप लगाया और तत्काल अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया की मांग की।

वेनेजुएला पर सशस्त्र हमला निंदनीय है। इससे हालात और बिगड़ सकते हैं। वेनेजुएला को बिना किसी विनाशकारी, सैन्य, बाहरी हस्तक्षेप के अपना भाग्य खुद तय करने का अधिकार मिलना चाहिए।
-रूस



**भारत की अडवाइजरी:** भारत ने अडवाइजरी जारी कर नागरिकों को वेनेजुएला की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। कहा, कराकास में भारतीय दूतावास से संपर्क में रहें। मदद के लिए दूतावास के ईमेल cons.caracas@mea.gov.in या इमरजेंसी नंबर +58-412-9584288 (वट्सऐप कॉल समेत) पर संपर्क करें।


क्यों ख़रीदे सोना? पाएं 5% p.a. तक अधिक बिना ख़रीदे
myGold
For more details: +91-90 4445 4178

### बैड डॉक्टर/गुड डॉक्टर

**Q** सीने में दर्द की वजह से जब कोई शख्स किसी डॉक्टर के पास जाता है तो...



**बैड डॉक्टर:** देखिए, गैस की वजह से आपको पसीना भी आ रहा है। यह खतरनाक हो सकता है। मैं एक महंगा इंजेक्शन लिख देता हूं। इसे ले लें। मैं जिस दुकान से लेने को कह रहा हूं, वहीं से लें। 1 घंटे में समस्या का समाधान हो जाएगा।



**गुड डॉक्टर:** देखिए, सीने में दर्द और पेट की जलन एक-जैसी लग सकती है, लेकिन कुछ मामलों में यह एंजाइना का दर्द हो सकता है। ऊपर से आपको पसीना आ रहा है। पहले आप ECG करवा लें। अगर इसमें कुछ नहीं निकलेगा तो मैं गैस की दवा दे दूंगा।

डॉ. अंशुल वार्ष्णेय, सीनियर कंसल्टेंट, फिजिशन एंड डायबेटोलॉजिस्ट

### धर्मशाला रैगिंग केस में प्रफेसर सस्पेंड

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के सरकारी कॉलेज में दलित छात्रा की मौत के मामले में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। छात्रा से यौन उत्पीड़न के आरोपित असिस्टेंट प्रफेसर को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, मामले पर UGC ने खुद संज्ञान लेते हुए रैगिंग से जुड़ी शिकायत दर्ज की है। जांच के लिए 5 सदस्यीय फैक्ट-फाइंडिंग कमिटी बनाई गई है।

खबरों के अंदर की बात
**NBT Lens**
देखें पेज 4, 5, 11

### बांग्लादेश: झुलसे हिंदू व्यापारी ने तोड़ा दम

बांग्लादेश में तीन दिन पहले हमले के बाद आग के हवाले किए गए एक हिंदू व्यापारी की शनिवार को मौत हो गई। खोकोन चंद्र दास (50) पर बुधवार रात घर लौटते समय हमला हुआ था। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के प्रवक्ता देबनाथ ने कहा कि दिसंबर से हिंदू समुदाय के किसी व्यक्ति की यह पांचवीं मौत है।

### छत्तीसगढ़ में 14 नक्सली मारे गए

छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षाबलों के साथ शनिवार को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 14 नक्सली मारे गए। मुठभेड़ स्थल से एके-47, राइफल सहित हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। सुकमा जिले के एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि शुक्रवार रात जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) ने यह अभियान शुरू किया था।

# जाम के लिए तीन चौकी इंचार्ज दोषी, हुआ ऐक्शन
## दो और पर जांच बैठी, TI पर भी कार्रवाई होगी

NBT फॉलोअप

■ **NBT न्यूज, लखनऊ**
नए साल के पहले दिन शहर में लगे भीषण जाम के लिए तीन पुलिस चौकी इंचार्ज दोषी मिले हैं। डीसीपी वेस्ट ने शनिवार को इन्हें लाइन हाजिर किया कर दिया। वजीरगंज इलाके के दो चौकी प्रभारियों के खिलाफ भी जांच के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा टीआई के खिलाफ जांच रिपोर्ट डीसीपी ट्रैफिक को भेजी गई है। एनबीटी ने नए वर्ष पर जाम की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

जाम की वजह जानने के लिए एडीसीपी वेस्ट धनंजय कुशवाहा को जांच सौंपी गई थी। जांच में ठाकुरगंज इलाके में स्थित सतखंडा पुलिस चौकी इंचार्ज सतेंद्र प्रताप सिंह, हुसैनाबाद चौकी इंचार्ज दिलीप चौबे और चौक थाने की कश्मीरी पुलिस चौकी के इंचार्ज विनोद सिंह दोषी पाए गए। डीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने तीनों को लाइन हाजिर कर दिया है।

डालीगंज से हनुमंत धाम तक लगे ट्रैफिक जाम को लेकर चौकी इंचार्ज पुराना हाई कोर्ट विनोद सिंह और रिवर बैंक कॉलोनी चौकी के इंचार्ज रणविजय सिंह के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं।

डीसीपी ने बताया कि इस मामले में टीआई ज्ञमनत अब्बास भी दोषी पाए गए हैं। टीआई के खिलाफ कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित को भेजी गई है। डीसीपी ट्रैफिक का कहना है कि जांच रिपोर्ट मिलने पर दोषी टीआई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
▸▸संबंधित खबरें : पेज 3, 5

'जाम' NEW YEAR, जहां मुड़े... वहां रुके



02 जनवरी को प्रकाशित खबर

# ठंड पर भारी आस्था की उमंग



PTI

प्रयागराज में शनिवार को कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच माघ मेले के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर 31 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। तड़के शुरू हुआ डुबकी लगाने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। इसके साथ ही एक महीने तक चलने वाला संतों व गृहस्थों का कल्पवास भी शुरू हो गया। ▸▸पेज 9

| 800 | 10 | 05 |
| --- | --- | --- |
| हेक्टेअर में फैला है पूरा मेला क्षेत्र | स्नान घाट और 09 पांटून पुल बनाए गए हैं | लाख श्रद्धालु कल्पवास के लिए पहुंचे हैं |

अगला प्रमुख स्नान पर्व- 15 जनवरी : मकर संक्रांति

### विवाद के बीच BCCI के आदेश पर लिया फैसला
# मुस्ताफिज़ुर को KKR ने टीम से रिलीज़ किया

■ भाषा, गुवाहाटी

कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर इंडियन प्रीमियर लीग से पहले बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को टीम से रिलीज कर दिया।

बीसीसीआई ने भारत-बांग्लादेश के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर यह कदम उठाया। बीसीसीआई ने कहा कि 26 मार्च से शुरू होने वाली लीग में जरूरत पड़ने पर केकेआर को उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी का चयन करने की अनुमति होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से जब पूछा गया कि बीसीसीआई ने कोलकाता नाइटराइडर्स को ऐसा करने के लिए क्यों कहा है, तो उन्होंने कहा, 'हाल ही में हुई घटनाओं के कारण।'

वहीं, केकेआर ने बयान में कहा, 'हम पुष्टि करते हैं कि बीसीसीआई-आईपीएल ने आगामी सत्र से पहले मुस्ताफिजुर रहमान को टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया है।' रहमान 2016 से 8 बार आईपीएल में खेल चुके हैं। ▸▸पेज 11

**IPL ऑक्शन में रहमान को 9.20 करोड़ में खरीदा था**



File

मुस्ताफिजुर रहमान

### न्यूज़ीलैंड सीरीज़ में सिराज की वापसी

न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी गई है। शुभमान गिल टीम इंडिया की कमान संभालेंगे। वहीं, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इस सीरीज से वनडे फॉर्मेट में वापसी करेंगे। चोट के बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी में मैच फिटनेस साबित करनी होगी। ▸▸पेज 11



### हैपी मॉर्निंग

तेज बारिश में आधी रात को मिंकू पिज्जा लेने गया।
**दुकानदार :** क्या आप शादीशुदा हो?
**टिंकू गुस्से में बोला :** तूफान में कौन मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगी?

### सराफा

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| लखनऊ | ₹1,37,985 |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| लखनऊ | ₹2,41,000 |

### मौसम

अधि.तापमान 16.9 डिग्री
न्यून.तापमान 11.4 डिग्री
सूर्यास्त रविवार 5:27 बजे
सूर्योदय सोमवार 6:56 बजे

# प्रो. जेपी सैनी बने LU के नए वीसी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. जेपी सैनी को लखनऊ विश्वविद्यालय का नया वीसी बनाया गया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की ओर से शनिवार को आदेश जारी कर दिया गया। प्रो सैनी का कार्यकाल तीन साल होगा।



प्रो. सैनी तीसरी बार कुलपति की जिम्मेदारी संभालेंगे। वर्तमान में वह गोरखपुर के मालवीय विवि में बतौर वीसी तैनात हैं। इससे पहले वह दिल्ली के नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के वीसी रह चुके हैं। एलयू की वर्तमान वीसी प्रो. मनुका खन्ना को छह माह के लिए वीसी बनाया गया था। उनका कार्यकाल इसी महीने पूरा हो रहा है। ▸▸ पेज 4

# माफिया-गुंडे जेल के बाहर नहीं होने चाहिए : योगी
## काशी में कहा-साफ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो

■ **NBT न्यूज, वाराणसी :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि थानावार अभियान चलाकर माफिया, पेशेवर गुंडों और अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त ऐक्शन हो। माफिया, गुंडे जेल के बाहर नहीं होने चाहिए। दो दिन के वाराणसी दौरे पर पहुंचे सीएम योगी ने शनिवार को विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की।

योगी ने कहा कि नोडल अधिकारी हर काम की मॉनिटरिंग करें और किसी भी स्तर पर अगर बाधा दिखती है तो उसका अविलंब निस्तारण करवाएं। सीएम ने राजस्व वादों के समय पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, सड़कों पर लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए वेंडिंग जोन बनाने और रिक्शे-ठेले, टैक्सी स्टैंड के लिए उपयुक्त जगहों पर पार्किंग स्थल बनाने का निर्देश दिया। सीएम ने माघ मेले और आगामी पर्वों को लेकर तैयार रहने को कहा। साथ ही नगर निगम व जलनिगम को साफ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने को कहा।

सीएम ने कोतवाल बाबा कालभैरव एवं काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया। इस दौरान स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क मंत्री रविंद्र जायसवाल, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' भी मौजूद रहे।



### एग्जाम अलर्ट
एग्जाम पैटर्न में बदलाव नहीं, एक घंटे का पेपर, 50 सवाल जो अनिवार्य होंगे

# CUET-UG 11 मई से, रजिस्ट्रेशन शुरू

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** देश की विभिन्न यूनिवर्सिटीज में एडमिशन के लिए होने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-UG) 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। कैंडिडेट्स 3 जनवरी से 30 जनवरी तक आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फीस 31 जनवरी रात 11:50 बजे तक जमा की जा सकेगी।

ऑनलाइन फॉर्म में सुधार (करेक्शन विंडो) 2 से 4 फरवरी तक हो सकेगा। CUET-UG 11 से 31 मई के बीच कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) मोड में होगा। एक दिन में कई शिफ्ट होंगी। हर पेपर 1 घंटे का होगा, जिसमें 50 अनिवार्य सवाल होंगे। सही जवाब पर 5 अंक और गलत पर 1 अंक की नेगेटिव मार्किंग होगी। अभी रिजल्ट की डेट घोषित नहीं की गई है। पिछले साल ऑनलाइन आवेदन 1 मार्च से शुरू हुए थे।




### कितनी एग्जाम सिटी चुन सकते हैं

इस बार स्टूडेंट आवेदन के समय अधिकतम 4 एग्जाम सिटी चुन सकते हैं। NTA का कहना है कि स्टूडेंट अपने मौजूदा और स्थायी पते के आधार पर सिटी चुनें। कोशिश की जाएगी कि स्टूडेंट्स की पसंद के अनुसार ही एग्जाम सिटी अलॉट हो। टेस्ट देश के 306 शहरों और विदेश के 15 शहरों में होगा।

### JEE Main 2026: हजारों की फोटो मैच नहीं

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इंजिनियरिंग कॉलेज में दाखिले के लिए JEE Main 2026 का पहला चरण 21 जनवरी से होना है। हालांकि, कई कैंडिडेट्स की फोटो आधार (UIDAI) रेकॉर्ड से मैच नहीं हो रही है। ऐसे छात्रों को NTA ने 15 जनवरी तक फोटो वैरिफिकेशन सर्टिफिकेट अपलोड करने का मौका दिया है। यह सर्टिफिकेट गजटेड अधिकारी से सत्यापित होना चाहिए। परीक्षा केंद्र पर इसकी प्रिंट कॉपी ले जाना जरूरी होगा।

CUET-UG 2026 के स्कोर के आधार पर केंद्रीय, राज्य, डीम्ड और प्राइवेट सभी तरह की यूनिवर्सिटी में एडमिशन मिलेगा। कुल 200 से ज्यादा यूनिवर्सिटी इसमें शामिल हो सकती हैं। अभी तक 185 यूनिवर्सिटी की लिस्ट फाइनल हो चुकी है और आगे यह संख्या बढ़ सकती है।

*12+4 Lucknow Times

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG10 User: rishi.yadav Time: 01-03-2026 21:51 Color:



# नींद

फिट होने के लिए एक तरफ जहां डाइट पर काबू होना चाहिए, वहीं फिजिकल ऐक्टिविटी से भी भाग नहीं सकते। इनके साथ एक और तरीका भी है। यह है हेल्दी स्लीपिंग का। अगर हम अपना लक्ष्य 6-8 घंटे की अच्छी नींद की बना लें और इसे पा लें तो यह भी हमारे शरीर के ज्यादातर सिस्टम के दुरुस्त होने की निशानी है। ...तो फिर क्यों न **2026 को हेल्दी स्लीपिंग इयर** घोषित कर दें। एक्सपर्ट्स से बातकर जानकारी दे रहे हैं **लोकेश के. भारती**

# फिट रहने की हिट एक्सरसाइज़!

इस साल से लें चैन की नींद




आपको यकीन हो या न हो, लेकिन यह सच है कि सिर्फ अच्छी नींद लेने से ही शरीर फिट हो सकता है। कोई शख्स तभी गहरी नींद ले सकता है जब वह मानसिक और शारीरिक तौर पर फिट हो। दरसअल, जिस तरह किडनी हमारे शरीर में खून साफ करके वेस्ट प्रोडक्ट को बाहर निकालने में मदद करती है, वही काम नींद हमारे ब्रेन के लिए करती है। ब्रेन की सफाई अच्छी नींद में होती है। अगर नींद सही से नहीं लेते हैं तो दिमाग में कचरा जमा होने लगता है। इससे अल्जाइमर्स, डिमेंशिया जैसी परेशानी भी हो सकती है।

## गहरी नींद से ही मिलती है फिटनेस की मंज़िल

हर बार नए साल पर इच्छा होती है कि फिजिकल ऐक्टिविटी खूब करेंगे, ब्रिस्क वॉक करेंगे, हर दिन मांसपेशियों को मजबूत करने वाली एक्सरसाइज करेंगे, लेकिन इच्छाशक्ति हर साल कमजोर हो जाती है। अब चूंकि एक्सरसाइज नहीं कर पाते, डाइट भी सही नहीं रख पा रहे हैं, इन सभी की वजह से नींद की क्वॉलिटी भी खराब हो रही है या यों कहें कि अच्छी नींद नहीं आ रही, इसलिए सुबह उठना मुश्किल हो जाता है। दिनभर थकावट बनी रहती है यानी नींद का पैटर्न खराब हो रहा है। स्लीप पैटर्न को सुधार लें।

## कम नींद से पेट भरने वाले हार्मोन नहीं कर पाते काम

हमारे शरीर में दो तरह के कंट्रोल काम करते हैं। एक न्यूरल और दूसरा हार्मोनल। न्यूरल क्विक रिस्पांस के लिए होता है और हार्मोनल कुछ धीमे रिस्पांस के लिए। भूख लगना, पेट भरने का सिग्नल पहुंचना, ये सब हार्मोनल रिस्पांस का हिस्सा है। भूख और पेट भरने में दो तरह के हार्मोन काम करते हैं।




*1. Ghrelin* (घ्रेलिन): इसे भूख बढ़ाने वाला हार्मोन कहा जाता है। जब हम देर रात जगते हैं या फिर नींद पूरी नहीं करते तो यह हार्मोन ज्यादा मात्रा में निकलता है यानी बढ़ जाता है और ज्यादा भूख लगती है। ज्यादा भूख लगने पर हम देर रात भी मंचिंग करते हैं। जंक फूड, मीठा आदि बहुत ज्यादा खाते हैं। आखिरकार यह वजन ही बढ़ाता है।


*2. Leptin* (लेप्टिन): यह पेट भरे होने का सिग्नल देने वाला हार्मोन है। जब हम जगे रहते हैं तो यह हार्मोन कम निकलता है यानी इसकी मात्रा कम हो जाती है। इससे दिमाग को पेट भरने का पता सही वक्त पर नहीं चलता और हम ज्यादा खा लेते हैं। ज्यादा खाना मतलब ज्यादा कैलरी लेना और अपना वजन बढ़ा लेना। क्योंकि कैलरी अंत में फैट में ही बदल कर शरीर में स्टोर होती है।

## कम नींद से मेटाबॉलिज़म भी हो जाता है स्लो

जब हम कम सोते हैं यानी नींद की कमी रहती है तो हमारे शरीर का मेटाबॉलिज्म भी धीमा हो जाता है। इससे कैलरी सही तरके से बर्न नहीं होती और कैलरी शरीर में ही स्टोर होने लगती है। यह बेली फैट के रूप में ही ज्यादा होती है।

## स्लीप पैटर्न को समझने से नींद की क्वॉलिटी में सुधार

स्लीप स्टडी को पॉलिसोम्नोग्राफी (Polysomnography) भी कहा जाता है। यह सुविधा कई बड़े अस्पतालों में है और इस स्टडी को घर पर भी किया जाने लगा है। जिन्हें नींद न आने की परेशानी है, उन्हें अस्पताल के ही एक कमरे में अमूमन रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक सुलाया जाता है। उस शख्स की बॉडी पर कई तरह की डिवाइस लगी होती हैं जिनसे उसकी ब्रेन की ऐक्टिविटी, हार्ट बीट, सांस लेने का पैटर्न, ऑक्सिजन लेवल, मसल्स की ऐक्टिविटी, खर्राटे और सांस रुकना आदि सभी को मॉनिटर किया जाता है।



## सूरज की रोशनी को पहचानती हैं हमारी आंखें

हमारे शरीर को जिस सिस्टम के तहत काम करना होता है, उसमें लाइट की अहम भूमिका होती है। उसे यह पता है कि रात बनी है सोने के लिए और दिन है काम करने या फिर ऐक्टिव रहने के लिए। यह तारतम्यता के साथ होता है और इसी को सर्केडियन रिदम कहते हैं। दूसरे शब्दों में शरीर की कुदरती बॉडी क्लॉक। यह बॉडी क्लॉक यानी शरीर की घड़ी 24 घंटे के चक्र पर आधारित होती है और सोने-जागने के क्रम को काबू में रखती है। ऐसा माना जाता है कि यह रिदम न सिर्फ नींद बल्कि शरीर के तापमान, हार्मोन निकालने, डाइजेशन जैसी चीजों पर भी असर डालता है। हमारे शरीर में सभी बायोलॉजिकल प्रोसेस की एक साइकल चलती है। जब सुबह होती है और रोशनी रेटिना पर महसूस होती है तो रेटिना एक संदेश दिमाग को भेजती है। दिमाग जागने का संकेत देता है। नींद खुल जाती है।

## नींद की क्वॉलिटी पता करने वाली डिवाइस

**स्मार्ट रिंग्स और स्लीप ट्रैकिंग डिवाइस:** ये नींद के पैटर्न को समझने और शरीर में ऑक्सिजन की उपलब्धता यानी सैचुरेशन को पता करने के लिए इस्तेमाल होंगी। इन मशीनों का उपयोग करके पता कर सकते हैं कि किसी शख्स की नींद क्यों खराब हो रही है।
**कीमत:** 2500 रुपये से शुरू
**स्मार्ट तकिये और गद्दे:** ये दोनों ही चीजें सही तरीके से सोने में मदद करती हैं। इनकी मदद से खर्राटों के साथ OSA में भी कुछ राहत मिल जाती है।
**कीमत:** 1500 से 5000 रुपये



## अच्छी और गहरी नींद के लिए आसान उपाय...

- अच्छी और सेहतमंद नींद के लिए जरूरी है कि हम कुदरती प्रक्रिया को अपनाएं। बेड पर जाने पर दिमाग की ऐक्टिविटी जितनी जल्दी कम होगी, हम उतनी जल्दी सो जाएंगे। गहरी नींद का मतलब है 100 डेसिबल साउंड की आवाज होने पर भी नींद न खुले।
- रात 9 से 11 बजे तक सो जाएं और सुबह 5 से 6 बजे तक उठ जाएं।
- सोने से 2-3 घंटे पहले डिनर लें।
- सोने से 30 मिनट से 1 घंटा पहले नो स्क्रीन (न मोबाइल देखना, न टीवी, न लैपटॉप) टाइम का पालन जरूर करना चाहिए।
- शाम 6-7 बजे के बाद चाय या कॉफी न लें। इनमें मौजूद कैफीन नींद को दूर करने का काम करता है। इससे मेलेटोनिन बनने में दिक्कत होती है।
- सोने के कमरे में कम रोशनी या अंधेरा रखें। इससे शरीर सही मात्रा में नींद के लिए जरूरी हार्मोन बना पाता है। एक तरह से सोने का माहौल तैयार कर लें।
- बेड, तकिया आदि को आराम के अनुसार चुनें। कितना मोटा पिलो होगा इसे आप ही तय करें।
- तकिये की ऊंचाई न बहुत ज्यादा हो और न बहुत कम। आरामदायक स्थिति ही बनाए रखें।
- किस दिशा में सोना है, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।
- पेट के बल सोने से बचना चाहिए। साइड में बेस्ट है, करवट लेकर लेफ्ट या राइट।
- अगर किसी की नींद स्ट्रेस आदि की वजह से डिस्टर्ब हुई हो तो पहले स्ट्रेस को दूर करना जरूरी है। इसके लिए साइकॉलजिस्ट की मदद ली जा सकती है।

## जब स्ट्रेस नींद खराब करे तो...

वैसे तो हर शख्स किसी न किसी वजह से तनाव में होता है। कई बार तनाव जिम्मेदारी निभाने के लिए अहम भी है। पर जब वही तनाव नींद में खलल पैदा करने लगे तो उपाय करें।

- आज के काम को आज ही खत्म करने की कोशिश करें।
- अगर कोई परेशानी है तो उसे ऊपर वाले के पास पार्क कर दें और जब दूसरे दिन उठें तो उनसे फिर से वह परेशानी लेकर उसका हल खोजने की कोशिश करें।
- अपने शौक पालें। संगीत सुनें, गाना गाएं, खेलने जाएं।
- अगर इन उपायों से भी स्ट्रेस कम न हो और नींद आने में परेशानी होती रहे तो किसी क्लिनिकल साइकॉलजिस्ट या सायकायट्रिस्ट से मिल सकते हैं।

**अगर बैठे-बैठे या खड़े-खड़े सोते हैं:** कुछ लोग मेट्रो में, बसों में सीट पर बैठे-बैठे या फिर खड़े होकर ही नींद की झपकी मारने लगते या सो जाते हैं। अपनी इस आदत को वे कई बार बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं कि हमें तो सोने की कोई फिक्र नहीं, हम तो कहीं भी और कभी भी, किसी भी हाल में सो लेते हैं। इसे सही नहीं कहा जा सकता। नींद रात में पूरी हो, 6 से 8 घंटे की लगातार हो। टुकड़ों की नींद सही नहीं।

## इन सवालों के जवाब ज़रूर पढ़ें

**Q: अल्कोहल आदि लेने से अच्छी नींद आती है?**
A: कई लोग इस गलतफहमी में जीते हैं कि सोने से पहले अल्कोहल लेने से अच्छी नींद आती है। सच्चाई इससे कोसों दूर है। असल में अल्कोहल नींद भगाने के लिए जिम्मेदार है। दूसरी परेशानी है कि लगातार अल्कोहल से लत लग जाती है।

**Q: बेड पर जाने के बाद भी करवटें ही बदलते रहें तो क्या करें?**
A: अगर नींद किसी स्ट्रेस की वजह से उड़ गई है और ऐसा अक्सर होता है तो पहले स्ट्रेस दूर करें। अगर ऐसा कभी-कभी हो तो उसके लिए उपाय किए जा सकते हैं। दरअसल, नींद भागने की वजह यह भी है कि हम उसके बारे में सोच-सोचकर परेशान होने लगते हैं। ऐसे में उस शख्स को किताबें पढ़ना, हल्की आवाज में संगीत सुनना जैसे काम करने चाहिए। अगर कमरे में कहीं से रोशनी आ रही हो तो उसे भी बंद कर देना चाहिए।

**Q: सपनों की वजह से नींद कब डिस्टर्ब होती है?**
A: जब हम नींद में जाते हैं तो ब्रेन की ऐक्टिविटी कम होने लगती है। जब सबसे ज्यादा गहरी नींद में होते हैं तो भी ब्रेन की ऐक्टिविटी जीरो नहीं होती, लेकिन बहुत कम ऐक्टिव रहता है। कई बार हम सपनों में ही ऐक्ट करने लगते हैं, जैसे कुछ बोलना, हाथ-पैर चलाना, कुछ लोगों को स्लीप वॉकिंग यानी नींद में चलने की आदत होती है। अगर कोई शख्स इस तरह की ऐक्टिविटी कर रहा है तो मुमकिन है कि वह समझ ले कि नींद की



क्वॉलिटी उतनी अच्छी न हो क्योंकि नींद में भी उसका ब्रेन काफी ऐक्टिव रह रहा है। इससे वह गहरी नींद में जा ही नहीं पा रहा। लेकिन अगर इस तरह की परेशानी या कोई रुकावट नहीं है तो नींद गहरी होगी। सीधे कहें कि नींद में देखे हुए जो सपने नींद खुलने के बाद याद न रहें, वह नींद बेहतर मानी जा सकती है। उठने के बाद फ्रेश महसूस होना चाहिए। ऐसा न लगे कि अभी और सोना है।

**Q: खराब नींद मतलब इम्यूनिटी भी कमजोर?**
A: दो-तीन दशक पहले तक नींद को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया जाता था बल्कि यह माना जाता था कि 'जो सोया सो खोया, जो जागा सो पाया।' लोग यह मानते थे कि हमारी सेहत में, हमें सेहतमंद बनाने में नींद की कोई खास भूमिका नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे स्टडी हुई, नई रिसर्च सामने आई तो यह तय होता गया कि नींद की भूमिका शरीर की लगभग हर गतिविधि में होती है। अच्छी नींद का सकारात्मक असर हमारी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं पर होता है। शरीर की इम्यूनिटी बेहतर होती है।

## इस साल हम यह ज़रूर ठान लें कि...

- हर रात कम से कम 6 से 8 घंटे की हेल्दी नींद लेंगे और जब सुबह उठेंगे तो फ्रेश महसूस करेंगे।
- यह नींद 10 बजे रात तक शुरू कर देंगे और 6 बजे सुबह तक खत्म कर देंगे।
- खुद सोने से कम से कम 1 घंटा पहले मोबाइल यानी स्क्रीन को सुला देंगे।
- अगर ज्यादा फिजिकल ऐक्टिविटी नहीं भी कर पाए तो भी नींद को डिस्टर्ब नहीं करेंगे।
- अगर डाइट में ज्यादा बदलाव नहीं भी कर पाए तो भी नींद में खलल पैदा होने नहीं देंगे और गहरी नींद लेंगे।
- नींद पूरी करके न्यूरो और दूसरे सिस्टम को हेल्दी रखेंगे।
- यह समझते हैं कि एक अच्छी नींद का मतलब सेहतमंद शरीर है।

## एक्सपर्ट पैनल



**डॉ. विजय हड्डा**
डिपा. पल्मनरी क्रिटिकल केयर ऐंड स्लीप मेडिसिन, AIIMS



**डॉ. जी. सी. खिलनानी**
चेयरमैन, डिपार्टमेंट ऑफ पल्मोनरी, PSRI



**डॉ. दलजीत सिंह**
VC एंड हेड, न्यूरो सर्जरी, MAX स्मार्ट



**डॉ. रमन कपूर**
चेयरमैन, मेडिकल एक्यूपंक्चर, सर गंगाराम हॉस्पिटल



**डॉ. आर. पी. पाराशर**
वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य



**डॉ. नीतू जैन**
सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनोलॉजी, क्रिटिकल केयर

## अच्छी नींद में ये भी हैं मददगार

### एक्यूपंक्चर से भी नींद की समस्या का समाधान!

सुई चिकित्सा जिसे एक्यूपंक्चर कहते हैं, इसकी अपनी भूमिका है। कई तरह के इलाज में यह सफल है। गहरी नींद लाने के मामले में या स्लीपिंग पैटर्न को दुरुस्त करने में भी इसका अहम रोल है। अहम बात यह कि इसमें कोई दवा नहीं दी जाती, इसलिए इसका साइड इफेक्ट्स भी नहीं है और न ही इसका एडिक्शन होता है। एक्यूपंक्चर ने दिनचर्या को यांग (Yang) और यिन (Yin) के संतुलन पर आधारित किया है। यांग जहां दिन के लिए है, वहीं यिन रात के लिए। एक्यूपंक्चर के अनुसार हर शख्स को अपनी ज्यादातर ऐक्टिविटी यांग में ही करनी चाहिए।



यह समय होता है शरीर में बनने वाली एनर्जी को यूज करने का। वहीं, यिन होता है शरीर के आराम करने के लिए। दिमाग को सुकून देने के लिए। अगर कोई शख्स रात में जगता है, देर रात खाना खाता है तो स्वाभाविक है कि उसके तमाम सिस्टम को हर वक्त ऐक्टिव रहना पड़ता है।

- एक्यूपंक्चर के अनुसार हमारे शरीर में कुछ अंगों में खास पॉइंट होते हैं, जिन्हें ऐक्टिव करने से नींद की क्वॉलिटी अच्छी हो जाती है। शरीर में ऐसे पॉइंट सिर में, हाथ और पैरों में होते हैं जहां पर सुई चिकित्सा की जाती है।


Photos : Adobe Stock

### आयुर्वेद में नींद लाने के उपाय हैं काफी कारगर

आयुर्वेद में सेहतमंद शरीर के तीन स्तंभ बताए गए हैं- आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य। इसमें निद्रा एक अहम स्तंभ है और अहम बात यह कि ये तीनों आपस में जुड़े हुए हैं। एक-दूसरे पर आश्रित हैं। इसलिए अच्छी नींद लेनी ही चाहिए और इसके लिए जतन भी जरूर करने चाहिए।

#### सोने से पहले

**सर्दियों में:** अगर नहाना मुमकिन न हो तो गुनगुने पानी से चेहरे, पैरों आदि को धो लें। पैरों को 10 मिनट गुनगुने पानी में डुबाकर रखें। पैरों की मांसपेशियों को आराम मिलता है। अच्छी नींद आती है।



**गर्मियों में:** गर्मियों और बरसात में रात को सोने से पहले सामान्य पानी से नहाना ही चाहिए। इससे ताजगी महसूस होती है।

**शवासन:** अगर नींद की परेशानी हो तो शवासन बहुत फायदा पहुंचा सकता है। अपने शरीर को पैरों से ढीला करते हुए एक-एक अंग करके सिर तक पहुंचना है। पूरे शरीर की मांसपेशियां आराम की मुद्रा में पहुंच जाती हैं। शुरुआती दिनों में शवासन की मुद्रा में 15 मिनट तक रहना चाहिए।

**मेडिटेशन:** हर रात सोने से पहले 5 से 10 मिनट का मेडिटेशन कर सकते हैं। यह मन को शांत करने में अहम भूमिका निभाता है। अगर किसी को नींद की समस्या न हो तो भी इससे फायदा है।

### घरेलू नुस्खे भी आजमा सकते हैं अच्छी नींद के लिए

**जायफल:** गाय के दूध में एक चुटकी जायफल या खसखस मिलाकर लेने से नींद में फायदा होता है।

**तेल वाली रुई से फायदा:** सिर पर ब्राह्मी आंवला या नारियल तेल को रुई (पैर के तलवों के साइज) में डुबोकर सिर के ऊपरी हिस्से में स्कार्फ या मफलर की मदद से बांधकर रखने से मन रिलैक्स होता है।

**सिर की मालिश:** यह तन और मन के बीच ऊर्जा का संतुलन बनाता है। शरीर के तापमान पर काबू रखता है और शरीर में खून व दूसरे द्रवों के बहाव में सुधार करता है। इस तरह हर दिन मालिश करने से मानसिक शांति बनी रहती है। इससे तनाव दूर होता है और रात में गहरी नींद आती है। मालिश हल्के हाथों से करनी चाहिए।



- **अजवाइन की प्रकृति** ही नींद लाने वाली है। अगर कोई शख्स पित्त प्रकृति का है तो वह 250 मिली ग्राम (आधा चुटकी), वात और कफ प्रकृति वाले 1 चुटकी अजवाइन पानी के साथ सोने से पहले निगल लें तो फायदा होता है।
- खाने में **गाय का घी** एक चम्मच लेने से भी नींद में फायदा पहुंचता है। वहीं श्रीखंड (दही का बना होता है) या दही आधी कटोरी लेनी चाहिए।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG11 User: cci Time: 01-03-2026 23:42 Color:



जहां तक मेरे संन्यास का प्रश्न है, मैं इसे दिन-ब-दिन, सीरीज-दर-सीरीज देख रहा हूं। मैं अभी ठीक कर रहा हूं और खेल का मजा ले रहा हूं। इसलिए मेरे लिए फिलहाल कोई आखिरी तारीख नहीं है। - स्टीव स्मिथ, बल्लेबाज, ऑस्ट्रेलिया



**61**

*अतिरिक्त रन खर्च किए थे इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1989 नॉटिंघम टेस्ट की पहली पारी में। यह एशेज की एक पारी में सर्वाधिक अतिरिक्त रन देने का रेकॉर्ड है।*

## स्पोर्ट्स QUIZ

**इस पेज पर छपी खबरों में ही हैं सवालों का जवाब!**

1. भारत और न्यूजीलैंड के बीच लिमिटेड ओवर सीरीज कब से शुरू होगी?
A) 12 जनवरी B) 10 जनवरी C) 11 जनवरी D) 9 जनवरी
2. हार्दिक पंड्या ने किस टीम के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में शतक जड़ा?
A) बड़ौदा B) विदर्भ C) मुंबई D) गुजरात

**कल के जवाब**
1. B) 87 2. C) नीदरलैंड्स

**लकी WINNER**



1. निविता गुप्ता, कन्हैया नगर, दिल्ली
2. अर्चना, गाजियाबाद, यूपी
3. अलका अग्रवाल, मलाड, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### ISL 15 फरवरी से!

■ **नई दिल्ली:** इंडियन सुपर लीग (ISL) के 2025-26 सीजन की शुरुआत की तारीख अगले हफ्ते घोषित की जाएगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने आपात बैठक के बाद बताया कि समन्वय समिति की रिपोर्ट स्वीकार कर ली गई है और लीग का आयोजन AIFF ही करेगा। सूत्रों के मुताबिक लीग 15 फरवरी से शुरू हो सकती है।

### पहला मैच भारत जीता

■ **नई दिल्ली:** हरवंश पंगालिया (93 रन), आरएस अंबरीष (65 रन) की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने साउथ अफ्रीका को DLS नियम के तहत यूथ वनडे सीरीज के पहले मैच में 25 रन से हरा दिया। पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 50 ओवर्स में 301 रन बनाए। जवाब में बिजली चमकने और बारिश के कारण मैच रुकने से पहले साउथ अफ्रीका ने 148/4 स्कोर बना लिया था।

### अनीश करेंगे अगुआई

■ **मुंबई:** टाटा मुंबई मैराथन में 18 जनवरी को मौजूदा चैंपियन अनीश थापा और निर्माबेन ठाकोर भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। गोल्ड लेबल रेस में 36 शीर्ष भारतीय ऐथलीट उतरेंगे। एलीट वर्ग में शीर्ष तीन को पांच, चार और तीन लाख रुपये मिलेंगे।

### कार्लोस हुए डिस्चार्ज

■ **साओ पाउलो:** ब्राजील और रियाल मैड्रिड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस को हार्ट सर्जरी के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। 52 वर्षीय कार्लोस को सोमवार को दिल की समस्या के चलते भर्ती कराया गया था।

न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज़ के लिए भारतीय टीम का हुआ ऐलान

# फिटनेस के सवालों के बीच लौटे श्रेयस, गिल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



शुभमान गिल (बाएं) ने वनडे टीम के कप्तान के रूप में की वापसी, श्रेयस अय्यर चोट के बाद दोबारा लौट रहे हैं

**चोट की** वजह से पिछले कुछ महीने टीम इंडिया की ओर से कुछ अहम मुकाबले नहीं खेल सके शुभमान गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज में वनडे कप्तान के रूप में वापसी करेंगे। 11 जनवरी से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए शनिवार को बीसीसीआई द्वारा घोषित टीम में श्रेयस अय्यर को उपकप्तान के तौर पर रखा गया है। हालांकि नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज के दौरान 'स्प्लीन' (तिल्ली) में चोट लगने के कारण अस्पताल में भर्ती हुए अय्यर को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) से फिटनेस मंजूरी पाने के लिए इस महीने विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी मैच फिटनेस साबित करनी होगी। अय्यर ने अक्टूबर 2025 के बाद से कोई भी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेली है। बीसीसीआई ने जारी बयान में कहा, 'श्रेयस अय्यर की उपलब्धता COE से फिट होने का प्रमाण मिलने पर निर्भर है।'

**हार्दिक की बोलिंग आड़े आई:** साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में नजरअंदाज किए गए सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है। सिराज ने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारत के लिए वनडे खेले थे। वह टेस्ट टीम के नियमित सदस्य रहे हैं और साथ ही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में हैदराबाद की ओर से भी खेल चुके हैं। हार्दिक पंड्या को आराम दिया गया है। स्टार ऑलराउंडर को COE से मैच में 10 ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति नहीं मिली इसलिए चयनकर्ताओं ने उन्हें 11 जनवरी से वडोदरा में शुरू होने वाली सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया। उन्होंने कहा, 'COE ने हार्दिक को एक मैच में 10 ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति नहीं दी है और आगामी ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप के मद्देनजर उनके कार्यभार को नियंत्रित किया जा रहा है।'

**विकेटकीपर की संख्या घटी:** ऋषभ पंत ने अटकलों के बावजूद टीम में दूसरे विकेटकीपर के रूप में अपनी जगह बरकरार रखी। पिछली सीरीज में तीसरे विकेटकीपर के रूप में टीम का हिस्सा रहे ध्रुव जुरेल भी टीम से बाहर हो गए। केएल राहुल एक बार फिर पहले विकेटकीपर के तौर पर टीम में मौजूद हैं। घरेलू सीरीज में दमदार प्रदर्शन के बूते टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने वाले ईशान किशन भी वनडे टीम में वापसी करने में नाकाम रहे। तेज गेंदबाजी आक्रमण में सिराज, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह शामिल हैं जबकि ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी चौथे विकल्प के रूप में मौजूद हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सुपरस्टार खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब सिर्फ वनडे प्रारूप में खेलते हैं और टीम में उनकी मौजूदगी से एक बार फिर तीनों स्टेडियम में भारी भीड़ जुटाने की उम्मीद है।

### गिल को अब हुई फूड पॉइजनिंग

गिल पिछले कुछ महीनों से चोटों और बीमारियों के कारण बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में वह अपनी पारी की सिर्फ तीन गेंदें ही खेल पाए थे कि उनकी गर्दन में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद उन्होंने पूरी सीरीज में हिस्सा नहीं लिया और गुवाहाटी में भारत की कमान ऋषभ पंत ने संभाली। इसके बाद पिछले महीने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के दौरान गिल के पैर के अंगूठे में चोट लग गई, और अंततः उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत की टीम में शामिल नहीं किया गया। दोबारा लय हासिल करने के लिए गिल शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी के मुकाबले में उतरने वाले थे, लेकिन फूड पॉइजनिंग के कारण वह सिक्किम के खिलाफ होने वाले मुकाबले से बाहर हो गए और मैदान पर उनकी वापसी टल गई है। गिल शुक्रवार दोपहर जयपुर पहुंच गए थे और उनसे पांचवें दौर के मैच में खेलने की उम्मीद थी। हालांकि, डॉक्टरों और टीम प्रबंधन से सलाह-मशविरा करने के बाद उन्हें आराम देने का फैसला लिया गया। अब गिल छह जनवरी को गोवा के खिलाफ छठे चरण के मुकाबले में खेलने की संभावना है।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम:** शुभमान गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान, फिटनेस मंजूरी के अधीन), वॉशिंगटन सुंदर, रविंद्र जाडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल।

### एक और सेंचुरियन हुआ टीम से बाहर

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

**साउथ अफ्रीका** के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज में 2-1 से जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम में तीन बदलाव हुए हैं। भारतीय टीम में शुभमान गिल, श्रेयस अय्यर, और सिराज ने तिलक वर्मा, ध्रुव जुरेल और रुतुराज गायकवाड़ की जगह ली। चौथे क्रम पर आजमाए गए रुतुराज ने अपनी पिछली वनडे इंटरनैशनल पारी में शतक जड़ा था, लेकिन वह भी टीम में अपनी जगह नहीं बचा सके। रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे में उन्होंने 105 रन बनाए थे जबकि सीरीज के तीसरे वनडे में उनकी बल्लेबाजी नहीं आई थी। विजय हजारे ट्रॉफी में भी रुतुराज ने एक शतक सहित कुछ अच्छी पारियां खेलीं, लेकिन चयनकर्ताओं को प्रभावित करने में वे नाकाम रहे।

## सिडनी में आज से होगी आखिरी भिड़ंत

■ **एजेंसियां, सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच आज से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (SCG) में एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। साल 2015 के बाद से एक भी एशेज सीरीज न जीतने वाली इंग्लैंड टीम से इस बार बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन मेहमान टीम उन पर खरा नहीं उतर सकी। इंग्लैंड शुरुआती तीन मैच ही 11 दिन में हारकर सीरीज गंवा बैठी। हालांकि, चौथा मैच जीतकर उन्होंने बताया कि उनमें अभी लड़ने की क्षमता बाकी है।

द एशेज

ऐसे में सीरीज का आखिरी मैच रोमांचक होने की आशंका जताई जा रही है। यह मैच ऑस्ट्रेलियन ओपनर उस्मान ख्वाजा का 'द लास्ट डांस' होगा। साल 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ SCG में डेब्यू करने वाले ख्वाजा ठीक इसी मैदान पर 15 साल बड़े करियर को अलविदा कहेंगे। ऐसे में 39 वर्षीय ख्वाजा जीत के साथ संन्यास लेना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया की नजर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) पॉइंट्स अर्जित करने पर भी होगी।



बैटिंग प्रैक्टिस करते उस्मान ख्वाजा

**संभावित प्लेइंग XI**

**ऑस्ट्रेलिया:** जेक वेदराल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, माइकल नेसर, मिचेल स्टार्क, टॉड मर्फी, स्कॉट बोलैंड

**इंग्लैंड:** जैक क्राउली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, ब्राइडन कार्स, मैथ्यू पॉट्स, जोश टंग

बोंडी बीच में हाल में हुई गोलीबारी की गंभीर घटना के बाद ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच रविवार से SCG में शुरू हो रहे टेस्ट के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## नीरज की वापसी का समय तय नहीं

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** पूर्व ओलिंपिक और वर्ल्ड चैंपियन जैवलिन थ्रो ऐथलीट नीरज चोपड़ा फिलहाल अपनी पीठ की चोट से पूरी तरह उबरने पर ध्यान दे रहे हैं और उन्होंने अभी यह तय नहीं किया है कि वह इस सीजन की शुरुआत कहां और कब करेंगे। ऐथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमरिवाला ने शनिवार को यह जानकारी दी।

**एएफआई ने दी जानकारी**



नीरज चोपड़ा

नीरज ने सितंबर 2025 में टोक्यो वर्ल्ड चैंपियनशिप में चोट के बावजूद हिस्सा लिया था और 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे थे। सुमरिवाला ने कहा कि नीरज को दो चोटें थीं और इस समय उनके लिए सबसे जरूरी चीज रिहैबिलिटेशन है, न कि सीजन ओपनर। उन्होंने नीरज के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि चोट के बावजूद उन्होंने कभी बहाना नहीं बनाया। सुमरिवाला ने यह भी स्पष्ट किया कि डोप टेस्टिंग के लिए ऐथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (AIU) की रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल सूची में नीरज और सचिन यादव ही शामिल हैं।

## वर्ल्ड कप के मैचों को लेकर ICC के पास जाएगा BCB!

■ **एजेंसियां, गुवाहाटी:** भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ते तनावों के बीच बांग्लादेशी पेसर मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के अगले सीजन से बाहर करने का फैसला किया गया, जिसके बाद दोनों देशों के बोर्डों के बीच तल्खी बढ़ने की उम्मीद है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने भारत में अपने प्लेयर्स की सुरक्षा को लेकर आशंका जताई है और मैचों के वेन्यू में बदलाव की मांग की है।

मुस्तफिजुर को KKR ने नीलामी में 9.20 करोड़ में खरीदा था। फ्रेंचाइजी ने मुस्तफिजुर को तुरंत रिलीज कर दिया है और अब इस प्लेयर के पास बदले में अन्य खिलाड़ी का चयन करने की उसके पास अनुमति होगी।

उधर, BCB के शीर्ष अधिकारी ने एक मीडिया रिपोर्ट में कहा कि BCCI के फैसले के बाद उनका बोर्ड भारत में वर्ल्ड कप मैच खेलने के मामले को ICC के सामने उठाएगा। BCB अधिकारी ने कहा, 'मैं मुस्तफिजुर को रिलीज करने के मुद्दे पर टिप्पणी नहीं कर सकता, क्योंकि यह उनका आंतरिक मामला है। लेकिन जहां तक वर्ल्ड कप में भाग लेने की बात है, यह ICC इवेंट है और सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद अंतिम फैसला ICC ही लेगी।'

**मुस्ताफिजुर IPL प्रकरण**



बांग्लादेश के पेसर मुस्ताफिजुर

**दौरे पर बोर्ड की चुप्पी**

भारत और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पिछले साल सीमित ओवरों की एक द्विपक्षीय सीरीज स्थगित कर दी थी। BCB ने शुक्रवार को घोषणा की कि यह सीरीज इस साल सितंबर में उसके देश में ही खेली जाएगी। BCCI ने हालांकि इस सीरीज के कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है। उसकी तरफ से फिलहाल कोई बयान नहीं आया है।

## बड़ौदा के लिए बरसा हार्दिक का बल्ला

■ **एजेंसियां, राजकोट:** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप-बी मैच में बड़ौदा की तरफ से विदर्भ के खिलाफ 93 गेंदों में 133 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने एक ओवर में लगातार पांच छक्के भी लगाए। उन्होंने अपनी पारी में कुल 11 छक्के और आठ चौके लगाए। प्रतियोगिता में अपना पहला मैच खेल रहे हार्दिक ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तूफानी पारी खेली। इस तरह से वह अपने 119वें मैच में लिस्ट-ए में अपना पहला शतक जमाने में सफल रहे।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

उनकी इस पारी की मदद से बड़ौदा ने नौ विकेट पर 293 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया, इसके बावजूद टीम जीत नहीं पाई। विदर्भ ने ओपनर अमन मोखाड़े के शानदार शतक (150* रन, 121 बॉल, 17 फोर, 4 सिक्स) की बदौलत सिर्फ एक विकेट पर 296 रन बनाकर नौ विकेट से एकतरफा जीत हासिल की। हार्दिक ने 44 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके बाद उन्होंने आतिशी अंदाज अपनाया। पारी के 39वें ओवर में हार्दिक तूफान लेकर आए। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ रेखाड़े के ओवर की शुरुआती 5 गेंदों पर 5 छक्के लगाए और आखिरी गेंद पर चौका लगाकर शतक पूरा किया।

**संजू, पडिक्कल ने जड़े शतक:** अहमदाबाद में हुए ग्रुप-ए मैच में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने केरल की तरफ से झारखंड के खिलाफ सेंचुरी जड़ी। झारखंड ने कुमार कुशाग्र की शतकीय पारी (143 रन, 137 बॉल, 8 फोर, 7 सिक्स) से 2 विकेट पर 311 रन बनाए थे, लेकिन संजू (101 रन, 95 बॉल, 9 फोर, 3 सिक्स) और कन्नन रोहन कुन्नुम्मल (124 रन, 78 बॉल, 8 फोर, 11 सिक्स) ने मैच को केरल के पक्ष में कर दिया। केरल ने 42.3 ओवर्स में 2 विकेट पर 313 रन बनाकर जीत हासिल की। दूसरी ओर, विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल की शानदार फॉर्म जारी रही। पडिक्कल ने अहमदाबाद में ही ग्रुप-ए मैच में त्रिपुरा के खिलाफ सेंचुरी जड़ी। उन्होंने 120 गेंदों में 8 फोर और 3 सिक्स समेत 108 रन बनाए। टूर्नामेंट में यह उनकी पांच मैचों में चौथी शतकीय पारी है।

**पंत चले, दिल्ली जीती:** ऋषभ पंत (67* रन, 37 बॉल) ने आखिरकार अपनी फॉर्म दिखाते हुए शनिवार को बेंगलुरु में हुए मैच में दिल्ली को सर्विसेज के खिलाफ जीत दिलाई। सर्विसेज के 42.5 ओवर्स में 178 रनों के जवाब में दिल्ली ने 19.4 ओवर्स में 2 विकेट पर 182 रन बनाकर आसान जीत हासिल की।



हार्दिक पंड्या

**श्रेयस छह जनवरी को को होंगे मैदान पर**

**मुंबई:** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पिछले साल अक्टूबर में लगी तिल्ली (स्प्लीन) की चोट से उबरने के बाद अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं। वह विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई और हिमाचल प्रदेश के बीच 6 जनवरी को होने वाले मैच में खेलेंगे। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच के दौरान अय्यर को चोट लगी थी। दूसरी ओर, भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव भी एक साल बाद मैदान में वापसी करने को लगभग तैयार हैं।

**13** लिस्ट-ए सेंचुरी बनाने के लिए सबसे कम 38 पारी खेलने का रेकॉर्ड देवदत्त ने अपने नाम किया

## अंतिम, सुजीत सबसे ज्यादा कीमत पाने वाले भारतीय

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता भारतीय रेसलर अंतिम पंघाल और एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले सुजीत कलकल प्रो रेसलिंग लीग की नीलामी में सबसे बड़ी बोली पाने वाले भारतीय रेसलर रहे। शनिवार को हुई नीलामी में सबसे बड़ी आकर्षण तोक्यो ओलिंपिक्स 2020 की गोल्ड मेडलिस्ट जापान की युई सुसाकी रहीं, जिन पर हरियाणा थंडर्स ने रेकॉर्ड 60 लाख की बोली लगाई। अंतिम को यूपी डॉमिनेटर ने नीलामी में 52 लाख रुपये की राशि देकर अपनी टीम में शामिल किया, जबकि सुजीत को दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने इतनी राशि में खरीदा। अंतिम 53 किलोग्राम वर्ग में कुश्ती करती हैं। वहीं, सुजीत 65 किलोग्राम भार वर्ग में लड़ते हैं। ओलिंपिक्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले अमन सहरावत को मुंबई टाइगर्स दंगल ने 51 लाख रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बनाया। पुरुष वर्ग में पोलैंड के रॉबर्ट बारन को महाराष्ट्र केसरी ने 55 लाख रुपये में अपने साथ किया, जो नीलामी में दूसरा सबसे बड़ी बोली रही।

**प्रो रेसलिंग लीग (PWL)**




रेसलर अंतिम पंघाल

## ड्रैगंस ने शूटआउट में मारी बाज़ी, तूफांस को दी मात

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** मेंस हॉकी इंडिया लीग (HIL) के उद्घाटन मुकाबले में तमिलनाडु ड्रैगंस ने हैदराबाद तूफांस को रोमांचक शूटआउट में 4-2 से हराकर बोनस अंक के साथ अभियान की शानदार शुरुआत की। निर्धारित समय में मुकाबला 3-3 से बराबरी पर छूटा। शूटआउट में ड्रैगंस के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने दो पेनल्टी बचाकर जीत की नींव रखी। ड्रैगंस के लिए उत्तम सिंह, थॉमस सोर्सबी और कार्ति सेल्वम ने गोल दागे। तूफांस की ओर से अमनदीप लाकड़ा ने दो जबकि आर्थर डी स्लोवर ने एक गोल किया। शूटआउट में सोहेल मोहम्मद के निर्णायक गोल ने ड्रैगंस को जीत और बोनस अंक दिलाया।

हॉकी इंडिया लीग



ड्रैगंस के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह

**पाइपर्स की चौथी जीत:** एसजी पाइपर्स ने दमदार वापसी करते हुए विमेंस हॉकी इंडिया लीग के मुकाबले में सूरमा हॉकी क्लब को 3-1 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पाइपर्स के चार मैच में 10 अंक हैं। यह पाइपर्स की लगातार चौथी जीत रही, जबकि सूरमा ने चौथा लगातार मैच गंवाया।

## पाकिस्तान और नामीबिया ने टूर्नामेंट के लिए टीम की तय

■ **एजेंसियां, दुबई:** पाकिस्तान ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय संभावित टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) को सौंप दी है, लेकिन अभी तक इसे सार्वजनिक नहीं किया है। वहीं नामीबिया क्रिकेट ने भी अपने टीम की घोषणा कर दी है। ICC ने इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए सभी टीमों से एक जनवरी तक अपनी संभावित टीम सौंपने के लिए कहा था। सभी टीमों को 31 जनवरी तक अपनी संभावित टीम में बदलाव करने की अनुमति है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान की संभावित टीम में चोटिल पेसर शाहीन शाह अफरीदी, पूर्व कप्तान बाबर आजम और ऑलराउंडर शादाब खान भी शामिल हैं।

**टी20 वर्ल्ड कप अपडेट**



बाबर आजम

**लगातार चौथा वर्ल्ड कप:** नामीबिया की 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी ऑलराउंडर गेरहार्ड इरास्मस करेंगे। नामीबिया लगातार चौथी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। उसे भारत, पाकिस्तान और यूएसए और नीदरलैंड्स के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है।

## लखनऊ दरबार

### 'मनरेगा बचाओ संग्राम' को गति देंगे कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** कांग्रेस वर्किंग कमिटी के निर्देश पर चल रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान को गति देने के लिए यूपी के सभी जिलों में सक्रिय कांग्रेसियों को कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की ओर से शनिवार को कोऑर्डिनेटरों की सूची जारी कर दी गई।

उन्होंने बताया कि यह कोऑर्डिनेटर जिला संगठन और जिलों के वरिष्ठ कांग्रेसियों के सहयोग से मनरेगा को लेकर चौपाल और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करवाएंगे। अजय राय ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कांग्रेस शासनकाल की केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के करोड़ों गरीब परिवारों की जीवन रेखा है। यह योजना भूख, बेरोजगारी और पलायन के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच है। मनरेगा योजना ने देश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं और भूमिहीन मजदूरों को सम्मान के साथ काम करने का अधिकार दिया है।

## साइबर अपराधियों पर अंकुश को यूपी पुलिस के 'साइबर कमांडो'

**आईआईटी कानपुर, रायपुर, मद्रास और आरआरयू के एक्सपर्ट से ली ट्रेनिंग**

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार ने साइबर कमांडो की विशेष टीम तैयार की है। इन्हें एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर देश के विभिन्न उच्च संस्थानों के एक्सपर्ट द्वारा साइबर अपराध और ठगी को रोकने के लिए ट्रेनिंग दी गई है। साथ ही साइबर कमांडो को हाईटेक टेक्नॉलजी और टूल्स से लैस किया गया है, ताकि साइबर ठगों के नेक्सस को पूरी तरह से ध्वस्त किया जा सके।

साइबर अपराध और सीआईडी डीजी बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप अत्याधुनिक तकनीक से लैस करते हुए 'साइबर कमांडो' की विशेष टीम तैयार की गई है। इस टीम में 15 पुलिसकर्मी शामिल हैं। ये साइबर कमांडो न केवल साइबर ठगी और डिजिटल अपराधों पर लगाम लगाएंगे, बल्कि आम नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध करवाने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। इन 15 साइबर कमांडो को तैयार करने में देश के प्रतिष्ठित तकनीकी और सुरक्षा संस्थानों की विशेषज्ञता ली गई है। इन्हें आईआईटी कानपुर, नया रायपुर, मद्रास और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU), गुजरात के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (NFSU), गुजरात व नई दिल्ली से साइबर फॉरेंसिक, डिजिटल ट्रेसिंग और ऑनलाइन अपराध की जांच से जुड़ी आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया है।



**पुलिसकर्मियों को दे रहे प्रशिक्षण:** डीजी ने बताया कि पहले चरण में 15 चयनित पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। ये सभी तकनीकी दक्षता, विश्लेषण क्षमता और फील्ड अनुभव के आधार पर चुने गए हैं। यह कमांडो आने वाले समय में जिला और थाने स्तर के पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे, जिससे प्रदेश भर में साइबर अपराध से निपटने की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद साइबर कमांडो को पुलिस जोन और मुख्यालय स्तर पर तैनात किया गया है। इसका उद्देश्य साइबर अपराध की सूचना मिलते ही त्वरित और तकनीकी रूप से सक्षम कार्रवाई की जा सके। ये कमांडो साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, ऑनलाइन साइबर हमलों, सोशल मीडिया अपराध, डेटा चोरी, फिशिंग और डिजिटल ब्लैकमेलिंग जैसे मामलों में विशेष भूमिका निभाएंगे।

### बकाया बिल चुकाने के लिए नगर निगमों को मिले ₹16 करोड़

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यूपी में बिजली के बड़े बकाएदार नगर निगमों को बिल भुगतान के लिए करीब 16 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट मंजूर कर लिया है। इसके साथ ही चार नगर निगमों के पुराने और नए बने सॉलिड ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) के साथ ही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स के संचालन के लिए भी 69 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक अनुज झा की तरफ से इसे लेकर पत्र जारी किया गया है। इसके मुताबिक बिजली बिल बकाया भुगतान करने के लिए लखनऊ नगर निगम को 6.36 करोड़, आगरा नगर निगम को 1.98 करोड़ और गाजियाबाद नगर निगम को 7.91 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा लखनऊ, आगरा, गाजियाबाद और गोरखपुर नगर निगमों को करीब 69 करोड़ रुपये मंजूर किया गया है। निदेशक अनुज झा के मुताबिक इन तीनों मदों के लिए 85 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जिसमें से करीब 70 करोड़ रुपये जारी भी कर दिए गए हैं।

## अब बूथों पर प्रवास करेंगे भाजपा पदाधिकारी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** विशेष मतदाता पुनरीक्षण (SIR) के दूसरे चरण में नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए भाजपा पदाधिकारी अब बूथों पर प्रवास करेंगे। प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक के सक्रिय पदाधिकारियों को यह जिम्मेदारी दी गई है। उनको निर्देश दिए गए हैं कि वे तय बूथों पर जाएं। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करें और युवाओं को जोड़ें।

अब SIR का दूसरा चरण चल रहा है। इसमें ऐसे मतदाताओं को जोड़ा जाना है जो अब तक वोटर नहीं हैं। पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं पर भाजपा की खास नजर है। मुख्यमंत्री ने भी SIR में पिछड़ने पर पिछले दिनों चिंता जताई थी और कहा था कि दूसरा चरण अभी बाकी है। उसमें नये वोटरों से सम्पर्क करें और उनका नाम जुड़वाएं। हाल ही में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में भी इस पर मंथन किया गया था। इसके बाद

नए मतदाताओं को जोड़ने की मुहिम, प्रदेश से लेकर मंडल तक सक्रिय कार्यकर्ताओं को जुटाया

प्रदेश नेतृत्व ने तय किया है कि प्रदेश से लेकर जिला और मंडल तक सक्रिय सक्रिय कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी दी जाए।

प्रदेश नेतृत्व ने ऐसे सक्रिय कार्यकर्ताओं की करवाई है जो रुचि के साथ इस काम को करें। प्रदेश स्तर से पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दे दी गई कि वे भी कुछ बूथों तक जरूर जाएं। वहां प्रवास करें और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से समन्वय करके उनको प्रेरित करें। वहीं जिला और प्रदेश स्तर के कार्यकर्ताओं को भी बूथों पर प्रवास की जिम्मेदारी दी गई है। वे बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करने के साथ ही वे घर-घर संपर्क भी करेंगे। बूथ पर समय देंगे और नये वोटरों को जोड़ने में सहयोग करेंगे।

### आप मीरजापुर से सारनाथ तक निकालेगी पदयात्रा

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी अपने तीसरे चरण की 'रोजगार दो-सामाजिक न्याय दो' पदयात्रा की 16 जनवरी को मीरजापुर के शहीद उद्यान से शुरू करेगी, जिसका समापन 22 जनवरी 2026 को वाराणसी के सारनाथ में होगा। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के सांसद और यूपी प्रभारी संजय सिंह ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लखनऊ में दी।



संजय सिंह

उन्होंने कहा कि करीब सौ किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं को नौकरी, वंचित वर्गों को संवैधानिक न्याय और सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह बनाना है। संजय सिंह ने कहा कि यात्रा से जुड़ने के लिए 7500040004 पर मिस्ड कॉल या मोबाइल नंबर 8588841358 पर कॉल कर सकते हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: cci Time: 01-04-2026 00:26 Color:



कराकास में शनिवार को राष्ट्रपति भवन के पास वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के सशस्त्र समर्थक जमा हो गए।

NBT
Front Page-2
कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित)। रविवार, 4 जनवरी 2026 > पेज 12

## फटाफट खबरें

### उमर की जमानत अर्जी पर फैसला कल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट सोमवार को दिल्ली दंगों के कथित षड्यंत्र के आरोपित उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद की जमानत अर्जी पर फैसला सुनाएगा। सभी 5 वर्षों से भी अधिक समय से हिरासत में हैं।

### 20 माओवादियों का तेलंगाना में सरेंडर

■ भाषा, हैदराबाद : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी संगठन के सैनिक कमांडर बड़से सुक्का उर्फ देवा ने 19 अन्य माओवादियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। बड़से पर 75 लाख का इनाम था। उसकी 2013 के झीरम घाटी हमले में अहम भूमिका थी जिसमें छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री महेंद्र कर्मा समेत कई कांग्रेस नेताओं की मौत हुई थी।

### सबूतों से छेड़छाड़ में MLA को सजा

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम : केरल के तिरुवनंतपुरम की एक अदालत ने शनिवार को पूर्व परिवहन मंत्री एंटनी राजू और कोर्ट के एक क्लर्क को तीन साल की सजा सुनाई। दोनों को 1990 में दर्ज मादक पदार्थ जब्ती के एक मामले में सबूतों से छेड़छाड़ का दोषी पाया गया। राजू, वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (LDF) के घटक दल जनाधिपत्य केरल कांग्रेस के मौजूदा विधायक हैं।

### बिहार: बुजुर्गों को घर पर मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं

■ भाषा, पटना: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य के बुजुर्गों को उनके घर पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एक नयी योजना शुरू करने की घोषणा की। यह योजना नीतीश कुमार सरकार की 'सात निश्चय' पहल के तहत आती है।

### TMC नेता मौसम नूर कांग्रेस में शामिल

■ भाषा, नई दिल्ली: पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य मौसम नूर शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। वह पहले भी कांग्रेस में रह चुकी हैं। वह 2009 से 2019 तक कांग्रेस पार्टी से मालदा से दो बार लोकसभा सदस्य रही हैं।

# US ने वेनेज़ुएला पर क्यों किया हमला?

अमेरिका ने शनिवार तड़के वेनेजुएला पर हमला कर दिया। उसने दावा किया कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर देश से बाहर ले जाया गया है। यह कदम साउथ अमेरिकी देश पर अमेरिका की पिछले कई महीनों से चल रही दबाव नीति में इजाफा माना जा रहा है। दूसरी ओर, वेनेजुएला ने अमेरिका पर आरोप लगाए गए हैं कि वह आम लोगों और सैन्य ठिकानों पर हमले कर रही है। उसने इसे साम्राज्यवादी हमला करार दिया। आइए जानते हैं पूरे हालात के बारे में:

NBT Explainer



**Q हमले के पीछे क्या है वजह?**
ट्रंप प्रशासन की ओर से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर करीब 5 महीने से बढ़ते दबाव के बाद हमला किया गया। अमेरिका ने मादुरो पर नार्को-आतंकवाद के आरोप लगाए हैं। अगस्त से ही अमेरिका ने वेनेजुएला के तटीय तट के पास बड़ा सैन्य जमावड़ा शुरू किया, जिसमें एयरक्राफ्ट कैरियर, युद्धपोत और अत्याधुनिक लड़ाकू विमान शामिल थे। इसे इस क्षेत्र में कई दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य मौजूदगी बताया जा रहा है। सितंबर की शुरुआत से अमेरिकी सेना कैरेबियन सागर और पूर्वी प्रशांत में इन नौकाओं पर हमले कर रही है, जिनके बारे में उसका दावा है कि वे नशीले पदार्थ ले जा रही थीं। शुक्रवार तक अमेरिकी आंकड़ों के अनुसार 35 नौकाओं पर हमले हुए और 115 लोग मारे गए। डॉनल्ड ट्रंप ने इन कार्रवाइयों को अमेरिका में ड्रग्स की आपूर्ति रोकने के लिए जरूरी बताया और कहा कि वॉशिंगटन ड्रग कार्टेल्स के साथ सशस्त्र संघर्ष कर रहा है।

**Q वेनेजुएला ने क्या आरोप लगाया?**
वेनेजुएला ने अमेरिका के कथित सैन्य आक्रमण को खारिज करते हुए उस पर देश के तेल और खनिज संसाधनों पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाया। सरकार ने कहा कि अमेरिका इन संसाधनों को हासिल करने में कामयाब नहीं होगा और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए निंदा करने की अपील की। मादुरो ने इस हफ्ते प्रसारित एक पहले से रिकॉर्ड इंटरव्यू में यह भी कहा कि अमेरिका सत्ता परिवर्तन चाहता है और वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रहा है।

**Q वेनेजुएला में आखिर क्या हुआ?**
शनिवार तड़के वेनेजुएला की राजधानी कराकास में सात धमाकों की आवाज सुनी गई। नीची उड़ान भरते विमान राजधानी के ऊपर से गुजरे। शहर के कुछ हिस्सों में काला धुआं उठता दिखा। करीब 90 मिनट तक धमाकों की आवाज और आसमान में विमान दिखाई देते रहे। कराकास में एक सैन्य ठिकाने के हैंगर से धुआं उठता देखा गया। दूसरे सैन्य ठिकाने की बिजली गुल हो गई। बाद में शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके बावजूद कई इलाकों में सामान्य ट्रैफिक चलता रहा।



**Q अमेरिका ने क्या कहा?**
अमेरिका की फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) ने वेनेज्वेला के एयरस्पेस और पास के कुराकाओ के ऊपर अमेरिकी कमर्शल और प्राइवेट फ्लाइट्स पर रोक लगा दी है। US प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप के ऐलान के बावजूद, व्हाइट हाउस या पेंटागन की ओर से तुरंत कोई डिटेल जानकारी नहीं दी गई। वेनेज्वेला में अमेरिकी दूतावास (जो 2019 से बंद है) की वेबसाइट ने भी कराकास और आसपास धमाकों की खबरों के बाद अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर ही रहने की चेतावनी जारी की।


**Q वेनेजुएला का भविष्य क्या होगा?**
हमले और ट्रंप का यह दावा कि निकोलस मादुरो को पकड़ लिया गया है, वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका के अभियान में अब तक का सबसे बड़ा टकराव माना जा रहा है। हालांकि कई अहम सवाल अब भी बने हुए हैं- कराकास में इस समय सत्ता किसके हाथ में है? नुकसान और हताहतों की क्या स्थिति है और क्या आगे और सैन्य कार्रवाई होगी? वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो की ओर से तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।




## पूरी दुनिया पर पड़ेगा प्रभाव

# तेल की कीमतें बढ़ेंगी, भारत से ट्रेड पर असर

### दुनिया के टॉप तेल भंडार वाले देश




**7 धमाके** हुए वेनेजुएला की राजधानी कराकास में शनिवार सुबह

**इसके बाद** लोग सड़कों पर आए। 30 मिनट तक हमला चला।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वेनेजुएला पर** अमेरिकी कार्रवाई और उसके प्रभाव को दुनिया गौर से देख रही है। जियो पॉलिटिकल हालात लगातार अस्थिर बने हुए हैं। लैटिन अमेरिकी देश पर हुए हमले का असर भारत समेत पूरी दुनिया पर पड़ेगा।

वेनिज्वेला में फिलहाल राजनीतिक नेतृत्व को लेकर असमंजस है। अब देश के अंदरूनी हालात कैसे होंगे इसे लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से कच्चे तेल को लेकर अमेरिकी असहजता का निशाना बने और एक्स्ट्रा भारी भरकम टैरिफ का शिकार बने भारत के लिए वेनिज्वेला का हालिया संकट परेशानी का सबब बन सकता है।

**तेल की खरीद पर पड़ेगा असर:** कच्चे तेल के भंडार की धरती वेनिज्वेला से दुनिया के कई देशों की तरह भारत भी तेल आयात करता रहा है। हालांकि बीते एक दशक में इस स्थिति में खासा बदलाव आया है। साल 2013 में भारत के कुल तेल आयात में वेनिज्वेला की भागीदारी 10% थी। हालांकि साल 2019 में घटकर 5.9% और साल 2020 में यह केवल 3.6% ही रह गई। साल 2024 में वेनिज्वेला ने एक बार फिर भारतीय बाजार में जगह बनाई। बीते साल यह भारत का 10वां सबसे बड़ा तेल आयातक बनकर सामने आया। भारत ने उससे करीब 22 मिलियन बैरल कच्चा तेल खरीदा। मगर, अमेरिका की ओर से टैरिफ ऐलान के बाद यह कम हुआ है।

**कच्चे तेल की कीमतें दुनिया भर के लिए बढ़ सकती हैं:** वेनिज्वेला ने 2025 में दुनिया की तेल सप्लाई का एक फीसदी हिस्सा यानी 900,000 बैरल तेल हर दिन प्रोड्यूस किया। ऐसे में अगर वेनिज्वेला की तेल सप्लाई पर संकट आया तो, कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा होना तय है। ये ऐसे देशों के लिए और मुश्किलें लाएगा, जो अपनी खपत का ज्यादातर हिस्सा तेल बाहर से खरीदते हैं। उनमें भारत का नाम भी शामिल है, जो पहले से ही रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिकी टैरिफ झेल रहा है। भारत और वेनेजुएला के बीच रिश्ते गहरे हैं। भारत ने हाल ही में 2.7 टन जीवन रक्षक वैक्सीन वहां भेजी है। भारत वहां फर्मास्यूटिकल्स उत्पाद, मशीनरी और कपड़ों का निर्यात करता है। हाल ही में दोनों देशों के बीच डिजिटल सहयोग पर एमओयू पर हस्ताक्षर भी हुए हैं।

## क्या कहते हैं अंतरराष्ट्रीय मामलों के एक्सपर्ट्स

### अगर अमेरिका मिशन में सफल होता है तो...

फिलहाल वेनेजुएला के हालात देखकर लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की कार्रवाई का जनमानस में विरोध नहीं दिख रहा। अमेरिका ने ऐसे देश पर कार्रवाई की है जो कच्चे तेल से समृद्ध और भरपूर माना जाता है। ऐसे में बाद में अमेरिका तेल की कीमतों पर प्रभाव डाल सकता है। वह तेल की मूवमेंट और कीमतें इस तरह तय कर सकता है जिससे चीन को नुकसान हो। भारत जैसे देशों पर भी असर पड़ सकता है। हालांकि वेनेजुएला के तेल संसाधनों पर यूएस का कब्जा इतना आसान और जल्द नहीं होगा, इसमें कुछ साल लग सकते हैं।




राजीव डोगरा

### अगर वह इसमें कामयाब नहीं हो पाता है तब...

रूस के प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका से कहा था कि वह वेनेजुएला से दूर रहे, वरना वहां वह फंस जाएगा। हालांकि मुझे इसकी संभावना कम लगती है लेकिन अगर ऐसी स्थिति आती है तो इसमें आगे कई तरह की संभावनाएं देखने को मिल सकती हैं। रूस और चीन अपनी आक्रामकता दिखा सकते हैं। मगर, ऐसा लगता नहीं कि अमेरिका इस कार्रवाई में नाकाम हुआ है। ऐसा लगता है कि इस कार्रवाई के बाद पूरे साउथ अमेरिका के देश घबरा जाएंगे। ऐक्शन के पहले से ही राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ रहे इन देशों के संबंध अमेरिका के साथ और खराब हो जाएंगे।

### 'अब बढ़ेगा अमेरिका दबदबा और संघर्ष...'

वेनेजुएला के साथ हमारे आर्थिक संबंध सीमित हैं, साल 2024-2025 में निर्यात 200 मिलियन डॉलर का था। क्रूड ऑयल का आयात भी मार्च में ट्रंप की ओर से वेनेजुएला के तेल पर टैरिफ लगाए जाने के बाद कम हो गया था। अमेरिकी दबदबा और बढ़ेगा। इसके बाद वैश्विक अस्थिरता, संघर्ष और तनाव बढ़ेंगे। दुनिया के कई देशों में परमाणु हथियारों को लेने की होड़ बढ़ेगी। इससे वैश्विक व्यापार, सप्लाई चेन और सहयोग पर असर पड़ेगा।



योगेश गुप्ता

### कूटनीतिक पसोपेश भी

*इस अप्रत्याशित घटनाक्रम को लेकर रूस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। रूसी बयान में इसे सशस्त्र आक्रामकता करार दिया गया है। वहीं चीन वेनेजुएला को अपना सबसे मजबूत ऊर्जा साझेदार मानता है। ऐसे में आशंका है कि अगर चीन और रूस भी इस तरह प्रत्यक्ष तौर पर इस घटनाक्रम में शामिल हो गए, तो यह स्थिति काबू से बाहर हो सकती है। उस वक्त भारत भी कूटनीतिक पसोपेश की स्थिति से दो-चार जरूर होगा।*

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 वेनेजुएला की राजधानी का नाम क्या है??
A. कराकास B. सैंट टियागो C. बारबाडोस

2 बांग्लादेशी प्लेयर मुस्ताफिजुर रहमान को IPL की किस फ्रेंचाइजी ने रिलीज किया है?
A. DC B. MI C. KKR

3 तृणमूल कांग्रेस की कौन-सी नेता कांग्रेस में शामिल हुईं?
A. काकोली घोष दस्तीदार B. मौसम नूर C. महुआ मोइत्रा

4 किस राज्य ने निकाय चुनावों में दो बच्चों वाले नियम पर बिल पास किया है?
A. कर्नाटक B. गोवा C. तेलंगाना

5 बुजुर्गों के लिए डोरस्टेप हेल्थ सर्विस की घोषणा कहां हुई है?
A. उत्तराखंड B. बिहार C. त्रिपुरा

### कल के जवाब

A1 A. रियाल A2 C. भीलेका A3 A. निकोबार A4 B. लाउडो A5 C. xAI

### लकी विनर्स



1. बिट्टू महावर, रोहिणी, दिल्ली
2. किरण पांडे, दिल्ली
3. वारिस अली खान, लखनऊ

### ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# ईरान के सबसे बड़े नेता ने कहा, दंगाइयों पर सख्ती होगी




ईरान में आंदोलन के समर्थन में लंदन में शनिवार को रैली निकाली गई।

■ एपी, दुबई

**ईरान के** सर्वोच्च नेता ने शनिवार को देश में अशांति उत्पन्न करने वाले विरोध प्रदर्शनों पर कहा कि दंगाइयों पर सख्ती करनी होगी। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की ये टिप्पणियां एक हफ्ते से जारी प्रदर्शनों के प्रति अधिकारियों को अधिक आक्रामक रुख अपनाने की अनुमति देने का संकेत लगती है। उन्होंने ईरान के गिरते रियाल के लिए भी दुश्मन को दोषी ठहराया। ईरान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के कारण भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में 10 लोगों की मौत हो चुकी हैं। ऐसे में 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की यह पहली टिप्पणी सामने आई है। शनिवार को दो और मौतें दर्ज की गई और हिंसा का एक नया स्तर देखने को मिला।

**रियाल में गिरावट के लिए दुश्मन देश को दोषी बताया**

विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला थमता नहीं दिख रहा है और ऐसा अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा शुक्रवार को ईरान को दी गई चेतावनी के बाद हो रहा है। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर तेहरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हिंसक हत्या करता है तो अमेरिका उनकी मदद के लिए आगे आएगा। हालांकि, यह अभी साफ नहीं है कि ट्रंप हस्तक्षेप करेंगे या नहीं, यदि करेंगे तो कैसे करेंगे। यह 2022 के बाद से ईरान का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन है।

तेहरान में एक सभा के दौरान दिए गए खामेनेई के इन बयानों को सरकारी टीवी पर प्रसारित किया गया जिनमें उन्होंने रियाल की गिरती कीमत से नाराज प्रदर्शनकारी ईरानियों की चिंताओं को दंगाइयों से अलग करने की कोशिश की।

## अमेरिका ने चिप सौदे को रद्द किया

■ एपी, वाशिंगटन: राष्ट्रपति ट्रंप ने 29 लाख अमेरिकी डॉलर के कंप्यूटर चिप सौदे को रद्द करने का आदेश देते हुए कहा कि अगर वर्तमान मालिक 'हाइफो कॉर्प' टेक्नॉलजी पर नियंत्रण बनाए रखता है तो यह अमेरिकी सुरक्षा हितों के लिए खतरा बन सकता है।

इस आदेश ने एक ऐसे व्यापारिक सौदे पर ध्यान केंद्रित किया, जो मई 2024 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन काल के दौरान घोषित किया गया था। सौदे में एयरोस्पेस और रक्षा विशेषज्ञ एमकोर कॉर्प ने अपने कंप्यूटर चिप और वेफर निर्माण कार्यों को हाइफो को बेच दिया था। ट्रंप अब 'हाइफो' से मांग कर रहे हैं कि वह 180 दिनों के भीतर अपनी हिस्सेदारी समाप्त कर दे।

# इंदौर के DM बोले, 6 की मौत, 34 ICU में

■ भाषा, इंदौर: देश के सबसे साफ शहर माने जाने वाले इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में गंदा पानी पीने की वजह से उल्टी-दस्त होने से कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है।

डीएम शिवम वर्मा ने शनिवार को इसकी पुष्टि की है। फिलहाल शहर के 41 अस्पतालों में कुल 203 मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें से 34 लोगों को आईसीयू में रखा गया है और उनकी हालत को देखते हुए इलाज पर खास ध्यान दिया जा रहा है। इससे पहले इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को कहा था कि उन्हें 10 मरीजों की मौत की जानकारी मिली है।

### 45 कांग्रेसी अरेस्ट

इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में कांग्रेस के 45 नेताओं को पुलिस ने शनिवार को एहतियातन गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस नेता कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे थे तभी बीजेपी के कार्यकर्ता वहां जमा हो गए। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के दल को काले झंडे दिखाए। जवाब में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी नारेबाजी शुरू कर दी। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

# कांग्रेस का मनरेगा पर संग्राम 10 से, BJP करेगी जागरूक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** 10 जनवरी से 25 फरवरी के बीच देशव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की घोषणा की है। पार्टी ने वीबी-ग्राम-जी कानून को वापस लेने, मनरेगा को अधिकार आधारित कानून के तौर पर बहाल करने की मांग भी दोहराई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को कांग्रेस के देशव्यापी तीन चरणों के आंदोलन के कार्यक्रम की जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने कहा कि रोजगार अब अधिकार नहीं रहा, बल्कि यह सरकार की मर्जी पर निर्भर हो जाएगा। पहले, ग्राम सभाएं और पंचायतें स्थानीय जरूरतों के हिसाब से योजना बनाती थीं। अब निर्णय लेने की पूरी शक्ति दिल्ली के पास केंद्रित हो जाएगी।

### पंजाब में 'जी राम जी' पर अभियान 7 से

■ भाषा, चंडीगढ़: बीजेपी की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी 7 जनवरी से 'वीबी-जी राम जी' अधिनियम के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू करेगी। शुरुआत फाजिल्का से होगी।


## तेलंगाना में 2 से ज्यादा बच्चे वाले लड़ सकेंगे निकाय चुनाव

■ भाषा, हैदराबाद : तेलंगाना विधानसभा ने स्थानीय निकाय चुनाव के लिए दो बच्चों के नियम को खत्म करने वाला बिल शनिवार को पारित कर दिया। इस नियम के तहत दो से अधिक बच्चों वाले शख्स स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो जाते थे।

पंचायत राज मंत्री दानसारी अनुसूया सीतक्का ने तेलंगाना पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश करते हुए कहा कि दो बच्चों का नियम 1994 में जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए लागू किया गया था ताकि फूड सिक्योरिटी, बेरोजगारी और गरीबी की चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

## NBT AI टाइम मशीन

# आज हुई थी बुर्ज खलीफा की शुरुआत



**₹5600** करोड़ के आसपास हर साल टिकटों से कमाई

**2 करोड़** के करीब इंटरनेशनल टूरिस्ट्स दुबई आए 2024-2025 में

**10 लाख** लोग न्यू ईयर जैसे विशेष मौकों पर केवल बुर्ज खलीफा के पास इकट्ठा होते हैं

**48%** टूरिस्ट्स बुर्ज खलीफा के At the Top ऑब्जर्वेशन डेक पर जरूर जाते हैं


**2,717** फीट बुर्ज खलीफा की कुल ऊंचाई

**2,191** दिन का समय लगा था इसको बनाने में

**2.2 करोड़** बार खोजा जाता है हर साल गूगल पर बुर्ज खलीफा को। यह दुनिया का सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली इमारत

आज ही के दिन 2010 में दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा की शुरुआत हुई थी। यह UAE में मौजूद शहर दुबई में है। इसे बनाने में लगभग 6 साल लगे। इसकी कुल लागत 1.5 बिलियन डॉलर यानी करीब 12,500 करोड़ रुपये आई थी। 828 मीटर (2717) ऊंची इस इमारत में 163 मंजिलें हैं। इस बुर्ज को बनाने में हर दिन 12,000 से ज्यादा मजदूरों ने काम किया। यह आज भी इंसान की बनाई दुनिया की सबसे ऊंची और मशहूर संरचना है। शुरुआत में इसका नाम 'बुर्ज दुबई' रखा गया था। उद्घाटन के समय इसका नाम बदलकर 'बुर्ज खलीफा' कर दिया गया। इसे बनाने की स्पीड इतनी तेज थी कि कभी-कभी हर हफ्ते 2 नई मंजिलें तैयार हो जाती थीं। इसमें इतना कंक्रीट लगा है, जिसका वजन 1,00,000 हाथियों के बराबर है। इमारत के बाहरी हिस्से में 26,000 से ज्यादा कांच के पैनल लगे हैं, जिन्हें साफ करने में ही 3 महीने का समय लग जाता है।

## भविष्य में बिल्डिंग्स होंगी वर्टिकल सिटी



ChatGPT के अनुसार, भविष्य में इमारतें 2 से 3 किलोमीटर तक ऊंची वर्टिकल सिटी की तरह होंगी। ये ग्रफीन यानी कार्बन एटम और सेल्फ हीलिंग कंक्रीट से बनी बेहद मजबूत होंगी। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर आधारित अल्ट्रा-स्मार्ट बिल्डिंग्स खुद सोचेंगी, सीखेंगी और मौसम के हिसाब से खुद को ढाल लेंगी। घर, दफ्तर, स्कूल, खेल के मैदान, अस्पताल और खेत एक ही ढांचे में होंगे। समुद्र में तैरती इमारतें होंगी, रेगिस्तान और बर्फीले इलाकों में स्मार्ट कॉलोनी बसेगी।

**बहुत ही मजबूत:** भूकंप, तूफान, बाढ़, आग सबके लिए ऑटो-रिस्पॉन्स सिस्टम होगा। इनकी उम्र 300-500 साल तक होगी। साथ ही कम रखरखाव की जरूरत होगी।

**अल्ट्रा-स्मार्ट:** इमारतें सोचेंगी और सीखेंगी, रहने वालों की आदतों के अनुसार खुद बदलेंगी। AI तापमान, रोशनी, हवा, सुरक्षा सब संभालेगा। चेहरे/आवाज से एंट्री, चाबी की जरूरत नहीं होगी। अंदर ही हॉस्पिटल, स्कूल, फार्म, पार्क, शॉपिंग, ऑफिस होंगे। पानी-हवा खुद साफ करने की क्षमता भी होगी।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचे जज, HC के आदेश पर रोक

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ओर से की गई प्रतिकूल टिप्पणियों के खिलाफ एक जज ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने 19 दिसंबर को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें एक सेशन जज के खिलाफ खराब टिप्पणियां की गई थीं और मामले में नोटिस जारी किया है।



दरअसल मई 2023 में एक शख्स के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। सेशन जज ने उपलब्ध सामग्री और सबूतों के आधार पर आरोपित को दोषी करार दिया था। हाई कोर्ट में अपील दायर करने पर आरोपित को बरी कर दिया गया और साथ ही अलग आदेश में निचली अदालत के जज की क्षमता पर सवाल उठाते हुए प्रतिकूल टिप्पणियां कीं। यह भी निर्देश दिया गया कि मामले को चीफ जस्टिस के सामने रखा जाए ताकि यह तय किया जा सके कि संबंधित जज को ट्रेनिंग के लिए भेजा जाए या नहीं।

## भगवान बुद्ध से जुड़ी प्रदर्शनी की शुरुआत, PM मोदी बोले- लौटी देश की विरासत



■ प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को दिल्ली के राय पिथौरा किले में गौतम बुद्ध से जुड़े पिपरहवा अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा, अवशेष देश की वंदनीय विरासत का अटूट हिस्सा है।

■ प्रदर्शनी में पहली बार भगवान बुद्ध की अस्थियां और उनके परिवार के चढ़ाए बेशकीमती रत्न (सोना, पुखराज, मूंगा आदि) एक ही जगह रखे गए हैं। पहले ये अलग-अलग म्यूजियम में थे।

## फटाफट खबरें

### अयोध्या के खान निरीक्षक निलंबित

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** खनन निदेशक माला श्रीवास्तव ने अयोध्या में तैनात खान निरीक्षक पाठक चंद्रशेखर रामानुज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है। खान निरीक्षक पर अपने दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही और उदासीनता बरतने का आरोप था। खनन निदेशक ने बताया कि अयोध्या के खान निरीक्षक पाठक अपने जिले में खनन के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण में भी असफल थे। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को अवैध खनन और अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री से मिले सीआईआई के प्रतिनिधि

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सीएम के साथ मुलाकात के दौरान सीआईआई के अध्यक्ष राजीव मेमानी, उमाशंकर भरतिया, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, इंडिया ग्लाइकोल व सुनील मिश्रा ने निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर



और औद्योगिक विस्तार को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश का सिस्टम और गवर्नेंस मॉडल पूरी तरह बदला है। अब जमीन पर काम करना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हुआ है और परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने के विजन में उद्यमी सहयोग करना चाह रहे हैं।

### संवरेगा गोरखपुर का पार्क, मेरठ में बनेगी पार्किंग

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यूपी के स्मार्ट सिटी मिशन के तहत गोरखपुर का लाल डिग्गी पार्क संवरेगा। इसके साथ ही मेरठ में मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा होगा। इन दोनों प्रोजेक्ट्स के लिए स्मार्ट सिटी मिशन से बजट जारी कर दिया गया।
नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक अनुज झा की तरफ से जारी पत्र के मुताबिक गोरखपुर नगर निगम में लाल डिग्गी पार्क में सुंदरीकरण के लिए 9 करोड़ 15 लाख रुपये मंजूर किया गया है। इस बजट से पार्क में ग्रीन बेल्ट विकसित करने के साथ ही झील सुंदरीकरण और पाथ-वे समेत कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। वहीं, मेरठ के मल्टीलेवल पार्किंग के लिए 11 करोड़ 33 लाख रुपये की प्रशासकीय मंजूरी दे दी गई है। यह पार्किंग बनने से ट्रैफिक समस्या का समाधान होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बुंदेलखंड, पूर्वी-पश्चिमी यूपी में सिंचाई व्यवस्था को 6431 करोड़

## नाबार्ड से मिली सहायता से एक करोड़ से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**बुंदेलखंड में अर्जुन नहर, पूर्वांचल के लिए सरयू नहर और पश्चिमी यूपी में मध्यगंगा परियोजना चरण-2 का होगा निर्माण**



प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए नहरों से आसानी से पानी मिल सके, इसके लिए नाबार्ड ने तीन प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के लिए 6431.34 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। अब बुंदेलखंड में अर्जुन सहायक नहर, पूर्वांचल में सरयू नहर और संभल, मुरादाबाद, अमरोहा जिले में मध्य गंगा नहर परियोजना के दूसरे चरण का निर्माण किया जाएगा। ये परियोजनाएं पूर्वी, पश्चिमी यूपी में बाढ़ नियंत्रण के साथ बुंदेलखंड के सूखा प्रभावित क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का विकास करने के साथ कृषि उत्पादन और उत्पादन क्षेत्र दोनों में बढ़ोतरी लाएंगी। इन परियोजनाओं का काम पूरा होने से एक करोड़ से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा।

**बुंदेलखंड में अर्जुन सहायक परियोजना के लिए ₹1353.86 करोड़ :** बुंदेलखंड के सूखा प्रभावित क्षेत्र में अर्जुन सहायक परियोजना के लिए 1,353.86 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। ये परियोजना महोबा, हमीरपुर और बांदा जिलों को कवर करेगी। बुंदेलखंड की धसान नदी पर बनी परियोजना के कई हिस्सों का काम पूरा हो चुका है, स्वीकृत धनराशि से विशेष रूप से हमीरपुर जिले में बचे काम को पूरा किया जाएगा। परियोजना के पूरा होने से बुंदेलखंड क्षेत्र के सूखाग्रस्त किसानों की बारिश पर निर्भरता कम होगी ही, उत्पादन और उत्पादन क्षेत्र दोनों में वृद्धि होगी। साथ ही ये परियोजना क्षेत्र में पेयजल संकट और मवेशियों के लिए भी जल उपलब्ध करवाएगी, जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी।

**सरयू नहर परियोजना से लाभान्वित होंगे 30 लाख से अधिक किसान :** नाबार्ड द्वारा स्वीकृत की गई धनराशि में सरयू नहर के लिए 1,899.35 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ये परियोजना बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोण्डा, बस्ती, संत कबीर नगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर जिलों में फैली हुई है। परियोजना के निर्माण से पूर्वी उत्तर प्रदेश के घनी आबादी वाले इन जिलों को जल संकट से निजात मिलेगी। साथ ही सरयू, राप्ती, बाणगंगा और रोहिनी नदी के अतिरिक्त पानी का चैनलाइजेशन कर कृषि क्षेत्र और उत्पादन में भी वृद्धि लाएगी। परियोजना पूरा होने से 6,227 गांवों के 30 लाख से अधिक किसानों को लाभ होगा। 15 लाख हेक्टेअर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। साथ ही सिंचाई, पेयजल और मत्स्य पालन के अवसर भी बढ़ेंगे।

**पश्चिमी यूपी में मध्यगंगा चरण-2 का निर्माण जल्द होगा पूरा :** पश्चिमी उप्र में सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मध्य गंगा चरण-2 को स्वीकृति मिली है। इस परियोजना के लिए नाबार्ड ने 3,178.04 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। मध्य गंगा चरण-2 के तहत पश्चिमी उप्र के संभल, मुरादाबाद और अमरोहा जिले को विशेषतौर पर लाभ मिलेगा। परियोजना के निर्माण से गंगा बेसिन के क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई क्षमता में सुधार होगा।

**सिंचाई व्यवस्था बेहतर होने से बढ़ेगी किसानों की आय :** नाबार्ड के अधिकारियों के मुताबिक इन परियोजनाओं के पूरा होने से उत्तर प्रदेश के पूर्वी, पश्चिमी और बुंदेलखंड में सिंचाई व्यवस्था के साथ कृषि और संबद्ध क्षेत्र से जुड़े किसानों की आय बढ़ेगी। साथ ही ही ग्लोबल वार्मिंग के संकट का सामना करने में भी प्रदेश को सक्षम बनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश में न केवल कृषि उत्पादन और उत्पादन क्षेत्र बढ़ेगा, साथ ही पेय जल संकट, मत्स्य पालन और संबद्ध कार्यों में भी बढ़ोतरी होगी। प्रदेश के किसानों की आय में बढ़ोतरी के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

#### सिंचाई व्यवस्था सुधरने से बढ़ेगी किसानों की आय

नाबार्ड के अधिकारियों के मुताबिक इन परियोजनाओं के पूरा होने से उत्तर प्रदेश के पूर्वी, पश्चिमी और बुंदेलखंड में सिंचाई व्यवस्था के साथ कृषि और संबद्ध क्षेत्र से जुड़े किसानों की आय बढ़ेगी। साथ ही ही ग्लोबल वार्मिंग के संकट का सामना करने में भी प्रदेश को सक्षम बनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश में न केवल कृषि उत्पादन और उत्पादन क्षेत्र बढ़ेगा, साथ ही पेय जल संकट, मत्स्य पालन और संबद्ध कार्यों में भी बढ़ोतरी होगी। प्रदेश के किसानों की आय में बढ़ोतरी के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# 32 IAS होंगे रिटायर, कई अफसरों को मिल सकती है अहम पदों पर तैनाती

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**प्रमोशन पाने वाले कई अफसरों के कार्यक्षेत्र में भी हो सकता है बदलाव**



लंबे समय से छोटे विभागों की कमान संभाल रहे कई आईएएस अफसरों को इस साल अच्छी तैनाती मिल सकती है। इसके पीछे एक बड़ी वजह यह है कि 2026 में यूपी कैडर के 32 आईएएस अधिकारी रिटायर होंगे। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे अधिकारी शामिल हैं, जो अपर मुख्य सचिव रैंक के हैं। सूत्रों के मुताबिक बड़ी संख्या में रिटायरमेंट के बाद 1991, 1992 बैच के अफसरों को अहम पदों पर तैनाती मिल सकती है। इनमें खासतौर पर एपीसी, आईआईडीसी के पद शामिल हैं। मौजूदा एपीसी व आईआईडीसी दीपक कुमार इस साल अक्टूबर में रिटायर हो रहे हैं।

वर्ष 2026 में सेवानिवृत्त होने वालों में कृषि उत्पादन आयुक्त एवं आईआईडीसी दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव अर्चना अग्रवाल और अमित घोष प्रमुख हैं। इसके अलावा राजस्व परिषद के चेयरमैन अनिल कुमार भी इस साल मई में रिटायर होंगे। जनवरी 2026 में पांच आईएएस अधिकारी रिटायर होंगे। इसमें आगरा के मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह भी हैं। फरवरी में डॉ.देवेश चतुर्वेदी, सुभाष चंद्र शर्मा सहित चार आईएएस अधिकारी रिटायर होंगे। अपर मुख्य सचिव परिवहन अर्चना अग्रवाल सितंबर और कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार अक्टूबर में रिटायर होंगे। केंद्र में तैनात कामरान रिजवी भी अक्टूबर में, जबकि अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा अमित घोष दिसंबर 2026 में सेवानिवृत्त होंगे।

#### शासन और जिला स्तर पर जल्द होंगे कई तबादले

एक जनवरी को शासन ने 21 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। मगर जल्द ही शासन व जिला स्तर पर कई और आईएएस अधिकारियों के तबादले हो सकते हैं। इसमें मुख्य रूप से वो अफसर शामिल हैं, जिन्हें हाल ही में प्रमोशन मिला है। इसमें 2001 बैच के आईएएस अफसर शामिल हैं, जिन्हें 1 जनवरी से प्रमुख सचिव रैंक में प्रमोट कर दिया गया है। वहीं, 2010 बैच के अफसर जिन्हें कमिश्नर-सचिव रैंक में प्रमोट किया गया है। इनमें से कुछ अफसरों को भी जल्द नई तैनाती मिल सकती है।

**26 पीसीएस अधिकारी भी इस साल होंगे रिटायर :** आईएएस अधिकारियों के साथ-साथ इस साल बड़ी संख्या में पीसीएस अधिकारी भी रिटायर होंगे। 2026 में 26 पीसीएस अधिकारी भी रिटायर होंगे।




# आम्रपाली समूह से जुड़ी 99.26 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां जब्त

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की लखनऊ जोनल टीम ने मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट (पीएमएलए) के तहत आम्रपाली समूह की 99.26 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त कर ली हैं। जब्त की गई संपत्तियां आम्रपाली समूह से जुड़ी सुरेका ग्रुप की हैं। इनमें एक ऑफिस बिल्डिंग (मौर्य उद्योग लिमिटेड) और एक फैक्ट्री की जमीन है, जो नवनीत सुरेका और अखिल सुरेका के नाम हैं। 30 दिसंबर 2016 को इन दोनों संपत्तियों की मार्केट वैल्यू 99.26 करोड़ रुपये थी।

**मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के तहत ईडी ने की कार्रवाई**

ईडी ने आम्रपाली समूह और उससे जुड़े लोगों के खिलाफ यह जांच नोएडा और दिल्ली पुलिस के साथ ईओडब्ल्यू दिल्ली में दर्ज एफआईआर के आधार पर और कोर्ट के आदेश पर शुरू की थी। ईडी की जांच में सामने आया कि आम्रपाली ग्रुप ने खरीदारों से बड़ी रकम वसूलने के बावजूद समय पर उन्हें फ्लैटों का कब्जा नहीं दिया। इतना ही नहीं खरीदारों द्वारा जमा किए गए पैसे का उपयोग इन लोगों द्वारा दूसरे कार्यों में किया गया। आम्रपाली ग्रुप के निदेशक अनिल कुमार शर्मा, शिव प्रिय और अजय कुमार ने अपने सहयोगियों (नवनीत सुरेका और अखिल सुरेका, जो मौर्य उद्योग लिमिटेड और ज्योतिंद्रा स्टील एंड ट्यूब्स लिमिटेड के निदेशक हैं) के साथ मिलकर फ्लैट खरीदारों के पैसों का दुरुपयोग किया। आम्रपाली समूह द्वारा इसी पैसे में से 110.39 करोड़ रुपये मौर्य उद्योग लिमिटेड के खाते में ट्रांसफर किए गए थे।

# सुप्रीम कोर्ट जल्द तय करेगा चिड़ियाघर शिफ्टिंग का भविष्य

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** सुप्रीम कोर्ट की केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (CEC) ने कुकरैल में प्रस्तावित नाइट सफारी और चिड़ियाघर शिफ्टिंग पर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। अब सुप्रीम कोर्ट सभी पक्षों की सुनवाई के बाद इसका भविष्य तय करेगा। अगली सुनवाई 19 को होगी।

प्रदेश सरकार कुकरैल में नाइट सफारी बनाने की योजना तैयार की थी। यहीं पर चिड़ियाघर की शिफ्टिंग की भी योजना है। इस पर सरकार ने काम भी शुरू कर दिया था। इस बीच कुछ पर्यावरणविदों ने कोर्ट और एनजीटी में याचिका दायर कर दी थी। मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा तो दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद CEC से इसके पर्यावरणीय प्रभावों का अध्ययन करने के निर्देश दिए। अब CEC ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। CEC ने अपनी रिपोर्ट में सशर्त नाइट सफारी बनाने की सहमति दी है, लेकिन चिड़ियाघर शिफ्टिंग, एडवेंचर पार्क और चार लेन सड़क बनाने पर सहमति नहीं दी है। याचिकाकर्ता और पर्यावरणविद् आलोक सिंह ने CEC की सिफारिशों का स्वागत किया है। हम अपना पक्ष सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई में रखेंगे कि नाइट सफारी भी पर्यावरण के लिए ठीक नहीं है।

# तबादलों के बाद भी स्कूल शिक्षक विहीन

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** हाल ही में बेसिक शिक्षकों के अंतःजनपदीय (जिले के अंदर) तबादले किए गए। इसके बावजूद प्रदेश के ज्यादातर जिलों में कई स्कूल शिक्षक विहीन रह गए हैं या एक शिक्षक के सहारे हैं। इस पर अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने नाराजगी जताई है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र तिवारी ने ने सभी जिलों से चार जनवरी तक इस बाबत पूरी रिपोर्ट मांगी है।

**अपर मुख्य सचिव ने जताई नाराजगी, सभी बीएसए से मांगी रिपोर्ट**

दिसंबर में बेसिक शिक्षकों के अंतःजनपदीय तबादले किए गए थे। इसमें साफ निर्देश थे कि शिक्षकों का तबादला ऐसे स्कूलों में प्राथमिकता के आधार पर किया जाए जो शिक्षक विहीन हैं या जिनमें एक शिक्षक है। अब तबादलों के बाद समीक्षा में यह बात सामने आई है कि अब भी कई स्कूल शिक्षक विहीन और एकल हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने सभी बीएसए को भेजे निर्देश में कहा है कि अपर मुख्य सचिव ने इस स्थिति पर नाराजगी जताई है। उन्होंने शासनादेश का अनुपालन करते हुए चार जनवरी तक पूरी रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा है कि पांच जनवरी को अपर मुख्य सचिव इस मुद्दे पर फिर से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा करेंगे।

## जयंती पर महापुरुषों के बारे में बताया जाएगा

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** बेसिक स्कूलों में राष्ट्रीय पर्व के साथ ही महापुरुषों की जयंती पर बच्चों को उनके व्यक्तित्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शनिवार को 2026 के लिए जारी किए गए छुट्टियों के कैलेंडर में यह निर्देश दिए गए हैं। कैलेंडर के अनुसार गर्मियों की छुट्टियां 20 मई से 15 जून तक और सर्दियों की छुट्टियां 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक होंगी। साल में कुल 33 छुट्टियां होंगी। शिक्षिकाओं को करवा चौथ त्योहार पर अलग से अवकाश दिया जाएगा और पुरुषों को पितृ विसर्जन का अवकाश मिलेगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: pratik.awasthi Time: 01-04-2026 00:26 Color:



## शहर में आज

- उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा की मासिक बैठक, ए-ब्लॉक, कॉमनहॉल, दारुलशफा, सुबह 11 बजे।
- धनुषधारी गिरि दिव्यांगजन सशक्तीकरण फाउंडेशन की ओर से ब्रेल लिपि के अविष्कार सर लुईस ब्रेल की स्मृति में कार्यक्रम, योजना भवन सभागार, हजरतगंज, सुबह 11 बजे।
- हार्टफुलनेस संस्था की ओर से नववर्ष पर कार्यक्रम, बीएमए, आईआईएम रोड, सुबह 11 बजे।
- महिन्द्रा सनतकदा की ओर से फिल्मोत्सव, राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, कैसरबाग, दोपहर 12 बजे।
- वैष्णवी जन कल्याण समिति की ओर से कबड्डी टूर्नामेंट, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, महानगर, दोपहर 3 बजे।

शहर में हो रहे कार्यक्रम की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com

# सड़क से कब्जा हटवाया

## हुसैनाबाद में पुलिस ने सड़क तक लगी दुकानें हटवाईं, वाहन चालकों को चेताया




NBT में प्रकाशित खबरें



NBT असर

■ NBT न्यूज, लखनऊ

हुसैनाबाद क्षेत्र में अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के खिलाफ पुलिस ने शनिवार को सख्त कार्रवाई है। NBT ने अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग से लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद शनिवार को पुलिस प्रशासन हरकत में आया और विशेष अभियान चलाकर सड़कों को खाली करवाया।

ऐतिहासिक धरोहरों के लिए मशहूर हुसैनाबाद क्षेत्र में लंबे समय से काबिज अतिक्रमणकारियों, अवैध वेंडरों और बेतरतीब ढंग से वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ पुलिस ने शनिवार को बड़े स्तर पर अभियान चलाया है। इस कार्रवाई से सड़क पर अवैध रूप से दुकानें सजाने वालों और गलत पार्किंग करने वालों में हड़कंप मच गया। शनिवार सुबह थाना प्रभारी ठाकुरगंज ओमवीर सिंह पुलिस फोर्स के साथ हुसैनाबाद पहुंचे। घंटाघर से हुसैनाबाद तक सड़क किनारे बेतरतीब वाहन पार्क थे, रेस्टोरेंट के बाहर कुर्सियां और मेज रखी थीं, जिन पर शाम को खाना परोसा जाता था। पुलिस फोर्स ने सख्ती के साथ रेस्टोरेंट के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। मालिकों को दोबारा अतिक्रमण करने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके अलावा सड़क पर पार्क किए गए बेतरतीब वाहनों को हटवाया गया। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है।

### फुटपाथ पर नहीं लगेंगी दुकानें

थाना प्रभारी ओमवीर सिंह ने बताया कि शनिवार को फुटपाथ अवैध रूप से लगे स्ट्रीट फूड के ठेले और वेंडरों की दुकानों को हटवा दिया गया है। फुटपाथ पैदल गुजरने वालों के लिए बनाया गया है। अतिक्रमण की वजह से फुटपाथ पर पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है।

# डॉ.रमीज़ का ऐडमिशन रद्द करें : पुलिस

## जांच STF, ATS से करवाने की मांग

■ NBT न्यूज, लखनऊ : केजीएमयू में शादी का झांसा देकर धर्मांतरण के प्रयास, यौन शोषण और गर्भपात कराने के आरोपित जूनियर रेजिडेंट डॉ. रमीजउद्दीन नायक का प्रवेश निरस्त करने के लिए पुलिस ने केजीएमयू प्रशासन को पत्र लिखा है। जांच समिति के चेयरमैन केके सिंह ने कहा कि पत्र अभी उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है और प्रवेश निरस्तीकरण प्रशासनिक प्रक्रिया का विषय है।

**केजीएमयू में धर्मांतरण के प्रयास का मामला**

अधिवक्ता मिलन संघ ने इस मामले में आरोपित डॉक्टर की जल्द गिरफ्तारी और मामले की जांच एसटीएफ या एटीएस से कराए जाने की मांग उठी है। शनिवार को यूपी प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान संघ के प्रमुख मृत्युंजय प्रताप सिंह ने कहा कि आरोपित ने सीनियॉरिटी का लाभ उठाकर फरवरी 2025 में चोरी-छिपे निकाह किया, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया, मारपीट की और निजी फोटो वायरल करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि केजीएमयू के अलग-अलग विभागों में लव जिहाद की सूचना मिली रही है। उन्होंने मामले की जांच एसटीएफ, एटीएस से कराए जाने की मांग सीएम, डिप्टी सीएम और जिलाधिकारी से की है। संघ ने चेतावनी दी कि सोमवार को केजीएमयू की घटना के विरोध में हाई कोर्ट के बाहर कैंडल मार्च निकाला जाएगा।

# विराजखंड में आज नहीं आएगी बिजली

■ NBT न्यूज, लखनऊ: केबल और ट्रांसफार्मर में मरम्मत कार्य के चलते रविवार को जानकीपुरम और गोमती नगर के विभिन्न इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। जानकीपुरम में रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सेक्टर-एफ और आई सहित आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। वहीं, गोमती नगर स्थित मंत्री आवास और विराजखंड उपकेंद्र में मरम्मत के चलते सुबह 11:30 बजे से शाम 4:30 तक बिजली गुल रहेगी।













# 'रिसर्च और टीचिंग में LU को मिलेगी नई ऊंचाई'

## एलयू के नए वीसी बने प्रो. जेपी सैनी, बताई प्राथमिकताएं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में अब टीचिंग और रिसर्च में जल्द ही बदलाव देखने को मिलेगा। यहां के अकैडमिक डिवेलपमेंट के रोडमैप का खाका तैयार होगा, जिसके हर बदलाव में छात्र और शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। शिक्षकों की जो भी समस्याएं उन्हें न सिर्फ दूर किया जाएगा बल्कि विवि के विकास का खाका भी उनके साथ मिलकर खींचा जाएगा। यहां की टीचिंग को और ज्यादा मजबूत किया जाएगा और विश्वस्तरीय शोध के लिए नए आयाम तय किए जाएंगे। यह बात एलयू के नए वीसी प्रो जेपी सैनी ने कही।

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. जेपी सैनी को लखनऊ विश्वविद्यालय का नया वीसी बनाया गया है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की ओर से शनिवार को जारी आदेश में प्रो. सैनी को तीन साल के लिए एलयू का वीसी नियुक्त किया गया है। प्रो. सैनी तीसरी बार कुलपति बनेंगे। दो साल पहले वह गोरखपुर में बतौर वीसी तैनात हुए थे। इसी साल सितंबर में उनका कार्यकाल पूरा हो रहा था। इससे पहले वह दिल्ली के नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के वीसी भी रह चुके हैं। प्रो. आलोक राय के इस्तीफा देने के बाद प्रो मनुका खन्ना को छह महीने के लिए एलयू का कार्यवाहक वीसी बनाया गया था। उनका कार्यकाल भी इसी महीने पूरा हो रहा है।

- प्रो. सैनी बीआईईटी झांसी में इलेक्ट्रॉनिक्स ऐंड कम्युनिकेशन के प्रफेसर थे।
- **2009** में कानपुर के अम्बेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी कॉलेज फॉर हैंडीकैप के निदेशक रहे।
- **2010** में गोरखपुर के मालवीय कॉलेज के प्रिंसिपल रहे और इन्हीं के कार्यकाल में कॉलेज विवि बना।
- **2015** में दोबारा कानपुर के अम्बेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी कॉलेज के निदेशक बने।
- **2018** में दिल्ली की नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति बने।
- **2023** में गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय विवि के कुलपति नियुक्त हुए।



### साझा किया विजन

**Q एलयू को लेकर आपका क्या विजन है ?**

किसी संस्था के लिए विजन बनाने से पहले उसकी स्टडी जरूरी है। जॉइन करने के बाद पहले एलयू का बारीकी से अध्ययन करेंगे उसके बाद इसका एक रोडमैप तैयार करेंगे। कुलाधिपति का भी जो विजन है उसके मुताबिक हम एलयू को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

**Q एलयू में आप को क्या खूबी लगती है ?**

एलयू में ह्यूमन रिसोर्स बहुत ही अच्छा है। इसलिए टीचिंग में यहां काम करने की बहुत संभावनाएं हैं। टीचिंग और रिसर्च को आगे ले जाएंगे जिसके लिए विवि जाने जाते हैं।

**Q हाल में एलयू की नीतियों पर यहां के शिक्षकों ने ही सवाल खड़े किए हैं, इसे कैसे देखेंगे ?**

एलयू के शिक्षक हमेशा से इसकी खासियत रहे हैं। विवि में आने के बाद सबसे पहले शिक्षकों से ही बात की जाएगी। उनके साथ मिलकर ही नीतियां तैयार होंगी। इससे कोई असंतोष नहीं होगा।

**Q एलयू इस समय वित्तीय संकट से जूझ रहा है इससे कैसे उबारेंगे ?**

वित्तीय मामलों में सरकार का बहुत बड़ा सहयोग होता है। किसी विवि को आगे ले जाने वित्तीय बाधा इतनी बड़ी नहीं होती कि उसका विकास रोक दे। सरकार की जो भी योजनाएं हैं उनसे ग्रांट लाने का प्रयास किया जाएगा। रिसर्च ग्रांट पर खास फोकस रहेगा। राज्य के साथ भारत सरकार से भी ग्रांट लाएंगे।

**Q छात्रों के लिए क्या योजना है ?**

हर छात्र में एक एनर्जी होती है बस उसे सही दिशा देने की जरूरत है। हम घर की तरह विश्वविद्यालय चलाएंगे और एक अभिभावक की तरह छात्रों के भविष्य को सही राह देने का काम करेंगे।


# पांच दिन में चार सौ नकलची पकड़े

## AKTU में सेमेस्टर एग्जाम की डिजिटल मॉनीटरिंग से नकल पर कस रहे नकेल

Zeeshan.Rayini@timesofindia.com

लखनऊ: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में छात्र नकल करने में तकनीक का सहारा ले रहे हैं। मोबाइल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस तक का उपयोग कर रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए एकेटीयू भी अब नकलचियों को पकड़ने के लिए तकनीक का उपयोग कर रहा है। सीसीटीवी की मदद से ई मॉनीटरिंग सिस्टम की निगरानी में हो रही परीक्षा में अब धड़ल्ले से नकलची पकड़े जा रहे हैं। एकेटीयू में पिछले पांच दिनों में लगभग चार सौ नकलची पकड़े गए हैं। सभी को संबंधित परीक्षा से डिबार कर दिया गया है। खास बात ये है कि बिना केंद्र पर जाए एकेटीयू के अधिकारी लखनऊ में बैठकर नकलचियों को पकड़ रहे हैं।

एकेटीयू की ओर से प्रश्नपत्र बनाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जा रहा था। इस साल से मॉनीटरिंग में भी एआई का उपयोग हो रहा है। एकेटीयू में इसी साल से डिजिटल मॉनीटरिंग व ई-सर्विलांस सिस्टम लागू किया गया है। इसके तहत विवि के सभी परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को एक आई टूल से कनेक्ट किया गया है। उसी की मदद से एकेटीयू नकलचियों को पकड़ रहा है। विवि की ओर से प्रदेश के 135 केंद्रों पर परीक्षा कराई जा रही है जिसमें लगभग दो हजार परीक्षा कक्ष की निगरानी इस सर्विलांस सिस्टम से हो रही है। इसमें कैंपस में प्रवेश से लेकर परीक्षा खत्म होने तक की मॉनीटरिंग हो रही है।





### नकल की डिवाइस बना रहे छात्र

एकेटीयू में नकल करने के लिए छात्र अलग डिवाइस तक बना रहे हैं। हाल में एक नकलची को पकड़ा गया जो अपने शरीर पर एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चिपकाकर लाया था जिसे उसने खुद बनाया था। वो डिवाइस मफलर में लगे एक हेडफोन से कनेक्ट था जिसमें रेकॉर्डेड कंटेंट था। इससे वह नकल कर रहा था। इसके अलावा बड़े पैमाने पर लड़कियां मोबाइल लेकर आ रही हैं। सबसे ज्यादा लड़कियां मोबाइल का उपयोग नकल में करते समय पकड़ी गई हैं। एकेटीयू में 31 जनवरी तक परीक्षाएं चलेंगी जिनकी मॉनीटरिंग इसी ई सर्विलांस सिस्टम से की जाएगी।

> विवि में ई सर्विलांस सिस्टम की मदद से नकल करने वाले छात्रों को पकड़ा जा रहा है। इससे परीक्षा में पारदर्शिता और ज्यादा बढ़ गई है।
> – प्रो. दीपक नागरिया, परीक्षा नियंत्रक, एकेटीयू

### आखिर कैसे पकड़े जा रहे नकलची

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

विवि में इसके लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां सभी परीक्षा कक्ष की लाइव मॉनीटरिंग होती है। इसी में जिन छात्रों की एक्टिविटी सामान्य छात्रों से अलग होती होती है उनको सिस्टम इंडिकेट करता है। इसके बाद एकेटीयू कंट्रोल रूम में उन कक्ष की सीसीटीवी को कुछ देर देखा जाता है। इसके बाद अगर नकल जैसी स्थिति लगती है तो केंद्र पर तैनात एकेटीयू के ऑब्जर्वर को सूचित किया जाता है। ऐसे में ऑब्जर्वर संबंधित कक्ष में जाकर छात्र की जांच करते हैं जिससे नकलचियों को पकड़ा जा रहा है।

## फटाफट खबरें

### प्राचार्य सीताराम शुक्ल का निधन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: केंद्रीय विद्यालय गोमती नगर के संस्थापक प्राचार्य रहे सीताराम शुक्ल का शुक्रवार रात निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। वह पिछले दो वर्षों से किडनी की बीमारी से परेशान थे। उनके पुत्र और वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर शुक्ल सागर के अनुसार उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 11 बजे बैकुंठ धाम में किया जाएगा।



### साइबर क्राइम पर किया जागरूक



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: दुबग्गा में शनिवार को सिविल डिफेंस की ओर से साइबर सिक्युरिटी को लेकर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को साइबर जालसाजों से बचाव के तरीके बताए गए। वर्कशॉप का आयोजन इमरान कुरैशी और मेहरुन्निशा ने करवाया। मौके पर आजाद हसीन, शेख सईद हुसैन, जीनत खान, लक्ष्मी देवी, अजय कुमार, गुफरान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### बच्चों ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



■ NBT न्यूज, लखनऊ: सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के विभिन्न कैंपस के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को जरूरतमंद लोगों को 1500 से अधिक कंबल बांटे। छात्रों ने अपने इस कार्य से सामाजिक-मानवीय कार्य की मिसाल पेश की। छात्रों ने बताया कि उनके इस कदम से सर्द रातों में खुले आसमान में सो रहे लोगों को राहत मिलेगी। स्कूल प्रबंधन छात्रों के इस कदम की सराहना की है।

## 'अटल राजनीति के अजातशत्रु'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति के अजातशत्रु कहे जाते हैं, उनका कोई राजनीतिक दुश्मन नहीं था, वे लोगों के दिलों में बसते थे। यह बात शनिवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नगर निगम मुख्यालय पर आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में कही बतौर मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ने कहा कि पूर्व पीएम का लखनऊ में घर-घर से नाता रहा, उनकी स्मृतियां देश के हर निवासी के मानस पटल पर हैं।



नगर निगम मुख्यालय में अटल स्मृति सम्मेलन में ब्रजेश पाठक भी शामिल हुए।

डिप्टी सीएम ने कहा कि राजनीति व सामाजिक जीवन में जो पूर्व पीएम ने लाइन खींचने का काम किया है, हर राजनेता वहां पहुंचना चाहते हैं, उन्होंने अलग-अलग विचारधारा की पार्टियों को वैचारिक मतभेद भुलाकर एकसूत्र में पिरोकर देश को आगे बढ़ाया। कई दलों को एकत्र कर एनडीए का गठन किया था। देश को बेहतर सरकार देने का काम किया। इस दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल, उपसभापति चरनजीत गांधी, अमित गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, सुशील तिवारी पम्मी, पृथ्वी गुप्ता, रंजीत सिंह, जेपी सिंह, स्वदेश सिंह, अभिलाषा सुदर्शन कटियार, हरीश चंद्र लोधी, सुनील शेखधर, प्रदीप शुक्ला, भृगुनाथ शुक्ला, राधाराम तिवारी, राजेश सिंह, शैलेंद्र वर्मा, गिरीश गुप्ता, राकेश मिश्रा, मान सिंह मौजूद रहे।

## भंडारे के बाद जरूरतमंदों को बांटे कंबल

■ NBT न्यूज, लखनऊ: अलीगंज स्थित मां पीतांबरा मंदिर में शनिवार को भंडारा हुआ और कंबल भी बांटे गए। इस अवसर पर पीतांबरा की नई रसोई घर का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि एआईआरएफ के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा, विशिष्ट अतिथि लखनऊ कैंट के पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी और उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल एनआरएमयू के मंडल मंत्री विभूति मिश्रा ने मां पीतांबरा मंदिर में दर्शन किए।

# पौष पूर्णिमा पर हुई आदि गंगा मां गोमती की सफाई और आरती

■ NBT न्यूज, लखनऊ: पौष पूर्णिमा पर शनिवार को गोमती की आरती की गई। आरती के समय जयकारों और शंख-घंटे की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया। साथ ही नदी की सफाई की गई, भजन भी गाए गए।

सनातन महासभा की ओर से हनुमान सेतु, झूलेलाल वाटिका गोमती तट पर सात मंचों से आरती की गई। आरती से पहले मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि की गई। उसके बाद आरती की गई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, ताशे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व पूर्णिमा पर नए वर्ष 2026 को नशा मुक्त अभियान वर्ष बनाए जाने को लेकर सामूहिक संकल्प भी लिया गया। उसके बाद रजनी तिवारी व गिरिराज बिहारी ने भजन किए। मौके पर रवि कचरू, सुधांशु शुक्ल, तेजस्वी गिरी, पल्लवी सिंह, अंजनी पांडेय, शैलेंद्र श्रीवास्तव, संजीव पांडेय, विजय मिश्र, पूनम शर्मा, रेनू सिंह, मधुबाला, अर्जुन द्विवेदी, शोभित सिंह, सुनीता गोस्वामी, रेनू शर्मा, आरती पांडेय, रामकिशोर मिश्र, विजय मिश्र, विश्वनाथ शुक्ल, मीरा तिवारी, अतुल तिवारी, राकेश अग्रवाल, अंजलि तिवारी, शक्ति सिंह मौजूद रहीं।

डालीगंज गोमती तट स्थित उपवन घाट पर नमोस्तुते मां गोमती की ओर से 11 वेदियों से आरती की गई। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरि की अगुआई में आरती हुई। आरती से पहले साध्वी गौरजा गिरि ने मंत्रोच्चारण कर पूजा करवाई। साथ ही महंत ने शाकम्बरी देवी की पूजा की। इस दौरान समाजसुधारक देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। मौके पर उपमा पांडेय, कमलेश यादव, रीना, मधु, रेनू, किरण वर्मा, प्रीति मौजूद थीं।



महंत देव्यागिरि ने की आरती।

### महालक्ष्मी यज्ञ से पहले निकाली ध्वज यात्रा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राजेंद्र नगर, द्वितीय मार्ग स्थित महाकाल मंदिर में पौष पूर्णिमा पर शनिवार से तीन दिवसीय पंच कुंडीय महालक्ष्मी एवं महामृत्युंजय यज्ञ शुरू हुआ। इससे पहले मंदिर से बाबा की धूमधाम से ध्वज यात्रा निकाली गई यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्रों में ध्वज लेकर चल रही थी। यात्रा बाबा का जयकारा लगाते हुए नाका चौराहे तक गई और वहां से वापस मंदिर आ गई। उसके बाद महायज्ञ शुरू हुआ।

अरणी मंथन से अग्नि प्रज्वलित की गई। यज्ञ के मुख्य यजमान प्रीति चतुर्वेदी, आलोक गुप्ता, गौरव गुप्ता, जितेंद्र थे।

# एनसीसी कैडेट्स को मेडल देकर किया सम्मानित

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: गोसाईंगंज स्थित एक विद्यालय में आयोजित एनसीसी कैंप का ग्रुप कमांडर ने शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। गोसाईंगंज के लाला महादेव महाविद्यालय में आयोजित CATC-230 कैंप के नवें दिन एनसीसी के उत्तर प्रदेश ग्रुप के प्रमुख ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया।

ग्रुप कमांडर ने कैडेट्स की ओर से उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर ब्रिगेडियर अतुल कुमार, प्रतिष्ठित शिक्षाविद् रीना कुमार का व्याख्यान हुआ, जिसमें उन्होंने कैडेट्स के अनुशासन और सृजनात्मक व्यक्तित्व को प्रोत्साहित करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर कैंप में विशिष्ट योगदान देने वाले कैडेट्स को मेडल देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंजाबी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, पहाड़ी नृत्य, संस्कृत श्लोक और गायन समेत अन्य प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में 470 कैडेट्स शामिल रहे।



## क्लास 6 के बच्चों को मिलेगी स्किल ट्रेनिंग

■ NBT न्यूज, लखनऊ: समग्र शिक्षा अभियान के तहत नए शैक्षिक सत्र से माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को वोकेशनल स्किल की ट्रेनिंग (व्यावसायिक प्रशिक्षण) दी जाएगी। प्रथम चरण में इसे कक्षा छह व इससे ऊपर की दो कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों के लिए शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही तकनीक, नवाचार के साथ रोजगारपरक कौशल से जोड़ना है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (एससीईआरटी) के अधिकारियों के अनुसार अभी तक कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप अब इस दायरे को बढ़ाकर कक्षा 6, 7 और 8 तक किया जा रहा है, जिससे छात्र-छात्राएं रुचि के अनुसार कौशल विकसित कर सकें। नवंबर माह में लखनऊ में आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंडल स्तर पर प्री-वोकेशनल की मास्टर ट्रेनिंग दी जा चुकी है।


# लोहिया इमरजेंसी में इलाज न मिलने का आरोप

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राम मनोहर लोहिया संस्थान की इमरजेंसी व्यवस्था एक बार फिर गोल्डन ऑवर में मरीजों को समय पर इलाज देने में नाकाम रही। शुक्रवार देर रात सांस लेने में गंभीर दिक्कत के साथ लाई गई 80 उम्र की बुजुर्ग महिला को दो घंटे से ज्यादा समय तक चिकित्सकीय जांच न मिलने का आरोप लगा है। परिवारीजनों का कहना है कि इस वजह से मरीज की जान नहीं बचाई जा सकी। मामले की शिकायत डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से करने की बात कही है।

परिवारीजनों ने कहा, सही समय पर इलाज न मिलने से हुई मौत

मोहनलालगंज के गनियार गांव निवासी कलावती के बेटे वकील सुरेश सिंह का दावा है कि शुक्रवार रात लगभग 11 बजे ऐंबुलेंस से लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में मां को लेकर पहुंचे थे। मरीज की हालत नाजुक होने के बावजूद इमरजेंसी में इलाज की बजाय इंतजार करवाया गया। सिर्फ ग्लूकोज की बोतल चढ़ाई गई, लेकिन किसी वरिष्ठ या ड्यूटी डॉक्टर ने आकर मरीज की जांच नहीं की। लगातार अनुरोध के बावजूद मरीज को ऑक्सिजन, जरूरी जांच या इमरजेंसी ट्रीटमेंट नहीं मिला। इस देरी के चलते मरीज का गोल्डन ऑवर निकल गया। परिवारीजनों का कहना है कि इलाज की उम्मीद टूटने पर मरीज को निजी अस्पताल ले जाने लगे पर शहीद पथ पहुंचते ही उनकी मौत हो गई। लोहिया संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन चंद्र तिवारी के मुताबिक मामले की जांच की जाएगी, लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी।

### ₹50 का किराया, ₹500 सिक्योरिटी मनी



■ NBT न्यूज, लखनऊ: KGMU के ट्रॉमा सेंटर में आने वाले गरीब मरीजों के परिवारीजनों के रहने के लिए रैन बसेरे की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। रैन बसेरा के नाम पर डॉरमेट्री है, जहां पर एक रात के लिए ₹50 पर बेड का किराया लिया जा रहा है। साथ ही ₹500 सिक्योरिटी मनी जमा करवाया जा रहा है। यहां इलाज के लिए आने वाले सभी मरीज सक्षम नहीं होते हैं। ऐसे में उनके लिए ₹500 सिक्योरिटी मनी बड़ी रकम है। बाहर बैठे एक मरीज से जब पूछा कि आप डॉरमेट्री में जाकर क्यों नहीं बैठते तो उसने कहा कि हमारे पास इतने पैसे नहीं है।

हालांकि इस स्थिति को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर के खाली हिस्से को खोल दिया है, जहां पर ये लोग जाकर रात में सो सकते हैं। लेकिन यह काफी नहीं है। केजीएमयू के अन्य जगहों जैसे गांधी वॉर्ड के सामने पीडियाट्रिक विभाग के सामने पर्याप्त रैन बसेरा है क्योंकि ट्रॉमा सेंटर में आने वाले मरीज गंभीर होते हैं इसलिए उनके परिवारीजन मरीज को छोड़कर दूर नहीं जाना चाहते हैं। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. प्रेम राज सिंह ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर के सामने निर्माण कार्य के चलते रैन बसेरा हटा दिया गया था। मरीजों को परेशानी न हो इसके लिए ट्रॉमा-2 की ओर खाली पड़ी बिल्डिंग खोल दी गई है। साथ ही रात में अलाव की भी व्यवस्था की गई है।

ट्रॉमा सेंटर में रैन बसेरे के नाम पर डॉरमेट्री, कई लोग नहीं दे पाते हैं किराया

## उत्तम स्वास्थ्य बेहतर जीवन

TIMES interact — READER ENGAGEMENT INITIATIVE

### सर्द मौसम में खुद रखें को एक्टिव

Response.UP@timesofindia.com

सर्दियों का मौसम अपने साथ ठंडी हवाएं, सुस्ती और खानपान में बदलाव लेकर आता है। इस मौसम में अक्सर लोग शारीरिक गतिविधियां कम कर देते हैं, जिससे वजन बढ़ना, जोड़ों में जकड़न और इम्युनिटी कमजोर होने जैसी समस्याएं सामने आती हैं। लेकिन थोड़ी सी समझदारी और सही लाइफस्टाइल अपनाकर सर्द मौसम में भी खुद को फिट और ऊर्जावान रखा जा सकता है।

ठंड में शरीर को अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है, ताकि वह तापमान को संतुलित रख सके। अगर इस दौरान एक्सरसाइज और सही खानपान पर ध्यान न दिया जाए तो मोटापा, सर्दी-खांसी और थकान जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। फिट रहना न सिर्फ शरीर को मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक सेहत को भी बेहतर रखता है।







गुड न्यूज — रिवर फ्रंट के दोनों किनारों को जोड़ेगा पुल, 18 महीने में होगा पूरा

# गोमती नदी पर पेडेस्ट्रियन पुल को मिली मंजूरी

■ NBT न्यूज, लखनऊ

गोमती नदी पर पेडेस्ट्रियन ब्रिज के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। लगभग 54 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस 180 मीटर लंबे ब्रिज के लिए शासन ने मंजूरी दे दी है। ब्रिज का निर्माण 18 महीने में पूरा होगा, जिसके लिए शासन ने पहली किस्त के तौर पर 18.90 करोड़ रुपये को स्वीकृत कर दिया है। स्माइलिंग थीम पर बनने वाला यह पेडेस्ट्रियन पुल अब लखनऊ को नई पहचान देगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अहमदाबाद के अटल ब्रिज की तर्ज पर गोमती नदी पर एडीसीपी ऑफिस के पास पेडेस्ट्रियन ब्रिज का निर्माण किया जाएगा, जोकि रिवर फ्रंट के दोनों किनारों को जोड़ेगा। पुल के डिजाइन आर्किटेक्ट का चयन प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया है। पुल की सतह पर स्टाम्प कंक्रीटिंग, जीआरसी पैनल, ग्रेनाइट, एसीपी पैनल का काम कराया जाएगा। इसके अलावा टेनसाइल स्ट्रक्चर से रूफिंग की जाएगी। पुल पर स्ट्रीट लाइट्स, बोलार्ड लाइट्स व फ्लोर लाइट्स भी लगवाई जाएंगी। करीब 54 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस पुल का निर्माण 18 महीने में पूरा होगा।



AI image

**बढ़ेंगी गतिविधियां:** मुंबई स्थित संस्था आरवैम्प स्टूडियो की डिजाइन को चयनित किया गया है। जिसके आधार पर पेडेस्ट्रियन पुल का निर्माण होगा। पुल के बनने से गोमती नदी के दायें किनारे पर लोगों की आवाजाही बढ़ेगी और वहां विकसित क्रिकेट स्टेडियम, विवाह स्थल, किड्स प्ले एरिया, एम्फीथिएटर, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, वॉटर स्पोर्ट्स आदि गतिविधियों की उपयोगिता भी बढ़ेगी।

### 12 मीटर चौड़ा, 180 मीटर लंबा होगा पुल

एलडीए अधिकारियों के अनुसार यह पुल 180 मीटर लंबा होगा। जबकि, रैम्प और प्लेटफार्म को मिलाकर इसकी कुल लंबाई 380 मीटर तक होगी। लोग आसानी से चहलकदमी कर सकें, इसके लिए ब्रिज की चौड़ाई 12 मीटर रखी जाएगी। ब्रिज के स्ट्रक्चर को संभालने के लिए 13 पीयर्स बनाए जाएंगे। पुल के तल पर 30 मीटर और 40 मीटर चौड़े स्पैन प्लेट गर्डर्स दिए जाएंगे, जहां लोग खड़े होकर नदी का नजारा देख सकेंगे। इसके अलावा स्टील ट्यूबलर सेक्शन से ब्रिज के किनारों की संरचना की जाएगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: amit.jaiswal1 Time: 01-04-2026 00:29 Color:



# जाम का टेंपो अब भी हाई

## सीएम की सख्त हिदायत के बाद भी नहीं चेते अफसर, अवैध स्टैंड टस से मस नहीं

NBT पड़ताल

**NBT ने लगातार उठाया है मुद्दा**


1


2


3 ऑटो-टेंपो का 'अवैध ठेका', ई-रिक्शों से सीधी वसूली


4 टेंपो ड्राइवरों से प्रीपेड वसूली, ई-रिक्शों का एकमुश्त समाधान



Sandeep Radogi/Sunil Kumar Raidas

■ टीम NBT, लखनऊ

अवैध स्टैंडों के खिलाफ सीएम योगी आदित्यनाथ की दो बार (24 अप्रैल 2022 और 2 जनवरी 2026) सख्त हिदायत के बावजूद जमीनी स्तर पर कार्रवाई बेअसर नजर आई। शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त इलाकों में शनिवार को टीम एनबीटी ने पड़ताल की तो अवैध स्टैंड खुलेआम चलते नजर आए। इससे न सिर्फ यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई, बल्कि आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। पुलिस, नगर निगम, परिवहन व अन्य जिम्मेदार विभागों की सक्रियता न के बराबर ही रही। एक पल भी ऐसा नहीं लगा कि इन अवैध स्टैंडों पर इस सख्त हिदायत का कोई असर हुआ हो।

### नत्था तिराहा 2:50 PM



नत्था तिराहे (पानदरीबा तिराहे पुलिस चौकी) के सामने अवैध स्टैंड संचालित हो रहा है। तिराहे पर मवैया की ओर वाले मार्ग पर 12 ऑटो और ई-रिक्शे खड़े नजर आए। वहीं, सुदर्शन टॉकीज तक आने-जाने वाले मार्ग 25 सवारी वाहन कतार में खड़े दिखे। इन वाहनों की वजह से पैदल गुजरना भी मुश्किल नजर आया जबकि तिराहे पर ही पुलिस चौकी है। नाका और मवैया की ओर से आने वाले वाहनों का आमना-सामना न हो, इसके लिए पुलिस चौकी के सामने डिवाइडर लगाए गए हैं। डिवाइडर के आस-पास अवैध स्टैंड संचालित हो रहा है। कतार में 11 ऑटो पार्क थे। इन पार्क वाहनों से सड़क संकरी हो गई। इसे गुजरने में दिक्कत हुई, जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम हुआ। वहीं डग्गामार वाहनों का स्टैंड चल रहा है। जहां 4 डग्गामार वाहन खड़े दिखे।

### गुप्ता चौराहा 2:41 PM

चारबाग इलाके के मुख्य गुप्ता चौराहे पर हर तरफ अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे हैं। चौराहे पर बने यातायात बूथ के सामने 17 ऑटो और ई-रिक्शे नजर आए। चौराहे से बासमंडी की ओर जाने और आने वाले मार्ग पर प्राचीन शिव मंदिर तक 52 ई-रिक्शे, ऑटो और टैंपो कतार में खड़े दिखे। चालक अपने नंबर का इंतजार करते दिखे। इसके अलावा मंदिर के बाईं ओर गली में तालकटोरा जाने वाले टैंपो का अवैध स्टैंड नजर आया। जहां करीब आठ टैंपो कतार में पार्क नजर आए। नत्था से गुप्ता तिराहे तक करीब 48 सवारी वाहन पार्क थे।


### बाल विद्या मंदिर 2:45 PM

गुप्ता चौराहे से बाल विद्या मंदिर तक 130 सवारी वाहन पार्क दिखे। अवैध स्टैंड के छोर से वाहन जाते और दूसरे छोर से वाहन आ रहे थे। स्टैंड पर वाहन पार्क कर अपने नंबर का इंतजार कर रहे थे। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि वसूली के बल पर चौराहे पर स्टैंड संचालित हो रहा है। अवैध स्टैंड की आड़ में यहां देह व्यापार, मादक पदार्थों की सप्लाई तक की जाती है। चोरों का गिरोह दूसरे शहर से आने वाले यात्रियों का सामान तक पार करते हैं। पार्क सवारी वाहनों पर बैठकर चोर बच निकलते हैं।



### कमता चौराहा 1:35 PM

कमता तिराहे पर एनबीटी टीम पहुंची। पॉलिटेक्निक से बीबीडी की ओर जाने वाले रास्ते पर काफी संख्या में सवारी बैठाने के लिए ऑटो, ई-रिक्शा और बस खड़ी हुई थी। वहीं, बीबीडी से पॉलिटेक्निक की ओर जाने वाले रास्ते पर कमता तिराहे से चंद कदमों की दूरी पर ही 20 से 25 ई-ऑटो दिख रहे थे। यहां पहले की तरह ही अवैध स्टैंड नजर आ रहा था। ऑटो, ई-रिक्शे किनारों के साथ मुख्य रास्ते को घेरे खड़े थे और बड़े वाहन आगे नहीं निकल पा रहे थे। ऐसे में जाम लगता जा रहा था।



### पॉलिटेक्निक चौराहा 1:57 PM

पॉलिटेक्निक चौराहे पर पुलिस चौराहे के चारों तरफ अवैध स्टैंड पर मौजूद थी। मुंशी पुलिया से पॉलिटेक्निक आने वाले रास्ते पर 15 से 20 ऑटो खड़े थे। वहां ऑटो वाले सवारियों को बैठा रहे थे। वहीं एचएएल की तरफ जाने वाले रास्ते पर लेफ्ट टर्न के लिए बनाए गए डिवाइडर के दोनों तरफ और फुट ओवर ब्रिज के नीचे कई ऑटो खड़े हुए थे। यहां अवैध स्टैंड चल रहा था। चौकी के पास ही ऑटो वाले सवारियां बैठाने के लाइन लगाए हुए थे।

### निशातगंज 2:39 PM

टीम निशातगंज चौराहे पर पहुंची। यहां पर हमेशा की तरह ही हर रास्ता जाम की कहानी कह रहा था। चौराहे के पास आईटी की ओर जाने वाले रास्ते और आईटी की तरफ से आने वाले रास्ते पर ई-रिक्शा, टैंपो और ऑटो काफी संख्या में मौजूद थे। पास में पुलिस बूथ है। इसके बावजूद यहां स्टैंड खुलेआम चल रहा था। यहां दोनों तरफ सड़क पर 20-20 ई-रिक्शा और ऑटो खड़े हुए थे। इसके अलावा निशातगंज रेलवे क्रॉसिंग की ओर जाने वाले रास्ते के मुहाने पर बड़ी संख्या में ई-रिक्शे रास्ते को घेरे थे। ऐसा ही हाल महानगर की तरफ जाने वाले रास्ते पर था।

### अवध चौराहा 2:00 PM

बाराबिरवा चौराहे से पारा की ओर जाने वाले मार्ग की मोड़ पर 27 ई-ऑटो, रिक्शे खड़े नजर आए। इन सवारी वाहनों की वजह से कानपुर रोड से आने वाले वाहन फंस गए। इसी तरह आलमबाग की ओर जाने वाले मार्ग पर करीब 18 सवारी वाहन पार्क थे। इसके अलावा चौराहे से बदनाम लड्डू तिराहे तक तीन रोडवेज बसें, 13 ऑटो, ई-रिक्शे खड़े नजर आए। बाराबिरवा से पारा की ओर जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे पिंक टॉयलेट और पिंक बूथ बना हुआ है। इनके बीच की दूरी करीब डेढ़ सौ मीटर है। इस रास्ते पर पुलिस की शह पर अवैध टैंपो स्टैंड चल रहा है। शनिवार को यहां 12 टेंपो खड़े नजर आईं। बाराबिरवा चौकी के बगल में डग्गामार वाहन का स्टैंड संचालित हो रहा था।



### आलमबाग चौराहा 2:19 PM

आलमबाग चौराहे पर 15 ई-ऑटो और 8 ई-रिक्शे पार्क थे। नंबर आने पर चालक सवारियों को आवाज लगाते नजर आए। बेतरतीब सवारी वाहनों की वजह से आरडीएसओ और कानपुर रोड से आने वाला ट्रैफिक प्रभावित हुआ। चौराहे के कट पर वाहन फंस गए। करीब 10 मिनट के लिए कानपुर और चारबाग की ओर जाने वाले मार्ग पर ट्रैफिक जाम हो गया। चौराहे पर चारों तरफ अराजकता थी। ई-रिक्शे वाले सवारी के लिए 50-50 मीटर पर रुक रहे थे। इस कारण रोडवेज की बसें जाम में फंस रही थीं।

> ऑटो टेम्पो स्टैंड को लेकर 15 दिनों के भीतर आपत्ति मांगी गई है। आपत्ति की कार्यवाही पूरी होने के बाद पूरी उपविधि सदन में रखी जाएगी। सदन की सहमति के बाद स्टैंड योजना को जमीन पर उतारा जाएगा। उम्मीद है फरवरी तक स्टैंड संचालन का कार्य शुरू हो जाएगा। -गौरव कुमार, नगर आयुक्त

> अवैध रूप से संचालित हो रहे टैक्सी स्टैंड के खिलाफ कार्रवाई की जिम्मेदारी नगर निगम की है। नगर निगम की मांग पर पुलिस फोर्स उपलब्ध कराई जाएगी। ट्रैफिक में बाधा डालने वाले अतिक्रमण और वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। -कमलेश दीक्षित, डीसीपी ट्रैफिक, लखनऊ




# आलोक कुमार को दी गई ARTO प्रवर्तन की ज़िम्मेदारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ में सहायक संभागीय अधिकारी (एआरटीओ) प्रवर्तन के पद पर आलोक कुमार यादव को तैनात किया गया है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में तीन आरटीओ और 18 एआरटीओ की तैनाती दी गई है। लखनऊ में तीन एआरटीओ प्रवर्तन के पद हैं, लेकिन यहां पर अफसर नौकरी करने से घबराते हैं। यही वजह है कि लंबे समय से सिर्फ एक ही पद पर एआरटीओ प्रवर्तन तैनात थे। वर्तमान में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन राजीव कुमार बंसल निलंबित कर दिए गए हैं। नई तैनाती को लेकर परिवहन विभाग के विशेष सचिव खेमपाल सिंह की ओर से ज्वॉइनिंग के आदेश जारी किए गए हैं।

### आरटीओ को भी तैनाती

प्रमोशन पाकर आरटीओ बने अफसरों को भी तैनाती दे दी गई है। राघवेंद्र सिंह को वाराणसी और मनोज कुमार सिंह को आरटीओ प्रशासन सहारनपुर बनाया गया है। जबकि, अम्बरीश कुमार को आरटीओ प्रवर्तन मेरठ बनाया गया है। तत्काल प्रभाव से नई तैनाती पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

### NBT ने कई बार उठाया था मुद्दा

राजधानी जैसे महत्वपूर्ण जिले में एआरटीओ प्रवर्तन की कमी का मुद्दा NBT ने कई बार उठाया था। कई अफसरों के प्रमोशन के बाद भी कई जिलों में अफसर नहीं थे। इस मुद्दे को भी NBT ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। लखनऊ में एआरटीओ प्रवर्तन की कमी की वजह से अभियान लगातार प्रभावित होते रहे हैं। नवंबर में एसटीएफ ने लखनऊ, फतेहपुर, रायबरेली आदि में ओवरलोडिंग वाहनों से वसूली के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें लखनऊ एआरटीओ सहित तीन एआरटीओ, पीटीओ आदि का निलंबन भी हुआ। ऐसे में नए एआरटीओ, प्रवर्तन की तैनाती मिलने से लखनऊ में वाहनों की जांच का काम फिर से पटरी पर लौट सकेगी।

- प्रमोशन के बाद कई अफसरों को मिली तैनाती
- तीन आरटीओ, 18 एआरटीओ को मिली नई तैनाती


अफसरों को कर दिया प्रमोट, लेकिन नहीं दी जा रही तैनाती


STF के चाबुक से ठंडे पड़े अभियान
बैठक दर बैठक, रुक नहीं रहे हादसे

### किसको कहां मिला जिम्मा

| | |
|---|---|
| ● चंपा लाल सिद्धार्थनगर | (एआरटीओ प्रशासन) |
| ● अशोक कुमार श्रीवास्तव गाजियाबाद | (एआरटीओ प्रशासन) |
| ● कौशल कुमार सिंह सोनभद्र | (एआरटीओ प्रशासन) |
| ● मानवेंद्र प्रताप सिंह सहारनपुर | (एआरटीओ प्रशासन) |
| ● विनय कुमार सिंह आगरा | (एआरटीओ प्रशासन) |
| ● कृष्ण कुमार यादव फर्रुखाबाद | (एआरटीओ प्रशासन) |
| ● हरिओम बदायूं | (एआरटीओ प्रवर्तन) |
| ● वैभव सोती बरेली | (एआरटीओ प्रवर्तन) |
| ● सतेंद्र कुमार यादव मथुरा | (एआरटीओ प्रवर्तन) |
| ● विंध्याचल कुमार गुप्ता कानपुर | (एआरटीओ प्रवर्तन) |
| ● उमेश चंद्र कटियार रायबरेली | (एआरटीओ प्रवर्तन) |
| ● गुलाब चंद्र अयोध्या | (एआरटीओ प्रवर्तन) |
| ● विपिन कुमार बागपत | (एआरटीओ प्रवर्तन) |
| ● हरिओम शाहजहांपुर | (एआरटीओ प्रवर्तन) |
| ● प्रतीक मिश्र फतेहपुर | (एआरटीओ प्रवर्तन) |
| ● नीतू शर्मा बुलंदशहर | (एआरटीओ प्रवर्तन) |
| ● देवव्रत कुमार मेरठ | (आरटीओ प्राविधिक) |

# निलंबित अफसरों के वसूली कांड में साथ देने वालों पर भी नज़र

## विभागीय जांच में कई और अफसर आएंगे ज़द में

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

ओवरलोडिंग के मामले में एसटीएफ की एफआईआर और ऐक्शन के बाद तीन एआरटीओ प्रवर्तन को भी निलंबित कर दिया गया है। अब इनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। इस जांच में निलंबित अफसरों के करीबियों पर भी नजर रखी जाएगी। साथ ही एसटीएफ भी नजर रखे हुए है। निलंबन की कार्रवाई लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन राजीव कुमार बंसल के खिलाफ भी की गई है। इस प्रकरण को लेकर शासन सख्त है। ऐसे में कई लोगों की गर्दन अभी इसमें फंस सकती है।

एसटीएफ ने हमीरपुर, महोबा सहित बुंदेलखंड के जिलों से मौरंग, गिट्टी के ओवरलोड ट्रकों को रिश्वत लेकर पास कराने का भंडाफोड़ करते हुए 12 नवंबर को एफआईआर दर्ज करवाई थी। लखनऊ के मड़ियांव, रायबरेली के लालगंज और उन्नाव में दर्ज तीन एफआईआर में परिवहन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व वाहनों को पास कराने के सिंडिकेट में शामिल 25 लोगों को नामजद किया गया था। नामजद होने के 48 दिन बाद परिवहन विभाग के विशेष सचिव केपी सिंह की ओर से जारी आदेश में लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन राजीव कुमार बंसल, रायबरेली के अंबुज और फतेहपुर की पुष्पांजलि मित्रा को निलंबित कर दिया गया था। इस निलंबन के साथ ही विभागीय जांच की जा रही है। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह विभागीय जांच को लेकर बेहद सख्त हैं। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि जो भी इस प्रकरण में शामिल पाया जाएगा, उसको बख्शा नहीं जाएगा।

### बंद था खेल, तीन साल पहले हुआ शुरू

ओवरलोडिंग वाहनों की एंट्री पर होने वाली वसूली का खेल बहुत पुराना है। सूत्र बताते हैं कि कोविड के समय एंट्री का खेल बंद हो गया। 2022 में एक जोनल स्तर के अफसर ने एंट्री दोबारा शुरू करवाई। जिसके बाद से वसूली होने लगी थी। सिपाहियों से लेकर आला अफसर तक इस रैकेट में शामिल हैं।

AI Image



### पुराने अफसरों की भूमिका भी संदिग्ध

ओवरलोडिंग मामले में उत्तर प्रदेश ऑटो लोडर संयुक्त कल्याण समिति ने भी गंभीर आरोप लगाए थे। समिति ने मांग की थी कि ओवरलोडिंग में वसूली और ट्रांसपोर्टर का शोषण पहले भी होता रहा है। ऐसे में लखनऊ और संभाग में तैनात रहे पुराने अधिकारियों के कार्यकाल की भी जांच की जाए। इस संबंध में परिवहन मंत्री से मुलाकात भी की थी। अब निलंबन की कार्रवाई और विभागीय जांच के बाद यह मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। पदाधिकारियों का आरोप था कि बड़ी गाड़ियों से ओवरलोडिंग के मामले में वसूली की जाती रही है। साथ ही छोटी गाड़ियों को लेकर भी दबाव बनाया जाता रहा है। कई ऐसी छोटी गाड़ियां हैं, जिन पर 90-90 हजार रुपये तक का चालान है। कई अफसर दिन-रात चेकिंग के नाम पर वसूली का खेल करते थे। ट्रांसपोर्टरों का दावा है कि पुरानी शिकायतों की लिस्ट बनाई है। दो-तीन साल पहले लखनऊ में तैनात रहे अफसर अब दूसरे जिलों में बड़ी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ऐसे में इन शिकायतों की पड़ताल भी सिंडिकेट का पर्दाफाश करने में मदद करेगी।

**कसेगा शिकंजा** रूल तोड़ने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग सख्त

# ट्रैफिक रूल तोड़कर भागने पर RC होगी ब्लॉक

## आरसी खुलवाने जाने वाले वाहन मालिक का ड्राइविंग लाइसेंस होगा सस्पेंड

AI Image




■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग सख्त हो गया है। ट्रैफिक रूल तोड़कर भागने वाले चालकों को सबक सिखाने के लिए नया प्रयोग किया गया है। अब जुर्माना लगाने के साथ ही गाड़ी का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) को भी ब्लॉक कर दिया जाएगा। जिसके बाद वाहन स्वामी जब आरसी खुलवाने आएगा तो उसके ड्राइविंग लाइसेंस को सस्पेंड करने के लिए भेजा जाएगा।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कई वाहन मालिक ट्रैफिक रूल तोड़कर आगे निकल जाते हैं। कार्रवाई के नाम पर संबंधित चालान भर देते हैं। इससे उनके मन में ट्रैफिक रूल तोड़ने को लेकर कोई डर नहीं होता है। आमतौर पर ट्रैफिक रूल तोड़ने वाले के ड्राइविंग लाइसेंस को सस्पेंड किया जाता है, लेकिन भाग जाने वाले लोगों में इसकी पहचान संभव नहीं होती। इसको देखते हुए निर्णय लिया गया है कि बार-बार ट्रैफिक रूल तोड़ने वाली गाड़ी की आरसी को ब्लॉक कर दी जाएगी। ब्लॉक के बाद गाड़ी को नियमतः चलाया नहीं जा सकता है। ऐसे में वाहन मालिक आरसी के ब्लॉक को हटवाने के लिए आरटीओ ऑफिस पहुंचते हैं। ऐसे लोगों की आरसी तो खोल दी जाएगी, लेकिन उनके ड्राइविंग लाइसेंस को सस्पेंड करने के लिए कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ समेत कई जिलों में यह कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एआरटीओ प्रशासन पीके सिंह ने बताया कि लोगों की सुरक्षा के लिए कार्रवाई की जा रही है।

### यह होगा फायदा?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

आमतौर पर ट्रैफिक रूल तोड़कर भाग जाने के बाद लोग जुर्माना भर देते हैं या कोर्ट जाकर माफ कराने की जुगत में रहते हैं, लेकिन इससे उनके मन में नियमों का पालन करने की जागरूकता नहीं होती। माना जा रहा है कि इस कार्रवाई से लोगों में डर के साथ ही जागरूकता भी आएगी। साथ ही लोग लापरवाह लोगों को गाड़ी देने से भी बचेंगे।

# 2 महीने के बाद चालू हुई लिफ्ट

AI Image




■ NBT न्यूज, लखनऊ: अलीगंज स्थित नगर निगम जोन-3 कार्यालय में बंद पड़ी लिफ्ट शनिवार को चालू हो गई। करीब दो महीने से खराब पड़ी लिफ्ट के कारण कार्यालय आने-जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों को काफी परेशानी हो रही थी। बार-बार शिकायत के बाद भी अधिकारी समस्या को अनदेखा कर रहे थे। ऐसे में सामाजिक संगठनों की ओर से मामले को नगर आयुक्त और मेयर के सामने उठाया गया। इसके बाद शनिवार को लिफ्ट की मरम्मत करवाकर दोबारा चालू करा दिया गया।

# कोस्ट यार्ड में तैयार होंगे 80% कंस्ट्रक्शन टूल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राजधानी में मेट्रो के सेकंड फेज के निर्माण की कवायद तेज हो गई है। एलडीए से कोस्ट यार्ड बनाने के लिए जमीन मिलने के बाद अब यूपीएमआरसी ने बाकी औपचारिकताएं पूरी करनी शुरू कर दी है। कोस्ट यार्ड में जल्द ही प्लांट लगाकर निर्माण कार्य को रफ्तार दी जाएगी। यहां निर्माण सामग्री के करीब 80% टूल को तैयार कर जरूरत के अनुसार रूट पर लगाया जाएगा।

चारबाग से वसंतकुंज तक ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर का निर्माण किया जाना है। इसके लिए ज्यादातर औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं। सिर्फ कंस्ट्रक्शन से जुड़ी फर्म का टेंडर होना बाकी है। डिजाइनिंग का टेंडर पहले ही हो चुका है। अब एलडीए की ओर से यूपीएमआरसी को कोस्ट यार्ड के लिए भी जगह मिल गई है। यूपीएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि मेट्रो के निर्माण में कोस्ट यार्ड का अहम रोल होता है। मेट्रो के निर्माण से जुड़ी करीब 80% चीजों को कोस्ट यार्ड में ही तैयार किया जाता है। उसके बाद यार्ड से ले जाकर जहां जरूरत है, वहां फिट कर दिया जाता है। कंस्ट्रक्शन का टेंडर पूरा होते ही कोस्ट यार्ड में भी काम शुरू हो जाएगा।

> UPMRC ने ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के निर्माण की तैयारियां तेज कीं

**11.2 किमी लंबी होगी फेज 1-बी की ब्लू लाइन:** चारबाग से वसंतकुंज तक लखनऊ मेट्रो का दूसरा चरण (फेज 1B / ब्लू लाइन) करीब 11.2 किमी लंबी होगी। जिसमें 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। यह रूट अमीनाबाद, चौक जैसे पुराने लखनऊ के घनी आबादी वाले इलाकों को जोड़ेगा।

# स्पेशल ट्रेनों के लिए नहीं करना होगा मंजूरी का इंतजार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: होली, दिवाली, छठ पर्व समेत बड़े त्योहार व आयोजनों पर अब स्पेशल ट्रेनों के लिए बार-बार मंजूरी का प्रस्ताव नहीं भेजना होगा। पूर्वोत्तर रेलवे को बोर्ड की ओर से स्पेशल ट्रेनों की अधिसूचना को मंजूरी मिल गई है। होली से लेकर छठ तक के लिए 936 फेरों के लिए ट्रेन चलाने को कहा गया है।

ऐसे में अब एनईआर को स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए बार-बार बोर्ड से अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी। डिमांड के हिसाब से ट्रेन चलाई जा सकेंगी। पूर्वोत्तर रेलवे तीनों मंडलों से अलग-अलग 15 रूटों पर स्पेशल चलाने की प्लानिंग कर रहा है। यह बदलाव यात्रियों की भीड़ को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए किया गया है।

# कोहरे और शीतलहर से राहत नहीं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

कंपाने वाली ठंड शनिवार को भी जारी रही। अगले एक सप्ताह तक फिलहाल ठंड से राहत के कोई आसार नहीं है। लखनऊ में मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि रविवार को घने कोहरे के साथ शीतलहर भी पड़ेगी। इससे ठंड में और इजाफा देखने को मिलेगा। यह सिलसिला नौ जनवरी तक रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने किसानों के साथ ही राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए अडवाइजरी जारी की है और ठंड से बचने की सलाह दी है। बहुत जरूरी होने पर ही सफर का रिस्क उठाने की सलाह दी है।

> मौसम विभाग ने बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं के लिए जारी की अडवाइजरी

लखनऊ में शनिवार को अधिकतम पारा 16.9C दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 11.4C रेकॉर्ड किया गया। पर

**अम्बेडकर स्मारक**



हो या बाहर ठंड से लोग परेशान दिखे। गलन इस कदर थी कि गाड़ी चलाने में भी काफी दिक्कतें हुईं। आने वाले दिनों में रात का पारा और भी नीचे जाने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार लखनऊ के अलावा कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को घने कोहरे की वजह से दृश्यता 50 मीटर से भी कम रहने की संभावना है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह के मुताबिक अगले तीन दिनों में दिन व रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

**सबसे ठंडा दर्ज हुआ हरदोई :** यूपी में शनिवार को सबसे ठंडा हरदोई रहा। यहां न्यूनतम तापमान 5.5C दर्ज किया गया। अलीगढ़ में 6.4C, आगरा में 6.9C, कानपुर में 7.2C, बाराबंकी में 8.4C न्यूनतम पारा दर्ज हुआ। यह गिरावट आने वाले दिनों में भी दर्ज की जाएगी।

**फेफड़े हो सकते हैं प्रभावित :** मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान घने कोहरे की वजह से सूक्ष्म कण और अन्य प्रदूषक फेफड़ों पर असर डाल सकते हैं। इसकी वजह से फेफड़े की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

**फसलों के लिए चेतावनी :** घना कोहरा और शीतलहर कई फसलों को नुकसान भी पहुंचा सकता है। सबसे ज्यादा दलहन फसलें प्रभावित होने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार कोहरे की वजह से अरहर की फूल व फली झड़ सकती हैं। झुलसा रोग भी लग सकता है। मटर की फली में सड़न, आलू में झुलसा रोग व पत्तियों में गलन हो सकता है। इसके अलावा फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, बैंगन, मिर्च, गाजर, मूली जैसी सब्जियों में पत्तियों पर धब्बा और झुलसा रोग लग सकता है। पाला से बचने के लिए हल्की सिंचाई के सुझाव दिए गए हैं।

## अटकीं ट्रेनें और फ्लाइटें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कोहरे की वजह से शनिवार को भी ट्रेनों और विमानों का संचालन प्रभावित हुआ। तेजस एक्सप्रेस शुक्रवार को निरस्त हो गई थी। शनिवार को तेजस एक्सप्रेस लखनऊ जंक्शन से सुबह 6:10 बजे सही समय पर रवाना हुई। हालांकि यह ट्रेन नई दिल्ली 3:10 घंटे की देरी से दोपहर 3:45 बजे पहुंची। इस कारण नई दिल्ली से दोपहर 3:30 बजे की जगह 2:48 घंटे की देरी से शाम 6:18 बजे छूट सकी। प्रतिदिन करीब 12 घंटे की देरी से बरौनी से आने वाली गोरखधाम एक्सप्रेस शनिवार को 4:06 घंटा की देरी से आई। फैजाबाद एक्सप्रेस 45 मिनट, दिल्ली-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस 46 मिनट, पद्मावत एक्सप्रेस 2:16 घंटे, नौचंदी एक्सप्रेस 1:39 घंटे, लखनऊ मेल 1:17 घंटे, एसी एक्सप्रेस एक घंटा, चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट 2:33 घंटे और 15566 वैशाली एक्सप्रेस 2:36 घंटे की देरी से आई।

**21 फ्लाइटें भी प्रभावित रहीं**

अमौसी हवाई अड्डे पर 21 फ्लाइटें कोहरे के कारण प्रभावित हुईं। इनमें 6E-453 हैदराबाद-लखनऊ 1:11 घंटा, 6E-6522 रायपुर-लखनऊ 49 मिनट, 6E-6614 दिल्ली-लखनऊ 39 मिनट, 6E-6652 गुवाहाटी-लखनऊ 39 मिनट, 6E-556 कोलकाता-लखनऊ 1:01 घंटा, 6E-2442 मुंबई-लखनऊ 36 मिनट, 6E-6938 लखनऊ-मुंबई 58 मिनट, 6E-758 लखनऊ-दिल्ली 1:26 घंटा, 6E-515 लखनऊ-देहरादून 28 मिनट देरी से पहुंची।

## फुटपाथ पर सोने वालों को रैन बसेरों में पहुंचाएंगे अफसर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राजधानी में कड़ाके की ठंड में फुटपाथों पर रात गुजारने वालों को प्रशासन के अफसर रैन बसेरों में पहुंचवाएंगे। इसके लिए जिला प्रशासन और नगर निगम के अफसरों की टीमें गठित की गई हैं। डीएम खुद रोज होने वाले निरीक्षण की मॉनिटरिंग करेंगे।

> डीएम ने अफसरों संग किया निरीक्षण

डीएम विशाख जी. ने शुक्रवार की रात हजरतगंज इलाके में अफसरों संग घूम कर जायजा लिया। इस दौरान जो लोग फुटपाथ पर सोते मिले, उन्हें रैन बसेरों में पहुंचवाया गया। डीएम ने रैन बसेरों में उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने हजरतगंज चौराहा, जीपीओ पार्क और डीएसओ चौराहा सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल बांटे और रैन बसेरे में भिजवाया। सिविल हॉस्पिटल स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। अफसरों की ओर से किए गए भ्रमण और जरूरतमंदों की मदद का ब्योरा भी रोज तैयार किया जाएगा, जिसकी औचक जांच भी की जाएगी।


## एयरपोर्ट पर मिलेगा RJ बनने का अनुभव



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अमौसी एयरपोर्ट पर यात्रियों को आरजे बनने का अनुभव मिलेगा। अडाणी समूह ने 'हर सफर के हमसफर' अभियान के तहत यात्रियों को माइक तक लाने और उड़ान से पहले आरजे बनने का अनुभव दिलाने का मौका प्रदान करने की तैयारी की है। इसके लिए 'ने आरजे स्टूडियो' कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल के शुरू होने से उड़ान का इंतजार करने वाले यात्री न सिर्फ हवाई अड्डे की आवाज बनेंगे, बल्कि आरजे बनने का अनुभव ले सकेंगे। इसके जरिए शनिवार को कई यात्रियों ने अपनी यात्रा से जुड़ी कहानियों को भी साझा किया।


# जीवन साथी

दिल का रिश्ता



## वधू चाहिए

**जाति आधारित**

**अग्रवाल-बिसा**

UP bsd Agwl boy Dec.84/5'8" B.Tech MBA, Iless Div Wrkg MNC Gurgaon 28 LPA Stld in Delhi Seeks bride # 9871032142 E: agarwaldelhi07@gmail.com

SM4 Agg.5'7"/4lyrs, 42 LPA MCA, Noida, Divorce Iless, No Dowry,Upper Caste No Bar Seeks Suitable Genuine Match. BHP WA 9811301065

SM4 Gupta/ Aggrwal (Tayal Gotra) 31/5'3" /B.Tech- CS, MBA , M.Tech Wrkg in IT Co. 32 LPA, Noida bsd fmly, Seeks PQ Wrkg girl # 9810243871

PQM4 Mnglk boy, 5'10"/Feb 87 Exec MBA from XLRI, MCA, AVP, MNC Bank Ggn, 45 LPA. Send BHP to 9953775525/ kkg231@gmail.com

35/5.6, B.Tech(IIST) MS Space science (ISU France) founder@EY startup at Ggn. Former scientist(ISRO) & NSR, USA.M: 9427611809

PQM4 H'some, B.Tech, MS CS, Agarwal Boy, 29/5'10", well edu Delhi fmly,wkg MNC Gurgaon, Seeks Agarwal girl. Broker excuse. 9810466019, 7042596864

SM4 Maglik Goel, Oct-89, 5'7", Never Married, B.Com, Veg + T.Tottler, W.H. Mgr in Delhi, seeks Homely / Service Girl M.No. 9136164727, 8076063373.

**ब्राह्मण**

SM4 Kanyakubj Brahmin boy 29 Yrs./6ft. B.Tech(Civil) ...

BRAHMIN 30/5'10 B.Tech IIT MBA IIM working in MNC 1 Cr + Father Govt officer only child caste no Bar ...

LOOKING for edu wrkg girl for Bhatt Brahmin boy 27/5'10" B.Tech (computers) wkg. Bangalore, 24 LPA, Fmly stld in Delhi, roots from Lko. ...

H'SOME 44/5'11" knkj B.Tech(C.S),M.B.A (London) ...

PQ B'ful, tall slim girl for 6'4", Aug 97/ B.Tech+ M.Tech+ PGDBM Gaur Brahmin ...

✔ BTECH/MBA MANGLIK BOY OCT87/5.9"WKG PMOG DELHI 15LPA SEEKS QUAL GIRL 9911123452 hod-mgp@gmail.com

S Delhi bsd High Status Br. family Sr Bureaucrats invite match for never married only son, h'some, 5'11"/ early forties, B.Tech/ MBA, Premier Institutes, wkg Ggn, Sr position, US bsd MNC. # 9810700641

KAMBOJ B.Tech Boy Aug'93/5'5", Wkg MNC Pune, 20+LPA, from Chandigarh, joint family. Seeks prof. qual. homely girl, # 7087043718

SM4 Gaur Brahmin Boy 5'5" 26.8.1994 wrkng in Merchant Navy 2nd Officers B.Sc Nautical Sc. B'ful Bride Req. living in Gurgaon. 9810966611

B. Tech, MBA, C.A, B.Pharma MCA Wkg Punjabi girl for Saraswat Brahmin Boy 28/ 6' MBA Symbiosis Wkg MNC 28 LPA. Cont 9896660764

PQM for Brahmin boy, Jan 88, 5'11", TT, B.E., MBA Officer, Central Govt. PSU, Seeks B.ful Qlfd Girl # Call & W'App - 9810032218, 9826264847

SM4 Delhi bsd Saryupari Brhmin boy June 96/5'8" Central Govt officer in Ministry 12 LPA + affluent family girl wrkng/ Non working,no bar 9810653951

30, 5'8", Bhargav, Brahmin , MBA, Mumbai based professional, seeks a w'edu, cultured & graceful bride. All Brahmin welcome 9820097284

PQSM for a Punjabi brahmin boy MBA, born 95, 5'7", 10 LPA working in MNC automobile Co. in Gurgaon. Family settled in Gurgaon. Cont : 9810428180

**गूजर**

CANADIAN PR Gurjar Boy 26/6' MS electrical engineer seeks beautiful prof. qualified Matched NRI/ Indian girl. ...

**जाटव**

DELHI based JATAV h'some boy (Manglik), DOB 09.01.94, height 5'10", working in BSF Inspector preferred same caste girl. ...

HINDU Jatav H'some boy 30/5'8" fair, B.Tech Manager IOCL 25 LPA, father Rtd. IAS ...

**कायस्थ**

BHATNAGAR, Dec '95, 5'10", B.Tech; MSc Data Analytics (Ireland). Working in Meta, Dublin as Gen-AI Engineer. LPA 40-45. Seeking educated, compatible match. ...

SM4 Srivastava H'some boy 28yrs 5'5"Govt. Job in Prayagraj Seeking Govt. employed Girl ... Family residence Kanpur.

29/5'10 B.TECH - IIT MBA-IIM Sr. Manager MNC 60 Lpa Father Govt. Officer Caste No Bar No dowry ...

SAXENA fair MCA feb85/5'9" Associate Director, MNC noida 42Lpa nvr'mrd young look father astt. director Retd seek's fair girl, erly'marg.caste'nbar ...

SM4 Sriv 35/5'8" young looking, Govt Bank Manager, Net worth: 2 crore, No-dowry but equalstatus mandatory Pref. lucknow/nearby. #7307362287

AFFLUENT Bengali Kayasth, 35 years, 5'4", Kota-educated Hygiene Executive Mngr; Father Senior teacher, seeks educated, cultured bride, 30-33 aged. Call +91 9672309952

GROOM Dec '86 BTech E&C 6'3 Sr Specialist Telecom Netw Engg MNC. Ner Marrd CTC 25LPA, well settled seeks Prof. qual bride # 9532479634

SRIVASTAVA, Dec '94, 5'2", Non-Mangilk, Engg. + MBA, Global MNC Bangalore, 27LPA. Educated Lucknow family. Seeking well-educated girl. Contact: 9582546669

**खत्री**

SM4 Fair, H'some 6'/83 Never married,Teetotaler non-smoker UP khatri boy wkg Hdfc Noida. Father retd. Class I Officer No dowry. Send to BHP 9963625786

UP Khatri boy /5'10"/Sr. SW. Engineer, M.Tech, (MNC Banglore), 25 Aug 1988 Sitapur UP born, never married, Vegetarian, No-alcohol, Non-smoker. Looking for suitable, well educated girl pref. born after 1991. (Pref. UP Khatri) M : 6386324625

PB Khatri 36/5'9"B.tech MBA (Germany) Director MNC, Lives in Spain, Delhi based affluent family. Seeks match frm India/Abroad 9717787954

**सामान्य**

**अग्रवाल**

H'SOME Jain/Goel 5'7"/68kg, BE (E&C) Engg Director / 1 Cr. PA US MNC, Lives in Noida, 21.5.74/4pm/Fnp W: 9958606647, Email: jain1974s@gmail.com

SM4 H'Some Aggarwal NM Boy B.tech/32/5'10"/software Professional Wkg with MNC ...

AGARWAL Boy 32/170cms/ 70 kg/ B.Tech IIT/ PhD USA/ research scientist UK / Girl in UK or willing to live in UK ...

EDU wrkg/Non-wrkg girl for Jhome Agarwal Jindal boy (Architect) Sep92/5'4" . ...

B.TECH (ECE) Agarwal Boy 30/5'10"/40+Lpa working in MNC Noida. Lucknow based reputed family. Father Doctor. Pref wrkng girl. ...

Handsome boy, 32/5'11" B.E & MBA-IIM. Working in MNC at Indore. Business family Seeks educated & homely bride. bhageria1993@gmail.com 9827045698

**जाट**

SM4 S.Delhi bsd boy 39/ 5'10" MBA(Symb) working as VP in Int'l Bank in Canada seek wkg professional of rptd/edu fmly. Avoid Panwar, Kadyan, Dalal. ...

NRI Jat fmly SM for well edu. h'some son US citizen 32/6', Civil Engr. Looking for tall well edu. girl ...

JAAT, Dhillon Gotra boy DOB 16-05-1995, 6'2", fair, handsome, LLB, LLM, Advocate. Father is own business, Seeking suitable Jaat bride. ...

**राजपूत**

CHAUHAN Rajput (Vats Gotra), Single Boy, 5'8"/23, Working MNC Bank, Salary 45000, Rental Income 30000, looking B'ful Bride # 9560175050

RAJPUT V'HANDSOME BOY 29/180, B.Tech From DELHI, MBA (IIM). JOB IN MNC. Phone No: 0124-4075510. Own House in Delhi & Gurgaon.

PQM4 1990/5'10", Post Graduate Boy, Businessman, Earning 30 Lakhs Monthly Seeks B'ful, Qlfd Girl, Caste no bar. W'app 9056883269

**कार्य आधारित**

**डॉक्टर्स**

UPPER Caste wkg upto 43 Yrs Bride 4 Panchkula Based Never Married Doctor, 1974/ 5'4" surgery.advance@gmail.com 79730-70110, 99149-50258

**धर्म आधारित**

**हिंदू**

B.TECH Boy 27 Yr.Punjabi Khatri 6.2ft. Salary 18 Lakhs PA Goa looking for educated, beautiful, slim, fair girl. No Demand. e-mail photo with biodata on rakesh201314@yahoo.com

✔ 42 yr Brahmin B-Tech US settled mglk divorcee seeks veg educated + family values bride mglk/non mglk . Contact- 7042520201

27 Yr.Punjabi Khatri Boy,Goa BTech.6.2ft. fair salary Rs.18 Lakhs pa looking for educated tall fair slim beautiful girl. No Demand.e-mail photograph with biodata on rakesh201314@yahoo.com

**मुस्लिम**

SEEKING Sunni Syed/Sheikh groom under 32 frm Delhi/NCR/ Lko family for Delhi-based, Girl Fair 26,5'4 MBA Pvt job, Mob ...

**सामान्य**

**जर्मन**

**कास्ट नो बार (जाति का कोई बंधन नहीं)**

DELHI Based Family Invites match for Fair, Handsome, 89 Born/ 5'10" BITS Pilani Alumnus & IIM Calcutta (PGDBP-Public Policy) Brahmin Boy. A well-estb. Political Strategist & Entrepreneur. Person of high ambition & grounded family values, spiritual & well travelled. Looking for a compatible, well educated Working/ Non-Working & Vegetarian girl with strong family values. Caste No Bar.

B.TECH/NSIT Del. based h'some jatav boy, 39/5'11" MNC (Germany) 1.10LPA frm educ. family ...

PB Khatri 1978 born boy B.Tech MBA Own Honda showroom very Good income looking Good Life Partner caste no bar. ...

WELL Settled,S.Delhi bsd Jat Boy,35/5'7",B.Tech, M.Tech, 60 LPA (Noida), Father Sr.Govt officer. Retd seeks b'ful, educated girl,caste no bar ...

UK bsd clean shaven Sikh IT Prof. 37/5'11", wkg for a reputed MNC.Holds master degree UK. Seeking compatible match. ...

SM4 Del NCR Boy 1992/5'5" MBA Wkg. MNC GGN Non Smoker Teetotaller Parents Retd. Govt. Servt. Seeks edu. girl ...

KHATRI H'some 30/ 5'8" B.Tech(CS),MBA, wkg MNC (Germany), LKO, Upper middle ...

SM for jatav SC boy/30/5'6, IAS (allied) wrkg. Indian Rail way Traffic Service (IRTS) ...

Bride for 1989 born, VAISHYA, very handsome, 5'9", brilliant Engineer, Masters from USA, Holder of Green Card on criterion of extraordinary ability, worked for a decade in corporates, planning own global operations, father - ex senior bureaucrat, mother - practicing medical professional, settled in Delhi/NCR. Looking for a smart and decent looking girl, educated and settled or willing to settle anywhere, from decent family. Caste no bar. Contact 7011171604, 9810047653 pkgirs84@gmail.com

**दहेज निषेध / आध्यात्मिक**

GUPTA, 40, 5'6", B.Sc. Unmarried,Business, looking for: Educated, divorce/ widow, Hindu(Any Caste) 9311540411

**एससी/एसटी**

SC / 50/5'4"/Divorced Doctor in Uttarakhand Father retired PCS Officer based in Allahabad, looking for educated homely bride. 8057980166

**दूसरी शादी**

PQM Khatri Div. I'Less Corporate Lawyer Wkg Dubai. 1989/187cm.Parents Well Sttd Delhi.9871334433 Caste no bar Em: uneeluppal@gmail.com

SM4 Gupta Iless Divorcee Sept'82/5'6"/Own Business, House & Shop. Good Income, Seeks 35 to 40 Yrs. bride. Pref having girl child age 4-6 yrs can be considered. Caste no bar ...

TLESS mutually divorced Kayastha boy, M.Tech, IIT Delhi, 43/5'8", Wkg in IT Company, 50 LPA, seeks simple qlfd girl. ...

SM4 NM 43/5'8"/ B.Com (H) & MBA/ Iless Divorce Boy/ Wrkg MNC/ S.Del Bsd Fmly. Seeks Edu. B'Ful Veg Bride. No Dowry ...

PQM4 h'some 5'11" Brahmin boy ...

AGGARWAL boy, 31/5'10", IIT-CS, MNC, affluent. Innocent 15-day divorce. Seeks educated girl (unmarried/ divorcee), good family. Caste no bar. ...

**वधू चाहिए - भाषा आधारित**

**पंजाबी**

29/5'10 B.TECH- IIT MBA-IIM Wrkn with MNC 90 LPA well established bisness fmly. ...

**वधू चाहिए - राष्ट्रीयता आधारित**

**एनआरआई/ ग्रीन कार्ड**

SEEKING Canada or India based girl for well-settled Canadian PR punjabi boy 1993 born/5'9". ...

SM4 Canada PR 28/180 Punjabi Arora boy living & Working as FA in a Bank in Canada. Pref Indian girl in Canada ...

AUSTRALIAN Citizen Gurjar boy 29/5'10" MS Software Developer seeks well educated girl. ...

PUNJABI Mnglk Boy 31/5'9", MS (USA), H-1B Visa 1-140 Approved, also Canada PR, Wkg Software Engineer in Big Tech, Family Delhi Based Seeks Qlfd Girl in USA/Canada ...

PQM in India/USA for Punjabi Khatri/ Rajput boy 34/5'11"/ MS SW Engr in USA, Veg, Edu Fmly Gurgaon, BHP ...

UK Indian mature gent handsome very fair seeking young fair Lady ready for Friendship/ Life Partner. ...

UK-SETTLED British Citizen, 32yrs, handsome CA, 5'11", Hindu boy looking for a professionally qualified working girl. ...



BOOK YOUR MATRIMONIAL ADS

FOR BOOKING PLEASE CONTACT: Kuldeep Tiwari 9044122662 Anurag Nautiyal 8840945902

TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

SCAN TO BOOK

bharat matrimony


Biggest Matrimony Service for Indians

भारत की सबसे बड़ी विवाह सेवा

अभी ऐप डाउनलोड करें

पंजीकरण मुफ़्त है!

25 साल से भारतीयों की नंबर 1 पसंद



## वर चाहिए

**जाति आधारित**

**अग्रवाल-बिसा**

British Citizen Affluent Professional Educated Aggarwal Family of South Delhi/London, Networth Multi-Crore for Very B'Ful, Smart, Slim Daughter 36Yrs. /5'4"/ British Lawyer Partner with leading US Law Firm in London and also Very H'Some 34Yrs./6'1" Lawyer Son Well Settled in Delhi (LL.M London), Educated from reputed family. Matches preferably settled in London / USA / Europe / Dubai / Singapore/ Delhi/ Mumbai etc. (Caste no bar) WhatsApp: 8826819445 Email: agarwal6362@gmail.com

**ब्राह्मण**

MATCH 4 Brahmin Girl 1997/5'3", Anshik Mangli, Convent Edu. LR in Delhi HC. Dad retd IAS now in Service Tribunal, Mom Prof. PG college Lko. Reputed family of bureaucrats, judges, police officers. ...

GIRL working under ministry of corporate affairs seeks a Govt. Officer groom, any brahmin 30 to 42, Bengali, U.P. ...

GAUR Brahmin, 28/5'3", fair, double Master (Gold medals), residing & wrkg in Mumbai, upper middle class, Seeking professional, All Brahmins accepted ...

SUITABLE Match for Sanadya Brahmin girl August 1989/5'2" presently working in MNC Pune ...

SEEKS s'ble Brhmin groom for an IIT & ISB educated girl 32/5'4", Class 1/2 govt officer / pvt job (25L+) from an elite fmly. ...

US wrkg Engg Gaur Br sept1994/5'3",Anshik Manglik, veg girl frm N. Delhi seeks similar match only US wrkg boy ...

SM4 Gaur br. Dec-91, B.Tech, MBA Wkg in Google at GGN at Sr. Position. H'some Pkg Looking ...

REQ. Groom- for unmarried jain girl 1993/5'6,software eng. in (USA) Resi. Jaipur All Jain & other Gen. cast accepted ...

**कायस्थ**

SAXENA smart girl never married Feb 87/5'3 MTech w'king MNC B'lore seeks qlfd Ner Early marriage family based at UP. Upper Cast No Bar. ...

CA Kayasth Mnglk Aug'92 5'2" Girl, Sr. Associate in Big 4 in Ggn Seeks Well Qlfd Boy Prefd. C.A / MBA/ IT Indus. ...

SRIVASTAVA 1995/5'4" fair MBA Mum Girl Risk Manager Private Bank, Lko based family seeks suitable match ...

KAYASTHA match for Kayastha girl, MBBS, pursuing M.D. at Jaipur. 30 Years/ 5'2" Medico match/ Nice profiled Govt. Service pref. ...

**क्षत्रिय**

KSHATRIYA bais Manglik 1993/5'4" Gotra Bhardwaj, from Lucknow based family. Wkg as Manager HDFC Bank seeks s'ble match ...

**समुदाय के आधार पर**

**अग्रवाल**

PQM / Medico/non medico for July 89, 5'6",Garg, Gynaec girl (permanent job in Govt hospital Delhi NCR) from reputed well qualified family. CASTE NO BAR. Delhi NCR boy preferred. ...

ESTEEMED Singhal fmly seek for 36/5'3" butiful daughter-Sr. Pilot (int'l airline).Also own a business in Delhi.Based in Qatar with roots in Delhi. Seek tall well-edu. globally minded boy acomplished business/prof frm cultured reput fmly. ...

B.TECH MBA Top B-School Sept'88/5'5" Very Fair, B'Ful, Wrkg MNC (Gurgaon). High Pkg. Seeks Prof. Qlfd. H'Some Tall match. ...

DELHI NCR Working Non Manglik boy for Never Married Bansal Gotra slim Girl Born October 90,5'3" approx. PSU Bank Manager ...

AGARWAL 28/5'3", Very B'ful Girl, B.Tech, MBA, working in MNC, Father H'Class B'nsman seeks H'sm Boy (Service/class+ B'nsman) Both Prfd ...

**जैन**

**जाट**

MA English B.Ed B'Ful Slim Jat Girl 22 years/5'4" W.UP Veg. Family Teaching in Pvt School. No Dowry Send BHP ...

**राजपूत**

MATCH for Very b'ful, fair, MS (ENT) 5'2", 30 years, family oriented, well-estb, Only daughter, NCR based Rajput B'ness family Seeks boy from rptd fmly pref. Civil Services, Doctor, Armed forces. Open to all upper caste. ...

LOOKING an alliance for Nov 93 born Kumauni Rajput Girl, 5'2", fair, working in Sydney. ...

SMF Cultured Rajput Girl BCA MCA 5'4" working with Deloitte, 25LPA Gurgaon seeks reputed rajput fmly Delhi+Ncr. ...

RAJPUT family seek alliance of girl, 29yrs, 5'7", fair, b'ful, M.Com., working. Qualified & settled boy. ...

**कार्य आधारित**

**डॉक्टर्स**

MD/MS BRAHMIN M4 M.S OPTHALMOLOGY (Studying) GARHWALI BRAHMIN GIRL 1995/5'8" FROM A DOCTOR'S FAMILY 9411536605 7985038968

MD/DM/IAS/ALLIED M4 Khatri slim pretty 5'4" /1991. MD Medicine Pulmonary, pursuing DM from AIIMS. Educated Chandigarh Family. ...

MBBS, DNB general surgeon, b'ful, agarwal doctor girl, June 96/5'1" Working in Delhi/NCR seeks suitable match. Marriage bureau plz excuse. ...

SUITABLE match for Nair south indian Brahmin beautiful girl 31/5'6", Non Manglik Doctor (MS Obstetrics & Gynecology). Marriage bureau excuse. ...

SM4 Baniya Girl, Aug. 95,5'4", MD Derma (Gold Medalist), doing Aesthetic Fellowship, Slim b'ful, Prfd IAS/IPS/Medico from Delhi/ NCR ...

SUITABLE M4 Sikh Saini B'ful Slim Fair Girl Sept'92/5' 3"MD Anesthesia pursuing DM critical Care from Delhi Final year ...

High status Pb. Khatri Doctors' family seeks well settled, highly qualified medico/ non medico professional match of any higher cast for 31y 155 cm fair very pretty PG medico girl. Att. Consultant in renowned Corporate Hospital Gurgaon Phone/Whatsapp 8126981291 shubhvarn6@gmail.com

**धर्म आधारित**

**हिंदू**

SEEKING alliance for our daughter 31yrs, 5'4", B'full fair, MA (UK) Psychologist, from well stld educ. boy Hindu/liberal Sikh ...

Qualified, Elegant, Well Placed, Cultured Family. 1986 Born, 5'4", 50 kgs, C.S. & Fin. Plg. Head of MNC, Non- Consummated Marriage, Flexible Brahmin looking for an Equal Match. Caste No Bar SUDHIR BHATT 9920099889 / 9619101019 / 20 sudhirmatrim@gmail.com

**मुस्लिम**

SUNNI Sheikh family Lucknow invites proposal for Doctor MBBS 34/158 girl from educated family. ...

SUNNI Sheikh Siddiqui girl, 5'3"/ 1996 smart, convent edu, MBBS MD Medicine, affluent family. Seeking MD/MS/ DM/ MCh doctor, Civil Servant or Businessman. ...

ANSARI fair & b'ful Wkg Finance Asstt 2003/5'3" Hijabi Namazi Lucknow based needs well settled, family oriented boy. ...

SUNNI Very fair, slim n' B'ful, Del bsd Ansari (No bar) girl 32/5'3",MBA Jamia wkg MNC Gurgaon, 16 LPA, well edu family skg PQ wkg mach. Call: 8595026071

SUNNI Ansari family of Lucknow Invites Proposal for Daughter 28Y/5.5 Fair Beautiful Convent Educated MD Path from AIIMS ...

**सामान्य**

**कास्ट नो बार (जाति का बंधन नहीं)**

BRAHMIN 26/5.4 B'ful, fair,slim girl B.Tech IIT MBA wrkg in MNC 22 Lpa. Father Indust. only Child, Caste No Bar ...

Ph.D, DU Kanojia Girl, 31/5'4",seeks Well Educated Stld. Govt MNC Preferred. Delhi Based Boy. ...

RAJPUT (NM) B.TECH/MBA girl 34/5'4". Wkg Snr Sales Mgr in MNC in Ggn. 45 LPA. Fthr retd Col. Upper castes only. Mob: 9675964505 (WA)

35-YR B.Tech working girl (Maurya), smart & family-oriented. Seeking well-settled, educated groom 35-40 yrs. Early marriage ...

B'FUL Agarwal well-settled BTech 1984/5'7.5", senior executive MNC, high package. Divorcee, I'less. Alliance invited. ...

WELL Educated B'ful Vaish Girl 21-8-89/5'5" B.Tech (Bio-Tech), MBA Mkt doing Free lance, Seeks well Edu. Boy, Govt. Job Pref. ...

SUITABLE Groom in Govt./PSU for a PSU Class-I Officer at Delhi, Kushwaha, 32 yrs, 5'4", Caste no bar. ...

**धर्मबंधन नहीं**

BRAHMIN 29/5.4 B'ful, Fair,slim Girl B.Tech IIT MBA working in MNC 28 Lpa Father class 1 officer, Caste No Bar ...

**दूसरा विवाह**

PUNJABI girl, born Apr 82/ 5'3", B.E., M.S. (USA) edu. Wrkg in Bangalore. Divorcee. Issueless. Biz family from Jaipur. ...

BE MBA Girl 44/ 5'3" B'ful Lks young, Div (Mrg only for 6 days) wkg MNC. Fthr Rajput Def Prsn. Mthr Dr. PB high Stts NCR fmly. Girl ready to relocate CNB. ...

MBBS MD Doctor Marathi Brahmin girl May 88/5'5" Divorced (No child) looking for Upper Caste Childless groom of Any Profession. ...

**वर चाहिए - भाषा आधारित**

**बंगाली**

SM4, B'ful Bengali Kayasta 31Yrs, 5'6" Dentist (MDS) Working Hospital in Bore, Seeks Well Settled Groom ...

SM4 Bengali Brahmin girl 32/5'7" MA (English), only Child, preferable from Allahabad, own house at Allahabad ...

**पंजाबी**

V. b'ful & smart girl PG & wrkg 5'3"/41 (looks younger) Status Pb. Khatri Sr. Citizen parents. Highly edu. family of S. Delhi. Seek edu. Wrkg./b'ness match. Caste no bar. ...

SM4 Arora girl Jan 84 born 5'8", wkg, 16 LPA MBA seeking smart handsome boy from respectable fmly. ...

SM4 B'ful punjabi girl 1995/ 5.5 Ft.27 LPA, MBA wkg in Gurgaon, Father businman, Brahmin, agarwal accept. ...

**वर चाहिए - राष्ट्रीयता आधारित**

**एनआरआई/ ग्रीन कार्ड**

SINGAPORE citizen, Kayasth, b'ful girl, 25/5'6", wrks as Public Health professional in Singapore, well- Edu. family settled in Singapore, seeks compatible match, pref'bly wrkg Singapore/ overseas. ...

SM for khatri divorcee Bful girl 34/5.6 BEngg working in reputed company in sweden ...

B.DES. (Amity Univ) & Dip in Civil Const. Design (Aust) B'Ful NM girl 29Yrs./ 5'6" Wrkg in Melbourne (Aus), Well stld Delhi bsd B'ness Khatri Fmly, Seeks well settled Prof. Qlfd match frm India/ Australia. ...

PROF qualified match For Agarwal 29/5'3" B.Tech M.S. (USA) Very fair Beautiful Girl. ...

More Interact ads on Subsequent pages

TIMES interact

**सलाह**

पाठकों को किसी भी विज्ञापन पर कार्य करने से पहले उन्हें पूरी तरह से पड़ताल करने की सलाह दी जाती है। यह अखबार विज्ञापनदाताओं द्वारा दिए जाने वाले उनकी स्थिति, आयु और दूल्हे/दुल्हन की आय की जिम्मेदारी नहीं लेता है। इस मामले में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: suneet.awasthi Time: 01-04-2026 00:22 Color:



## फटाफट खबरें

### 24 लाख का गांजा बरामद, चार अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : चारबाग जीआरपी, सीआईबी व एनसीबी की टीम ने चार गांजा तस्करों को पकड़ा है। आरोपितों के पास से 24 लाख कीमत का 120 किलो गांजा बरामद हुआ है। जीआरपी प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि 15109 मथुरा छपरा एक्सप्रेस की सेकंड एसी की सीट संख्या 37, 38, 39, 40 पर बैठे यात्रियों से गांजा बरामद किया गया। तस्करों ने बताया कि वह बिहार से चंडीगढ़ जा रहे थे। उनके पास मौजूद पांच ट्रॉली बैगों में छोटे-छोटे पैकेटों में 120 किलो गांजा भरा था।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

■ NBT न्यूज, चौक : वजीरगंज थाना क्षेत्र में विशाल कश्यप (24) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारीजनों के अनुसार डेढ़ माह पहले मजदूरी के दौरान गिरने से उसके पैर में चोट आई थी, जिसके दर्द से वह परेशान रहता था। नशे की हालत में रात कमरे में गया और कुछ देर बाद बहन ने बुलाने पर उसे फंदे पर लटका देखा। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या के कारण की जांच की जा रही है।

### दहेज उत्पीड़न का आरोप, मुकदमा दर्ज

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर निवासी सृष्टि त्रिपाठी ने पति हिमांशु त्रिपाठी समेत ससुरालजनों पर दहेज कम लाने का ताना देकर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। आरोप है कि 7 लाख रुपये और गाड़ी की मांग पूरी न होने पर मारपीट की गई। पति के अन्य महिला से संबंध का भी आरोप लगाया। 29 मार्च 2025 को ससुरालवालों ने मारपीट कर मायके भेज दिया। विवाहिता तीन साल के बेटे के साथ रह रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बंथरा में चालक ने फांसी लगाई, मौत

■ NBT न्यूज, बंथरा : खरसरारा गांव निवासी वाल गोविंद रावत (50) ने संदिग्ध हालात में अपने मकान में फांसी लगाकर जान दे दी। वे टेंपो चला परिवार पालते थे और परिवार से अलग दूसरे मकान में रहते थे। सुबह आंटो लेने पहुंचे बेटे लवकुश ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। खिड़की से झांकने पर पिता को फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी गई। कमरे में शराब की बोतल और खाना मिला, जिससे नशे में कदम उठाने की आशंका जताई जा रही है।

### ट्रांसफॉर्मर से तेल व कॉपर उपकरण चोरी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : पारा थाना क्षेत्र के सलेमपुर पतौरा इलाके में चोरों ने 250 केवीए के ट्रांसफॉर्मर को क्षतिग्रस्त कर उसमें भरा तेल और कॉपर के उपकरण चोरी कर लिए। अवर अभियंता कमलेश उपकेंद्र राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि 31 दिसंबर की सुबह बिजली आपूर्ति बाधित होने पर लाइनमैन रवि कुमार जांच के लिए पहुंचे तो ट्रांसफॉर्मर का प्लिंथ जमीन पर टूटा हुआ मिला और उसके पार्ट्स गायब थे। सूचना पर विभागीय अधिकारी पहुंचे और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### पुलिस पर अवैध वसूली का आरोप

■ NBT न्यूज, मलिहाबाद : रहीमाबाद थाना क्षेत्र की रानी ने आरोप लगाया कि उसकी जमीन पर निर्माण रुकवाने के नाम पर पुलिस ने 50 हजार रुपये की मांग की और उसने मजबूरन 10 हजार रुपये दे दिए। मामले की शिकायत सीएम पोर्टल और पुलिस अधिकारियों से की गई। इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि थाने में सीसीटीवी फुटेज में महिला किसी पुलिसकर्मी से मिलती दिखाई नहीं दे रही। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

### एसयूवी की टक्कर से डिलिवरी बॉय घायल

■ NBT न्यूज, आलमबाग : आशियाना थानाक्षेत्र में गुरुवार देर रात स्मृति प्लाजा के पास तेज रफ्तार एसयूवी कार ने डिलिवरी बॉय विजय की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के पिता रामनरेश ने गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस से शिकायत की।

### ट्रक की टक्कर से घायल युवक की मौत

■ NBT न्यूज, लखनऊ : चिनहट में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार हरीशचंद्र (20) को टक्कर मार दी। वह 31 दिसंबर की रात बाजार से घर लौट रहा था, तभी कमरिया चौराहे के पास हादसा हुआ। हरीशचंद्र को लो बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान शनिवार तड़के उसकी मौत हो गई। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बीबीडी इलाके में रहने वाली अंकिता यादव के सुसाइड के मामले में भाई शिवम ने लवकुश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के भाई का दावा है कि आरोपित से फोन पर बात करने के बाद ही उनकी बहन तनाव में आ गई थी। उसके बाद उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने आरोपों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जनेश्वर मिश्र पार्क घूमने गईं बहनों से छेड़खानी

## विरोध पर परिवार को भी पीटा, दोनों बहनों की आंखों में आई चोट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

जनेश्वर मिश्र पार्क घूमने गई दो बहनों से पांच युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपितों ने परिवार व दोनों बहनों से मारपीट की। एक बहन को काफी चोट आई। शीशा आंख में लगने से दूसरी बहन घायल हो गई। लोगों को जुटता देख आरोपित मौके से भाग निकले। गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने पिता की तहरीर पर पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

मूलरूप से सीतापुर निवासी पीड़ित ने बताया कि उनकी दोनों बेटियां नए साल के मौके पर 1 जनवरी को मामा-मामी के साथ जनेश्वर मिश्र पार्क घूमने गई थीं। शाम को पार्क के बाहर पांच युवकों ने दोनों बहनों पर अश्लील फब्तियां कसनी शुरू कर दीं। दोनों ने नजरअंदाज किया तो आरोपित छेड़छाड़ करने लगे। यह देख मामा ने विरोध किया तो आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दी। हाथापाई होने पर दोनों बहनों ने मामा को बचाने का प्रयास किया। आरोपितों ने उन्हें भी पीटा।

**कार का शीशा तोड़ा :** मारपीट में बड़ी बहन की आंख पर गंभीर चोट आई है। किसी तरह राहगीरों ने बीचबचाव कर आरोपितों को हटाया। पीड़ित परिवार कार में बैठ कर घर के लिए निकल रहा था, तभी आरोपित ने पीछे से पत्थर मारकर कार का शीशा फोड़ दिया। जिससे शीशा टूट कर छोटी बेटी की आंख में पड़ गया। जिससे उसे भी आंख में चोट आई। शोर होने पर कुछ अन्य लोग मदद के लिए दौड़े। लोगों को आता देख आरोपित गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। वारदात में दोनों बहनें घायल हुई हैं। आनन-फानन में मामा ने दोनों भांजियों को अस्पताल पहुंचाया घटना की सूचना मिलते ही परिवारीजन लखनऊ पहुंचे। पीड़ित पिता ने पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि गाड़ी को पास देने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों में महिलाएं शामिल थीं। छेड़खानी जैसी कोई घटना नहीं है।

**सुरक्षा पर सवाल**

- सीतापुर निवासी परिवार के साथ हुई घटना, गोमतीनगर विस्तार में रिपोर्ट दर्ज
- पुलिस ने बोली-कार को पास देने के विवाद में हुई मारपीट

### पड़ोसी ने युवक को पीटा, बहन से भी मारपीट

■ NBT न्यूज, पीजीआई : तेलीबाग चौकी अंतर्गत राजीव नगर घोसियाना में शराब के नशे में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि पड़ोसी युवक राजू से कहासुनी के बाद राजू के पिता, जो नशे में थे, वहां पहुंचे और उससे मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर बचाव के लिए आई बहन के साथ भी मारपीट की गई। किसी तरह जान बचाकर पीड़ित थाने पहुंचा और नामजद तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### संदिग्ध हालात में नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की मौत

■ NBT न्यूज, जानकीपुरम : नशा मुक्ति केंद्र में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। ई-रिक्शा चालक के भाई ने घटना को संदिग्ध बताते हुए जानकीपुरम पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

अलीगंज स्थित अहिबरनपुर निवासी अजय वर्मा (32) अपनी पत्नी संगीता और दो बेटों के साथ रहते थे। वह ई-रिक्शा चलाते थे जबकि पत्नी घरों में घरेलू काम करती है। बड़े भाई राधेश्याम ने बताया उनका भाई नशे का लती था, इस पर संगीता ने उसे जानकीपुरम स्थित गौशाला रोड सेक्टर-एक में नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कर दिया था। 31 दिसंबर को वह अपने पति के लिए गर्म कपड़े लेकर गई थी। वहां कर्मचारियों ने पति से मिलने से मना कर दिया और 4 जनवरी को बुलाया। शुक्रवार सुबह 4:00 बजे नशा मुक्ति केंद्र के लोगों ने संगीता को फोन कर ट्रॉमा सेंटर बुलाया। बताया कि उसके पति ने बाथरूम में फांसी लगा ली। उसके बाद नशा मुक्ति के कर्मचारियों ने संगीता को समझा-बुझा कर अजय का शव सौंप दिया। घर पर मौजूद भाइयों ने जब भाई के गले में गहरे निशान देखे तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने जानकीपुरम थाने में घटना की सूचना दी उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

**भाई ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच**

# धनंजय सिंह पर FIR कराने वाले के घर पहुंचे संदिग्ध!


■ NBT न्यूज, सुशांत गोल्फ सिटी : पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके करीबियों पर एफआईआर दर्ज कराने वाले पीड़ित के घर शुक्रवार रात सनसनीखेज घटना हुई। पीड़ित के मुताबिक देर रात 10:22 बजे स्वस्तिका सिटी स्थित घर के मुख्य गेट पर एक महिला सहित सात संदिग्ध लोग पहुंचे। उनके हाथों में भारी-भारी बैग थे। कुछ देर बाद गेट पर जोरदार आवाज हुई। संदेह होने पर पीड़ित कौशल किशोर तिवारी ने सीसीटीवी देखा तो गेट के बाहर संदिग्ध लोग दिखाई दिए। पीड़ित कौशल किशोर तिवारी का आरोप है कि जब उन्होंने अंदर से आवाज लगाई तो बाहर खड़े लोगों में से एक ने "मारो" कहकर आवाज दी।

पीड़ित ने तत्काल डायल 112 को बुलाया। इस दौरान आरोपित फरार हो गए। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में लिखित शिकायत दी। उन्होंने आशंका जताई कि संदिग्धों के बैग में जानलेवा वस्तुएं हो सकती थीं। वहीं जांच के बाद पुलिस ने दावा किया है कि पीड़ित के घर से 50 मीटर की दूरी टेक्नोविजन एजुकेशनल कोचिंग में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की यह शरारत थी। उनका कोई आपराधिक उद्देश्य नहीं था। स्टूडेंट नाबालिग हैं इसलिए उनके नाम व पते को गोपनीय रखा जा रहा है।

पीड़ित का कहना है कि हाल ही में ब्लॉक प्रमुख के पति और पूर्व सांसद से जुड़े विवाद व केस दर्ज होने के बाद उन्हें अपनी हत्या करवाए जाने का डर है। पीड़ित ने पुलिस को सीसीटीवी भी सौंपी है। उनका कहना है कि यह महज डराने की घटना नहीं बल्कि किसी बड़ी साजिश की शुरुआत हो सकती है। उल्लेखनीय है कि 30 दिसंबर को पूर्व सांसद धनंजय सिंह, जौनपुर की ब्लॉक प्रमुख मांडवी सिंह के पति विनय सिंह और उनके गनर के खिलाफ लखनऊ में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामला कॉलोनी की 20 फुट चौड़ी सड़क पर दीवार बनाकर कब्जा करने का है।

**सड़क पर कब्जे का मामला**

- स्वस्तिका सिटी निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर
- गेट पर मारी लात, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है। स्वस्तिका सिटी क्षेत्र में सुरक्षा व गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

– निपुण अग्रवाल, डीसीपी साउथ

# आरोपित गिरफ्तार, महिला के होश में आने का इंतजार

■ NBT न्यूज, काकोरी : काकोरी के रहमानखेड़ा के पास बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की महिला सुपरवाइजर को चलती ट्रेन से धक्का देने के मामले में पुलिस ने पूछताछ के बाद नामजद आरोपित प्रधान सहायक कमल को गिरफ्तार कर लिया है। उसके सहयोगियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर के मुताबिक पीड़िता का इलाज ट्रामा सेंटर में जारी है। डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है, लेकिन अभी तक होश नहीं आया है। होश में आने के बाद मैजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराए जाएंगे। पीड़िता के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

ठाकुरगंज निवासी पीड़िता बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग हरदोई में तैनात है। गुरुवार सुबह पिता ने उसे आलमनगर स्टेशन से बरेली एक्सप्रेस में बैठाया था। कुछ देर बाद मोबाइल बंद हो गया और लोकेशन रहमानखेड़ा के पास मिली। परिवारीजन मौके पर पहुंचे लेकिन वह नहीं मिली। शाम को बकरी चराने वालों ने रेलवे ट्रैक किनारे घायल लड़की पड़े होने की सूचना दी, जिसके बाद उसे पहले सीएचसी और फिर ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। परिवार ने आरोप लगाया है कि 19 दिसंबर को महिला ने हरदोई में तैनात प्रधान सहायक कमल कुमार के खिलाफ शहर कोतवाली में छेड़छाड़ की रिपोर्ट लिखाई थी। इसके बाद आरोपित का ट्रांसफर देहात क्षेत्र में कर दिया गया। 2 जनवरी को महिला का मैजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज होना था। घरवालों का आरोप है कि वह हरदोई के लिए निकली थी। बयान से पहले उसकी हत्या के मकसद से चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। घटना के बाद उसका बैग भी गायब है। जांच के लिए पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

**महिला सुपरवाइजर को चलती ट्रेन से धक्का देने का मामला**

### नाका में मामूली विवाद में युवक पर चाकू से हमला

■ NBT न्यूज, लखनऊ : नाका थाना क्षेत्र के रकाबगंज मौलवीगंज में चाची से गाली-गलौज करने के विरोध पर भतीजे आर्यन कश्यप पर युवक ने चाकू से हमला कर दिया। घटना गुरुवार रात 10 बजे की है, जब आर्यन चाची संतोषी के घर के बाहर बैठा था।

इसी दौरान स्थानीय युवक पुची आया और चाची से अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करते हुए आरोपित ने आर्यन पर चाकू से कई वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान हो गया। लोगों के जुटने पर आरोपित भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

# आर-संस के खिलाफ प्लॉट के नाम पर फ्रॉड की एक और एफआईआर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

आवासीय योजना के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाली आर-संस इंफ्राटेक डिवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज हुआ है।

चिनहट निवासी आशुतोष ने कंपनी के सीएमडी आशीष श्रीवास्तव पर प्लॉट बुकिंग के नाम पर 7.78 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 2012 में देवा रोड स्थित प्रज्ञा सिटी-1 योजना में तीन प्लॉट बुक कराए थे। किश्तों में छह साल तक पूरी राशि जमा कराने के बाद भी न तो कब्जा दिया गया, न रजिस्ट्री की गई। शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू और डीसीपी पूर्वी से जांच कराए जाने पर गाजीपुर पुलिस ने आशीष श्रीवास्तव सहित अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

U.P. CO-OPERATIVE SUGAR FACTORIES FEDERATION LTD.
9-A, Rana Pratap Marg, Lucknow.

**Corrigendum**

Please refer to our Online e-Tender Notice published in this newspaper on 03.01.2026, following amendment are as-:
E- Tender can be uploaded up to 5.55 P.M on dt. 07.01.2026 instead of 05.01.2026 & Technical & Financial Bid will be opened on 08.01.2026 instead of 06.01.2026 at 10.00 AM, 2.00 PM respectively other terms & condition remain same.
Date -03.01.2026 MANAGING DIRECTOR

संख्या: 3-11014/1/2025-स्था.(ई-164747)

**भारत सरकार**
**उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान**
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा)- 125 001
सत्यमेव जयते

कार्यालय अधीक्षक [साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख' अराजपत्रित, अनुसचिवीय, लेवल-6 (रू.35400-112400)] का एक रिक्त पद को **'प्रतिनियुक्ति आधार पर'**, कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान [बुदनी (मध्य प्रदेश)/हिसार (हरियाणा)/अनंतपुर (आन्ध्र प्रदेश)/विश्वनाथ चारिआली, (असम)] में तत्काल भरने के लिए केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित प्रशासन में कार्यरत पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

पात्रता शर्तों का पूर्ण विवरण एवं आवेदन-पत्र के प्रारूप इत्यादि, अधोलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं :-

- www.agricoop.nic.in - fmttibudni.gov.in - nrfmtti.gov.in
- srfmtti.dacnet.nic.in - nerfmtti.nic.in

निर्धारित प्रपत्र में सम्यक रूप से भरे गये आवेदन-पत्र (तीन प्रतियों में) पूर्ण विवरण एवं दस्तावेज के साथ रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर **निदेशक, उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, सिरसा रोड, हिसार -125001 (हरियाणा)** को 'उचित माध्यम' के द्वारा भिजवाया जाना चाहिए।

(निदेशक)

# बंद घर से लाखों की जूलरी और नकदी चोरी

■ NBT न्यूज, काकोरी : दुबग्गा क्षेत्र के आम्रपाली में कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र के बंद मकान में चोरों ने अलमारी के लॉकर तोड़ दिए। चोर करीब 13 लाख की जूलरी और 2.15 लाख रुपये कैश चुरा ले गए। घटना के समय कॉन्स्टेबल ड्यूटी पर थे और परिवार गांव गया था। शनिवार सुबह लौटने पर चोरी का पता चला। सूचना पर पुलिस, फरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने मौके पर जांच की और आसपास के सीसीटीवी खंगाले, जिसमें देर रात 2 बजे बाइक सवार तीन संदिग्ध युवक दिखाई दिए। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।



वहीं दुबग्गा के फुलेश्वर मंदिर स्थित कॉलोनी में अब्बास के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने 1.25 लाख कैश, सोने की अंगूठी और दो कंगन चोरी कर ले गए। घटना का पता शनिवार सुबह घर लौटने पर चला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए जांच शुरू की।

# जालसाजों के फोटो पोस्टर जारी

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : तहसील क्षेत्र के उदयपुर गांव में स्थित किसान की बेशकीमती जमीन को फर्जी किसान खड़ा कर बेचने वाले जालसाजों की तलाश में पुलिस ने शनिवार को फर्जी किसान व गवाहों समेत तीन आरोपितों का फोटो पोस्टर जारी किया।



प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग निवासी मृतक अवध राज सिंह की उदयपुर स्थित कीमती जमीन को जालसाजों ने 16 जुलाई 2024 को फर्जी किसान खड़ा कर रजिस्ट्री करा दी थी। धोखाधड़ी का खुलासा होने पर अवध की पत्नी विमला सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने आरोपितों की तलाश में विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका।

# साइबर जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड से ₹2.52 लाख उड़ाए

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर के प्रेमनगर निवासी सुधीर मिश्र के स्टैंडर्ड चार्टर्ड क्रेडिट कार्ड से 12 अक्टूबर की शाम दो ट्रांजैक्शन कर 2,52,046.95 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने न कार्ड साझा किया न कोई जानकारी दी। उन्होंने तुरंत बैंक, साइबर सेल और स्थानीय थाने में शिकायत की। पुलिस ने जांच के बाद आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि ट्रांजैक्शन की जांच कर संबंधित साइबर नेटवर्क और खाते का विवरण जुटाया जा रहा है और आगे विधिक कार्रवाई की जा रही है।

एक अन्य मामले में कृष्णा नगर इलाके के नारायणपुरी निवासी अतुल सिंह को एक कॉलर ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर झांसा देकर 2.15 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित के मुताबिक 15 दिसंबर को दीप नामक व्यक्ति ने फोन कर निवेश का लालच दिया और चार बार में ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करा लिए। धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत कर 1,74,137 रुपये होल्ड कराए और थाना कृष्णा नगर में तहरीर दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कृष्णानगर पुलिस ने केस दर्ज शुरू की जांच**

IHCL
THE INDIAN HOTELS COMPANY LIMITED

**E-TENDER NOTICE**

**Invite quotations from established contractors/vendors for the supply of the following items on a rate contract basis, From 1st April, 2026 to 31st March 2027 for the Taj Mahal Hotel and Taj Palace Hotel Lucknow Region for the below mentioned categories:**

• Indian Vegetables • English/Imp. Vegetable • Fruits Indian/Imported) • Spices – Brand Catch • Dry Fruits • Cut Vegetable and Fruits • Frozen Green Peas and Corn • Provision • Flours - Atta, Maida and Sugar • Indian Sweets & Snacks • Noodles & Tofu • Bread & Pao • Cold Cuts • Charcoal • Seafood- Fish, Prawn • Milk • Milk Products • Chicken • Eggs • Fresh Mutton and mutton products.

Vendors can be registered through accessing the below web link to obtain registration forms / E-Tender forms which will be available from **05th January 2026 till 15th January 2026** on the below mentioned credentials. For tender form allocation to those who aspire to apply should remit online **Rs. 1000/- (Non-Refundable)** for obtaining tender from for each category. Online vendor registration form duly filled along with quotations should be submitted online on or before 15 th January 2026. All tenderers Proposing to apply should **HAVE ALL THE MANDATORY LICENSES TO CONDUCT BUSINESS AND SHOULD BE Complaint to FSSAI Act / Rules & Regulations as on date and APPLICABLE FROM TIME TO TIME.**

Certification & Labelling of all the products & temperature for chilled & frozen items as **per FSSAI Standards is Mandatory. HACCP/ISO Certified vendor will be preferred.**

**WE THE MANAGEMENT OF PIEM HOTELS LIMITED, LUCKNOW RESERVE THE RIGHT TO ACCEPT / REJECT THE TENDER. QUOTE TO SUBMITTED ONLINE. NO PRINTOUTS / PHYSICAL COPY WILL BE ACCEPTED.**

**Contact: Materials Manager - Taj Mahal Lucknow**
**Tel No: 0522 6711641/642/678- 6306715915/ 8826973143.**
**Link for downloading Tender documents & for participating E- Tender Lucknow Region - http://etendering.tajhotels.com/lucknow**

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रधान मुख्य अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नीचे दिए गए कार्य के लिए योग्य ठेकेदारों से आईआरईपीएस पोर्टल पर ई-टेंडरिंग के ज़रिए सिंगल बिड सिस्टम में खुली निविदा आमंत्रित कर रहे हैं।

**क्र. सं.: 1. कार्य का नाम:** कर्नाटक राज्य में वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, कारवार के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एसईएन/उडुपी अनुभाग में कि.मी. 556/600 से 739/760 तक चिन्हित हिस्सों पर 52 किग्रा, 260 मीटर रेल पैनलों के साथ 70 ट्रैक कि.मी. (टीकेएम) लंबाई के लिए रेल नवीनीकरण का कार्य। **टेंडर नोटिस नं.: केआर-डब्ल्यू-1-58-2025-24. अनुमानित लागत:** रु.5,10,16,201/- जीएसटी को छोड़कर। **पूर्व बोली बैठक की तिथि एवं समय:** 06.01.2026 को 15:00 बजे। **समापन तिथि/समय:** 23.01.2026 तक 15:00 बजे तक ऑनलाइन ऑफर/बिड जमा करने के लिए। **पूरा होने की अवधि:** मानसून को छोड़कर चार महीने।

**क्र. सं.: 2. कार्य का नाम:** महाराष्ट्र राज्य में वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, रत्नागिरी क्षेत्र के अंतर्गत कि.मी. 0/800 से 378/100 तक चिन्हित हिस्सों पर 52 किग्रा, 260 मीटर रेल पैनलों के साथ 26 ट्रैक कि.मी. **टेंडर नोटिस नं.: केआर-डब्ल्यू-1-58-2025-25. अनुमानित लागत:** रु.1,89,69,104/- जीएसटी को छोड़कर। **पूर्व बोली बैठक की तिथि एवं समय:** 06.01.2026 को 15:00 बजे। **समापन तिथि/समय:** 23.01.2026 तक 15:00 बजे तक ऑनलाइन ऑफर/बिड जमा करने के लिए। **पूरा होने की अवधि:** मानसून को छोड़कर तीन महीने।

मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण / भागीदारी के लिए कृपया **https://ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाएँ। शुद्धिपत्र / परिशिष्ट केवल इस वेबसाइट पर होस्ट किए जाएंगे।

**सशक्त किसान समृद्ध उत्तर प्रदेश**



**यन्त्र बैच ड्रायर हेतु निर्माता कम्पनियों की इम्पैनलमेन्ट**



1. त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत यन्त्र बैच ड्रायर की निर्माता कम्पनी के इम्पैनलमेन्ट की प्रक्रिया दिनांक 04.01.2026 से आरम्भ होगी।
2. बैच ड्रायर के इम्पैनलमेन्ट हेतु आवश्यक अभिलेख संयुक्त कृषि निदेशक अभियन्त्रण कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्राप्त कराने की अन्तिम तिथि 17.01.2026 होगी।
3. इम्पैनलमेन्ट हेतु निर्माता कम्पनी द्वारा समस्त अभिलेख रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। आवेदक निर्माता कम्पनी को रजिस्टर्ड डाक भेजने की रसीद सहित समस्त अभिलेख की एक प्रति संयुक्त कृषि निदेशक (अभियन्त्रण) उ0प्र0 की ई-मेल jdaengg2013@gmail.com पर कम्पनी की यूपी यन्त्र ट्रैकिंग पोर्टल पर दी गयी अधिकृत ई-मेल आई0डी0 से ही दिनांक 17.01.2026 तक उपलब्ध कराना भी अनिवार्य होगा।
4. इम्पैनलमेन्ट हेतु मॉडलवार, टेस्टिंग रिपोर्ट (भारत सरकार के एफ0एम0टी0टी0आई0 (फार्म मशीनरी ट्रेनिंग एण्ड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट्स) अथवा अन्य केन्द्रीय संस्थान अथवा राज्य संस्थान अथवा भारतीय मानक ब्यूरो अथवा सेन्ट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग आदि जो भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो), बैंक गारण्टी एवं कम्पनी के लेटर पैड पर मॉडलवार एम0आर0पी0 (जी0एस0टी0 सहित), मॉडल का साइज/क्षमता, मेक एण्ड मॉडल, सम्पर्क व्यक्ति का मोबाइल नं0, ई-मेल आई0डी0, कम्पनी का पूरा पता उपलब्ध कराना होगा।
5. यन्त्र की टेस्टिंग रिपोर्ट निर्माता कम्पनी के नाम से होने तथा कम्पनी द्वारा स्वनिर्मित कृषि यन्त्र को ही इम्पैनलमेन्ट में सम्मिलित किया जायेगा।
6. यन्त्र निर्माता कम्पनी को बैंक गारन्टी कृषि निदेशक उ0प्र0, कृषि भवन, लखनऊ (Director Agriculture U.P. Krishi Bhawan Lucknow) के नाम से अभिलेखों के साथ कार्यालय को प्रेषित करनी होगी।
7. यन्त्र के इम्पैनलमेन्ट हेतु बैंक गारन्टी के लिए निर्धारित मापदण्ड

| क्र. स. | यन्त्र का अधिकतम विक्रय मूल्य (रुपये लाख में) | प्रति यन्त्र / प्रति मॉडल हेतु बैंक गारन्टी (रुपये लाख में) | चार या चार से अधिक यन्त्र हेतु बैंक गारन्टी (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | ₹ 3.00 लाख तक | ₹ 1.00 लाख | ₹ 4.00 लाख |
| 2 | ₹ 3.00 लाख से अधिक ₹ 10.00 लाख तक | ₹ 2.00 लाख | ₹ 8.00 लाख |
| 3 | ₹ 10.00 लाख से अधिक | ₹ 3.00 लाख | ₹ 12.00 लाख |

बैंक गारन्टी की समय-सीमा अभिलेख प्रस्तुत करने के समय से न्यूनतम एक वर्ष के लिए ही मान्य होगी तथा बैंक गारन्टी को दावा अवधि के पश्चात् ही वापस किया जायेगा।

8. सभी कृषि यन्त्र निर्माता कम्पनियों को कृषि विभाग द्वारा विकसित upyantratracking.in पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना, समस्त विवरण भरना एवं आवश्यक अभिलेख अपलोड करना अनिवार्य होगा।
9. यन्त्रों पर उभरा हुआ या लेजर कट (Embossed)/Laser Cutting) सीरियल नं0 अंकित किया जाना अनिवार्य है।
10. सभी कृषि यन्त्र निर्माता कम्पनियों द्वारा मॉडलवार अधिकतम खुदरा मूल्य (एम0आर0पी0 जी0एस0टी0 सहित) अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करना होगा साथ ही सभी अधिकृत विक्रेताओं द्वारा अपने शोरूम के पटल/पोर्टल पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।
11. इम्पैनलमेन्ट के आवेदन के समय यन्त्र की टेस्टिंग रिपोर्ट के साथ गत वर्षों में कम्पनी द्वारा विक्रेता को दिये गये कृषि यन्त्रों के 10 बिल एवं उनके ई-वे बिल तथा कम्पनी के विक्रेता द्वारा कृषक को विक्रय किये गये कृषि यन्त्र के 10 बिल उपलब्ध कराने होंगे। जिससे कि यन्त्र की प्रचलित विक्रय दर का अनुमान हो सके।
12. इम्पैनलमेन्ट हेतु निम्नलिखित अभिलेख उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा–
   i. शपथ पत्र (शपथ पत्र की प्रति agridarshan.up.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है)
   ii. बैंक गारन्टी
   iii. मॉडलवार अधिकतम विक्रय मूल्य सूची
   iv. मॉडलवार टेस्ट रिपोर्ट
   v. यूपी यन्त्र ट्रैकिंग पोर्टल की आई0डी0 तथा स्वयं एवं विक्रेताओं का विवरण
   vi. अधिकतम विक्रय मूल्य की पुष्टि हेतु कम्पनी द्वारा विक्रेताओं को दिये गये 10 ई-वे बिल तथा विक्रेताओं द्वारा कृषक को विक्रय किये गये उसी यन्त्र के 10 बिल
   vii. सर्विस स्टेशन की सूची

**सूर्य प्रताप शाही**
मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश

किसान कल्याण मिशन

**बलदेव सिंह औलख**
राज्य मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश

कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: amit.jaiswal1 Time: 01-04-2026 00:27 Color:



# फाल्कन और ट्रेक्ट्रो क्लब सेमीफाइनल में

## हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में खेले गए क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले

सिटी स्पोर्ट्स

■ NBT न्यूज, लखनऊ

फाल्कन क्लब-बी और ट्रेक्ट्रो फुटबॉल क्लब -बी टीम ने हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया है। सेमीफाइनल में जगह पुख्ता करने वाली चारों टीमों की तस्वीर साफ हो गई है। मिड विंटर और ट्रेक्ट्रो फुटबॉल क्लब-ए-टीमें पहले ही अंतिम चार में पहुंच चुकी हैं।

लॉ-मार्टिनियर मैदान पर शनिवार को पहले क्वॉर्टर फाइनल में फाल्कन क्लब-बी और यूपी पुलिस के बीच मुकाबला हुआ। दोनों तरफ की मुस्तैद रक्षापंक्ति के चलते पहला हाफ गोल रहित रहा। दूसरे हाफ में फाल्कन क्लब ने रणनीति बदलते हुए छोटे-छोटे पास से खेलना शुरू किया। टीम को फायदा 39 वें मिनट में अभिषेक के गोल से मिला। फाल्कन से दूसरा गोल 46वें मिनट में हुआ। स्कोर 2-0 पहुंच दिया। 51 वें मिनट में तारिक ने एक दफा फिर गोल करने की कमान संभाली। इसके बाद यूपी पुलिस 3- 0 गोल से पिछड़ गई और फाल्कन क्लब बी ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

दूसरा क्वॉर्टर फाइनल मैच ट्रेक्ट्रो फुटबॉल क्लब और आरए बॉयन के बीच खेला गया। खेल के पांचवें मिनट में ही ट्रेक्ट्रो फुटबॉल क्लब का खाता कमल ने गोल दागकर किया। अरनम ने आठवें मिनट में और उत्कर्ष ने 16वें मिनट में गोल करके ट्रेक्ट्रो टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी, जो आखिरी तक कायम रही।



लॉ-मार्टिनियर मैदान पर शनिवार को पहले क्वॉर्टर फाइनल में फाल्कन क्लब-बी और यूपी पुलिस के बीच मुकाबला हुआ।

## डीसी थापर ट्रॉफी के लिए गैर पेशेवर दिखाएंगे दम




■ NBT न्यूज, लखनऊ

वास्तुविदों और भवन उद्योग से जुड़े लगभग पांच सौ पेशेवर डीसी थापर ट्रॉफी मेगा स्पोर्ट्स इवेंट में अपने खेल का मुजाहिरा करेंगे। बीबीडी यूनिवर्सिटी स्टेडियम में शनिवार को स्पोर्ट्स इवेंट का आगाज हुआ। प्रतियोगिता में आठ टीमें हिस्सा लेंगी।

आयोजन समिति के अध्यक्ष केशव कुमार और अजय बहल के मुताबिक क्रिकेट मैचों के अलावा टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम और सुडोकू जैसी इनडोर खेल प्रतियोगिताएं भी खेली जाएंगी। इस दौरान लखनऊ आर्किटेक्ट्स असोसिएशन के अध्यक्ष आर्किटेक्ट प्रशांत पाल सिंह, रिपुंजय पटेल, देवेश मणि, आशुतोष वर्मा, अवनीश, अखिल, विशाल, संदीप, अनूप श्रीवास्तव और पुष्पेंद्र मौजूद रहे।

## 'मुस्तफिजुर को हटाने का फैसला देश हित में'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बीसीसीआई द्वारा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को टीम से रिलीज करने के निर्देश को पूर्व मंत्री और पूर्व रणजी क्रिकेटर मोहसिन रजा ने बेहतर कदम बताया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि बीसीसीआई ने देश की जनभावनाओं का सम्मान किया है। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं और बीसीसीआई को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और उत्पीड़न के बीच राष्ट्रीय भावनाओं को प्राथमिकता देनी ही चाहिए। यह फैसला न सिर्फ करोड़ों भारतवासियों की भावनाओं की जीत है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि भारत अपनी एकता, अखंडता की रक्षा के लिए दृढ़ है।

## शूटिंग टीम के ट्रायल्स के लिए रुद्र क्वॉलिफाई

■ NBT न्यूज, लखनऊ: 19 वर्षीय शूटर रुद्र आर. शंकर ने 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में सभी पिस्टल इवेंट्स में सिनाइंड शूटर बनकर भारतीय टीम के ट्रायल्स के लिए क्वॉलिफाई किया है। इतनी कम उम्र में इस उपलब्धि के लिए रुद्र को क्विनाइंड शूटर का दर्जा अपने नाम किया है। उनके पिता रवि शंकर पूर्व आईएएस अधिकारी और पिस्टल शूटर रह चुके हैं।



## जिमनास्ट खिलाड़ियों ने जीता कांस्य

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लखनऊ के खिलाड़ियों ने आगरा में एक से तीन जनवरी तक खेली गई प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर महिला-पुरुष जिमनास्ट प्रतियोगिता में धमाकेदार प्रदर्शन किया। लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया। पुरुष वर्ग में उबैद इदरीसी ने पोमेल हॉर्स इवेंट में और महिला वर्ग में वेरोनिका वर्मा ने अनइवन बार इवेंट में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

जिमनास्टिक कोच रविकांत यादव ने बताया कि बीते दो साल से लगातार केडी सिंह बाबू स्टेडियम के जिमनास्ट खिलाड़ी पदक जीतते आ रहे हैं, जो लखनऊ जिमनास्टिक के निरंतर विकास को दर्शाता है। महिला टीम मैनेजर कुमारी निर्मित यादव ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर उनका उत्साहवर्धन किया। क्षेत्रीय खेल अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने दोनों पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आरकेबी क्लब ने जयपुरिया को हराया

■ NBT न्यूज, लखनऊ : आरकेबी क्लब ने जयपुरिया अकादमी को 222 रन से मात देकर बीबीडी सी-डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक जुटाए। आरकेबी क्लब के 285 रन के जवाब में जयपुरिया अकादमी की टीम 63 रन पर सिमट गई। अखिलेश दास स्टेडियम पर शनिवार को खेले गए मुकाबले में आरकेबी क्लब आशुतोष पांडेय ने 85 गेंदों पर 13 चौके और दस छक्कों की मदद से 136 रन की शतकीय पारी खेली। विजेता टीम से प्रद्युम्न ने चार और मुदित यादव व आयुष ने दो-दो विकेट चटकाए।

## अवध, आलमबाग डिपो सेमीफाइनल में

■ NBT न्यूज, लखनऊ

अवध डिपो टीम ने चारबाग डिपो को 10 रन से शिकस्त देकर यूपीएसआरटीसी इंटर डिपो नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अवध डिपो ने पहले खेलते हुए चार विकेट खोकर 85 रन बनाए। सदाशिव ने 28 और दानिश ने 18 रन बनाए। जवाब में चारबाग डिपो की टीम तीन विकेट के नुकसान पर निर्धारित ओवर में 75 रन ही बना सकी। विनय ने 25 और कप्तान अमरनाथ सहाय ने 20 रन की पारी खेली। दूसरे क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में आलमबाग डिपो ने यूपीएन सुपर किंग्स को चार विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूपीएन ने पहले बल्लेबाजी की और चार विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाए। सुशील अवस्थी ने नाबाद 25 रन बनाए। जवाब में आलमबाग डिपो ने छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कल्याण सिंह ने 18 गेंदों में 26 रनों की उम्दा पारी खेली।

## फटाफट खबरें

### 'फुले के विचारों को नीतियों में उतारें'

■ NBT न्यूज, लखनऊ : आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई। कैसरबाग स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित संगोष्ठी में आप के अवध प्रांत के अध्यक्ष विनय पटेल ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक बदलाव का हथियार है, सावित्री बाई फुले का जीवन इसका प्रमाण है। हमें फुले के विचारों को नीतियों में उतारना होगा। इस दौरान लखनऊ जिलाध्यक्ष इरम रिजवी, इरमा जहीर, बलराम साहनी, अंशुमान, अमन, दीपक आदि मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बांटे कंबल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कैंट विधानसभा में कंबल बांटे। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोगों को ठंड से राहत देने के लिए सरकार और पार्टी द्वारा प्रत्येक मंडल में विशेष तैयारियां की गई हैं। जिन लोगों के पास ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन नहीं हैं, उन सबके लिए कंबल और आग का इंतजाम किया गया है। जिनके पास घर नहीं हैं, उनके लिए नगर निगम द्वारा रैन बसेरे भी बनाए गए हैं और वहां भोजन व पानी की व्यवस्था भी की गई है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कंबल वितरण कार्यक्रमों में मानसिंह, अरविंद त्रिपाठी गुड्डू, हर शरण लाल गुप्ता, सुशील तिवारी पम्मी, लखविंदर सिंह, योगेंद्र पटेल, विनायक पांडे, राजन वर्मा, महेंद्र लोधी, रूपा देवी, मानस बाहरी मौजूद रहे।

### सरकारी भूमि से हटाया अवैध कब्जा

■ NBT न्यूज, निगोहां : मोहनलालगंज तहसील के रामपुर गांव में शनिवार को सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को प्रशासन ने हटवा दिया। लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा की जा रही शिकायतों के बाद राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान कानूनगो नजमुद्दीन व लेखपाल सिखा यादव की अगुवाई में राजस्व टीम ने पैमाइश कर सरकारी भूमि को चिह्नित किया। एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है।

### रामकिशन अध्यक्ष, धर्मप्रकाश कोषाध्यक्ष बने



■ NBT न्यूज, माल : ग्राम पंचायत सफाई कर्मचारियों के जिला संगठन का द्विवार्षिक चुनाव विकास ब्लॉक के सभागार में शनिवार को शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। चुनाव में रामकिशन अध्यक्ष और धर्मप्रकाश कुशवाहा कोषाध्यक्ष चुने गए। राबिया बेगम को संगठन मंत्री घोषित किया गया। अध्यक्ष रामकिशन को कुल 296 मत और उपविजेता को 207 मत मिले। उत्तरप्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव राजू धानुक की देख रेख में हुआ।

### सनातन समाज के लिए बनाया क्यूआर कोड

■ NBT न्यूज, लखनऊ : राष्ट्रीय सनातन समिति की बैठक राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण गौड़ के नेतृत्व में गोमती नगर स्थित रेस्तरां में हुई। ममतौर से आए कोऑर्डिनेटर गणेश सिनोये ने बताया कि सनातन समाज के मुख्य तत्वों स्वच्छता, सुविधा और आवश्यकता अनुसार प्रोडक्ट्स की संपूर्ण जानकारी देने के लिए क्यूआर कोड बनाया गया है। कार्यक्रम में मुकेश सनातनी, गगन शर्मा, रामबदन दुबे, राजेंद्र मिश्रा, राम दयाल मौर्य, राकेश सिंह, प्रवेश श्रीवास्तव, राजेश सोनी, डॉ. महेश शर्मा, एसएन पांडेय, रविंद्र सिंह, राजेंद्र मिश्र, महेश्वर मिश्र, काजल अवस्थी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## 5000 लोगों ने पढ़ी हनुमान चालीसा



■ NBT न्यूज, लखनऊ : बीकेटी स्थित एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में शनिवार को भक्ति और संगीत के संगम से नववर्ष का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। कार्यक्रम जलोटा अकादमी ऑफ स्पिरिचुअल म्यूजिक ऐंड परफॉर्मिंग आर्ट्स और डिवाइन मोंक के सहयोग से हुआ। इस दौरान सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, पीयूष सिंह चौहान, सुष्मिता सिंह मौजूद रहीं।

## आठ साल बाद परिवार से मिला लापता मरीज़

■ NBT न्यूज, लखनऊ: किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में मानवीय संवेदना और चिकित्सा सेवा का अद्भुत उदाहरण सामने आया है।

22 दिसंबर को बाराबंकी के पास रेलवे ट्रैक के नजदीक एक बेहोश युवक पड़ा मिला। राहगीरों ने उसे केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। सीटी स्कैन में ब्रेन में ब्लीडिंग मिली, इसके बाद न्यूरो सर्जरी टीम ने युवक को आईसीयू में भर्ती किया और उसका ऑपरेशन किया। कुछ दिनों बाद जब युवक धीरे-धीरे होश में आया तो उसने परिवार के कुछ सदस्यों का नाम बताया। बातचीत आगे बढ़ी तो उसने बताया कि वह झारखंड के चिकुलिया थाना क्षेत्र के बड़ी कानपुर गांव का रहने वाला है। टीम ने तुरंत झारखंड पुलिस की मदद ली और गांव संपर्क किया।

जानकारी मिलते ही परिवार की आंखों में उम्मीद लौट आई। परिवारीजनों ने बताया कि युवक आठ साल पहले 12 वर्ष की उम्र में घर से लापता हो गया था। मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण वह खो गया और तब से परिवार उसकी तलाश में था। परिवारीजनों के पास उसके दस्तावेज भी मौजूद थे। पहचान पुख्ता होने के बाद 3 जनवरी को युवक को परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। युवक को परिवार से मिलाने में न्यूरो सर्जरी ट्रॉमा सेंटर की सिस्टर इंचार्ज रजनी सिंह और अतुल उपाध्याय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वाइस चांसलर प्रो. सोनिया नित्यानंद ने टीम को बधाई दी है। केजीएमयू अब तक 200 से अधिक बेसहारा मरीजों को उनके परिवार से मिलाने का काम कर चुका है।



मरीज को लेने के लिए झारखंड से केजीएमयू पहुंचे घरवाले।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

प्रॉपर्टी
बिक्री के लिए
लखनऊ

MAHANGR 100 ft wide Rd V. prime loc for comm purpse front facing 2500 sft 2nd flr & roof 2500 sft for sale 5 Cr only price. 9452513968, 9839849097

1243 sqft LDA North facing main divider 24 MT road near patrakar crossing Gomti Nagar Lko plot for sale. Brij property- 9415019850, 7706056780

INDEPENDENT Two storey house for sale at Vishal Khand 3 Gomti Nagar Lucknow. Area 3200 sqft on 12 mtr road. Call: 9919749674

बिक्री के लिए भूमि

IMMEDIATE Sale 13000 sqft land on main Lucknow-Ayodhya Road before Ahmadpur Toll Plaza. Rate 1800/- sqft. Contact-9415049009

किराये के लिए
लखनऊ

OFFICE Space for Rent 1st Floor 1100 SqFt to 1700 SqFt. Chandganj Garden, Near Kapoorthala, Lucknow M: 7379000034

FOR-RENT 2 & 4 BHK Flat Available Vrindavan Colony Sector- 9B, Lucknow. Contact:- 9335137451 - 9335137568

TO GROW YOUR BUSINESS
PLEASE CALL US
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662
Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD: Amit Srivastava - 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR: Chandrashekhar Sinha - 9415019274
WE OFFER ADVERTISING SOLUTIONS IN
Print Radio Digital

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अकादमिक
सामान्य

ST. ANTHONY PUBLIC SCHOOL
Affiliated with CBSE
Requirement
Trained, Experienced, Fluent in English Speaking with basic Computer Knowledge
TGT English, Science, Maths, Social Science, Computer
PGT English, Computer, Physics, Biology, Chemistry
PRT/PRE-PRIMARY All Subjects
Main Campus: Para Hardoi Ring Rd, Rajajipuram, Lko. Mob. 9335271008
H.O.: Jai Prakash Nagar, Alambagh, Lucknow. Mob. 9956840682
Branch: Agra Expressway, Kathingara. Mob. 7880432313
st.anthony.cbse@gmail.com
Time - 9:00 AM to 2:00 PM

शिक्षक

REQD Female B.Ed/ others Teachers for Eng Hindi SST Fine Arts Pre Primary Librarian Office Asst / IT staff St. Anjani's Public School, F-Blk Rajaji Puram Lko Email cv: recruitmentsaps7@gmail.com , 05224023198

THE Hermitage Pre-school req English Speaking Female "Centre Head" for Gomti Nagar & Indira Nagar Centre. Call: 9721196677

प्रशासन
आशुलिपिक और टाइपिस्ट

ENGLISH Typist ,part time / Full Time . Salary accd. to qual & exp . D-16 Nirala Nagar Lucknow, Dr.Akhil Mehrotra 7355271273, 9415063132

प्रबंधक

GOLDEN Chance- Managers req.in MNC.Sal:30K-75K. Housewives,Rtd person,Lko resdnt prof. Vikaskhnd, nr dayal xing, Gomtingr 9532099848,9250248960

विपणन, विज्ञापन और बिक्री
Tele Caller

REQUIRES Experienced Telecaller for Solar Power Plants, Experience 1 to 4 years Call- 9721304582, 99885 12576

अन्य रिक्तियां
एकाधिक रिक्तियां

REQ. Fem. Counseller, Clinic Assistent,Receptionest,Beautician,Nurse, For Skin Clinic Contact With Your CV Dr Dev Skin Clinic B1296 Indira Nagar Lucknow Timing 10 to 8 Sunday Off

पार्ट टाइम जॉब

MNC req. Developer Manager Retired & Business person, Housewife can join. Salary 30K-75K, Gomtinagar. free medical cover, foreign trip. # 9795561355

रिक्त पद

लखनऊ हजरतगंज में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है। सफाई, चाय/ कॉफी की व्यवस्था शामिल है। मोबाइल नंबर - 8560896175

TRAVEL DESTINATION TIMES interact

Hind Tours and Travels
has been allotted a quota of
41 seats for Haj 2026.
This is a great blessing of Almighty God and the result of sincere prayers and support.
We are honored to facilitate the respected pilgrims on this sacred journey.
Interested applicants are requested to complete their registration at the earliest, as bookings will be closed in January.
Licence by Indian Govt.
HIND TOURS & TRAVELS
Approved by:
Ministry of Minority Affairs (Haj Cell), Government of India and Ministry of Hajj, Kingdom of Saudi Arabia
B-51/52, Tej Kumar Plaza, Hazratganj, Lucknow
Call/Whatsapp: +91-9936749998, 9936263483
Landline: 0522-4588855, Email: htt.lko@hotmail.com

MATRIMONIAL PACKAGE

| PACKAGE | EDITIONS | ROL 5 LINES | EXTRA LINE | CD PER SQ.CM. |
|---|---|---|---|---|
| SOULMATE | The Times of India - Ahmedabad, Bangalore, Bangalore @ Hubli, Bhubaneswar, Chennai, Coimbatore, Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Goa, Hyderabad, Jaipur, Kanpur, Kerala, Kolhapur, Kolkata, Kolkata - Guwahati, Lucknow, Madhya Pradesh, Madurai/Trichy, Mangalore, Mumbai, Mysore, Patna, Pune, Visakhapatnam, Aurangabad, Nashik Split - Pune Upcountry, The Economic Times - Ahmedabad, Bangalore, Chennai, Delhi, Hyderabad, Kolkata, Lucknow, Mumbai - City Run, Chandigarh, Pune, Times Interact - Chandigarh, Nagpur Time + Samay - Ei Samay Kolkata | ₹10350 | ₹2070 | NA |
| NATIONAL SELECTION | The Times of India - Ahmedabad, Bangalore, Bangalore @ Hubli, Bhubaneswar, Chennai, Coimbatore, Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Goa, Hyderabad, Jaipur, Kanpur, Kerala, Kolhapur,Kolkata, Kolkata - Guwahati, Lucknow, Madhya Pradesh, Madurai/Trichy, Mangalore, Mumbai, Mysore,Patna, Pune, Visakhapatnam, Aurangabad, Nashik Split - Pune Upcountry, Times Interact - Chandigarh, Nagpur Time + Samay - Ei Samay Kolkata | ₹8850 | ₹1770 | ₹2245 |
| SHAGUN | The Times of India - Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Lucknow, Kanpur, Jaipur, Madhya Pradesh, Times Interact -Chandigarh, Navbharat Times - Delhi & NCR+Lucknow | ₹4500 | ₹900 | ₹1050 |
| KANGAN | The Times of India - Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Mumbai, Lucknow, Jaipur, Madhya Pradesh, Kanpur, Times Interact - Chandigarh, Navbharat Times - Delhi & NCR+Lucknow | ₹5100 | ₹1020 | ₹1196 |


▸ CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm ▸ ROL COST is for 5 lines, extra line 20% ▸ Above packages are excluded of GST
▸ Client Incentive Scheme: Pay for 2 & get 2 free (Consumption period 4 weeks), Pay for 3 & get 3 free (Consumption period 6 weeks)

Contact: LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662, Anurag Nautiyal - 8840945902, KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468, ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava - 9044075051, VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838, GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274, AGRA: Vikas Jain - 9917475393, DEHRADUN: Pooja Kumar - 9719157775, MEERUT: Sanyam Monga - 9897048195, HALDWANI: Chandan Singh Bisht - 9837564640, BAREILLY: Aarohi Sharma - 9456470298, HARIDWAR: Amit Dhasmana - 9997083360, ALIGARH: Akash Upadhyay - 9457718804, MORADABAD: Omkar Pandey - 7607015000

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

## अरेस्टिंग से बचने को रात में थाने पहुंची नेहा सिंह राठौर

■ NBT न्यूज, लखनऊ



पहलगाम टेरर अटैक के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाली आरोपित लोक गायिका नेहा सिंह गिरफ्तारी से बचने के लिए शनिवार रात हजरतगंज थाने बयान दर्ज कराने पहुंची।

एसीपी विकास कुमार जायसवाल ने बताया कि आरोपित को कई बार नोटिस भेज कर थाने बुलाया गया था। शनिवार रात वह थाने में उपस्थित हुई। जांच अधिकारी ड्यूटी खत्म कर घर चले गए थे। उन्हें कॉल कर बुलाया गया बयान दर्ज कराए गए हैं। दरअसल नियम है कि पुलिस महिला आरोपित की रात में गिरफ्तारी नहीं कर सकती और न ही ज्यादा देर थाने पर बैठा सकती है।

## अयोग्य कोर्स कोऑर्डिनेटर मामले में विभागीय कर्मचारी भी रेडार पर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत संचालित अभ्युदय कोचिंग सेंटरों में भर्ती 48 अयोग्य कोर्स कोऑर्डिनेटर के सारे प्रमाण-पत्रों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले से जुड़े साक्ष्य व दस्तावेज जुटा रही है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत संचालित अभ्युदय कोचिंग सेंटरों में अयोग्य कोर्स कोऑर्डिनेटर की भर्ती की गई थी। इन सभी को 60 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा था। भर्ती के दो वर्ष बाद फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। इसके बाद गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। इन कोऑर्डिनेटर को दो वर्ष के अंदर 6.91 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। आउटसोर्सिंग कंपनी अवनि परिधि एनर्जी-कम्युनिकेशन प्रा. लि. इस मामले में दोषी पाई गई है। फर्जीवाड़े में विभाग के अधिकारी व कर्मचारी की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। इसकी जांच विभागीय स्तर पर चल रही है। वहीं, पुलिस इन सभी के बारे में डिटेल से छानबीन कर रही है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक मामले से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। इसके लिए जरूरी दस्तावेज विभाग से मांगे गए हैं। वहीं, प्रमाण पत्रों की जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### यह है मामला

अभ्युदय कोचिंग के लिए हर जिले में एक कोर्स कोऑर्डिनेटर की भर्ती की जाती है। दो साल पहले 69 कोर्स कोऑर्डिनेटर के पदों पर भर्ती हुई और उसमें से सिर्फ 21 ही योग्य पाए गए। 48 कोर्स कोऑर्डिनेटर की भर्ती कूटरचित प्रमाण पत्रों व मार्कशीट के जरिए की गई। नियमानुसार इस पद पर भर्ती के लिए पीसीएस की मुख्य परीक्षा पास होना अनिवार्य है। नियमों को ताक पर रखकर फर्जी दस्तावेज से इन्हें नौकरी दी गई।

## जल्द ही वॉर्डों में उतरेंगे सपा कार्यकर्ता



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय में शनिवार को नए साल पर कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं को नए साल की बधाई के साथ इस साल वॉर्ड स्तर पर काम करने के लिए प्रेरित किया। आगामी चुनाव में लखनऊ की पांचों विधानसभाओं को जीतने का लक्ष्य भी कार्यकर्ताओं को सौंपा।


महासचिव गौरव सिंह यादव ने पांचों विधानसभाओं में पीडीए सम्मेलन करने और वॉर्ड स्तरीय संगठन की बैठक करने को कहा। बैठक में मौजूद वरिष्ठ नेताओं ने भी SIR अभियान में पूरा जोर लगाने की बात कही।

### फैजुल्लागंज में अलाव जलाने की मांग, प्रदर्शन

■ NBT न्यूज, लखनऊ : ठिठुरन भरी ठंड में लोगों को राहत के लिए फैजुल्लागंज के विभिन्न वॉर्डों में अलाव के इंतजाम न होने पर लोगों ने प्रदर्शन किया। शनिवार शाम सपा नेता ममता त्रिपाठी के नेतृत्व में लोगों ने अलाव जलवाने की मांग की। इस दौरान अखिलेश अवस्थी, राम विलास शर्मा, सूरज कश्यप मौजूद रहे।

दूसरी ओर इंदिरानगर आवासीय महासमिति की बैठक कार्यकारी अध्यक्ष ई.जी.पी.के. जैन की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि भीषण ठंड में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर आयुक्त को पत्र लिखकर मंदिरों पर अलाव जलाने की मांग की गई है।

## शिवपुरी कॉलोनी में पाइपलाइन फटी



■ NBT न्यूज, लखनऊ : इस्माईलगंज द्वितीय वार्ड की शिवपुरी कॉलोनी में शनिवार शाम फिर से जलकल विभाग की पाइपलाइन फट गई। पानी की सप्लाई शुरू होते ही सड़कों पर भारी जलभराव हो गया, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया और घरों में पानी का संकट गहरा गया। पूर्व पार्षद रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इलाके में आए दिन पाइपलाइन फटने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं। वहीं, जलकल विभाग (जोन-7) के जेई धर्मराम ने कहा कि सूचना मिलते ही टीम को मौके पर मरम्मत के लिए भेज दिया गया है।

## खुद को बचाने के लिए बुना फर्ज़ी मुकदमे का जाल

■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज : करोड़ों की जमीन ठगी के मामले की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जिस व्यक्ति ने खुद को पीड़ित बताकर कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया था, वही इस फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड निकला। जांच में सामने आया कि कलीम खां ने खुद को बचाने के लिए झूठी कहानी गढ़कर अपने साथियों को अभियुक्त बनवाया और न्यायालय व पुलिस को गुमराह किया।

कलीम खां ने गोसाईंगंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि विपक्षियों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने के नाम पर उससे 1.36 करोड़ रुपये की ठगी की है। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि प्रकरण का वास्तविक पीड़ित गोमतीनगर निवासी श्याम नारायण गुप्ता है, जिसे बाद में वादी के रूप में शामिल किया गया। साक्ष्यों से यह भी स्पष्ट हुआ कि कलीम खां अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जमीन ठगी की सुनियोजित साजिश में शामिल था। विवेचना पूरी होने पर पुलिस ने मुकदमे की धाराओं में संशोधन किया और कलीम खां, अमरेंद्र सिंह उर्फ आनंद, बशीर अहमद, रामसुमिरन, रामनरेश और मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, एक अन्य आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया, जबकि लक्ष्मी प्रसाद और राहुल की संलिप्तता न मिलने पर उनके नाम विवेचना से बाहर कर दिए गए।

गोसाईंगंज में करोड़ों की जमीन ठगी का खुलासा

## फटाफट खबरें

### अमिताभ ठाकुर ने स्थगित किया अनशन

■ NBT न्यूज, देवरिया: पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने अपना आमरण अनशन 15 जनवरी तक स्थगित कर दिया है। पूर्व आईपीएस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद दो दिन से जारी अनशन स्थगित किया है। इससे पहले शनिवार को पेशी के बाद आरोप लगाया कि कोडिन कफ सिरप मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह का नाम लेने पर उन्हें फंसाया गया है। पेशी के दौरान सीजेएम कोर्ट ने विवेचक से दस्तावेज को लेकर सवाल-जवाब किए। फाइनल सुनवाई की तारीख 6 जनवरी तय की गई है।

### नशा मुक्ति केंद्र संचालक सहित तीन गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, वाराणसी: सारनाथ स्थित जन सुधार नशा मुक्ति केंद्र में बीएचयू के छात्र आदित्य गोस्वामी की मौत मामले में पुलिस ने केंद्र संचालक सहित तीन को गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस आयुक्त विदुष सक्सेना के अनुसार शुक्रवार को आदित्य की मौत के बाद परिवारीजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया था। पीएम रिपोर्ट में सिर में लगी गंभीर चोट से मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद केंद्र संचालक युवराज सिंह, कर्मचारी सौरभ तथा जितेंद्र गुप्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जीजीआईसी सैयदराजा की प्रधानाचार्य प्रतिभा ने बेटे आदित्य को 27 दिसंबर को केंद्र में भर्ती करवाया था।

### बेकाबू कार पलटी, दबने से युवक की मौत

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर: नगर कोतवाली के अमहट में शनिवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से अलीगढ़ निवासी युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस के अनुसार तेज रफ्तार क्रेटा दुबेपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पैदल जा रहा अलीगढ़ निवासी मेकदाद मेंहदी (19) की कार के नीचे दबने से मौत हो गई। वहीं, चपेट में आया बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

### 'संस्कृति-परंपरा में बसती है देश की आत्मा'



■ NBT न्यूज, गोंडा: नवाबगंज के नंदिनी नगर महाविद्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्र कथा महोत्सव में पीठाधीश्वर सद्गुरु रीतेश्वर महाराज ने राष्ट्र, धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक करते हुए सामाजिक एकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के दौरान कहा कि हिंदुस्तान की आत्मा उसकी संस्कृति और परंपराओं में बसती है। सांसद करनभूषण सिंह तथा विधायक तरबगंज प्रेमनरायन पांडेय व सदर विधायक प्रतीक भूषण ने कथा व्यास की आरती उतारी। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कथा व्यास को टीका लगा आशीर्वाद लिया। इस दौरान एमएलसी अवधेश कुमार सिंह, सुमित भूषण सिंह, डॉ. गौरव श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### हवाला के थे ₹50 लाख, एक और दबोचा गया

■ NBT न्यूज, गोरखपुर: गोरखपुर रेलवे स्टेशन से शुक्रवार को 50 लाख रुपये के साथ पकड़े गए युवक से पूछताछ में रकम हवाला कारोबार से जुड़े होने की पुष्टि हुई है। मिली जानकारी के आधार पर कैंट पुलिस ने राजघाट के एक व्यापारी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज निवासी कारोबारी राजीव जायसवाल को शुक्रवार शाम पांच बजे पकड़ा गया था। पूछताछ में पता चला कि रुपयों का बैग फरेंदा पहुंचाना था।

### राशन हड़पने वाले को HC से राहत नहीं

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 3 आधार कार्ड से 697 कार्डधारकों का राशन अवैध रूप से निकालने के मामले में एक फेयर प्राइस शॉप लाइसेंस धारक को राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट के समक्ष याची साबित नहीं कर पाया कि राशन असल में 697 कार्डधारकों को बांटा जा रहा था। याचिकाकर्ता शाहीन बेगम के फेयर प्राइस शॉप लाइसेंस रद्द करने के फैसले को बरकरार रखते हुए जस्टिस अरुण कुमार ने कहा कि याचिकाकर्ता सर्वर में गड़बड़ी के आरोप का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

### काशी में नैशनल वॉलिबॉल प्रतियोगिता आज से

■ NBT न्यूज, वाराणसी: धर्म एवं संस्कृति की नगरी काशी खेल की दुनिया में भी इतिहास रचने को तैयार है। शहर में पहली बार सीनियर नैशनल वॉलिबॉल चैंपियनशिप का रविवार से आगाज होगा। पीएम वर्चुअल तरीके से उद्घाटन करेंगे। सिगरा स्थित डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। आयोजन सचिव सर्वेश पांडेय ने बताया कि मेयर अशोक तिवारी ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पहुंच इंतजाम देखे। वहीं, प्रतियोगिता में शिरकत करने आई जम्मू कश्मीर की महिला टीम ने हिजाब पहन कर अभ्यास किया।



# भक्ति, संस्कृति और उत्साह का संगम

## माघ मेला शुरू: पौष पूर्णिमा पर 31 लाख ने किया स्नान-ध्यान, आस्था के आगे ठंड बेअसर

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : माघ मेले के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर शनिवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ा। कड़ाके की ठंड, कोहरे और शीतलहर के बावजूद भोर में पौ फटने के साथ ही शुरू हुआ डुबकी लगाने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। स्नान के बाद लोगों ने घाटों पर दान-पुण्य किया और मेले का आनंद लिया। पहले स्नान पर्व पर कुछ तैयारियां भले ही अधूरी रही हों, लेकिन सुरक्षा के व्यापक इंतजाम दिखे। इस दौरान देश के कोने-कोने से श्रद्धालु स्नान-ध्यान का पुण्य लाभ प्राप्त करने मेला क्षेत्र पहुंचे। जानकारी के अनुसार शाम छह बजे तक 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगा चुके थे।

महाकुंभ के बाद आयोजित पहले माघ मेले को लेकर सरकार ने भी बड़े पैमाने पर तैयारी की है। पहले स्नान पर्व पर तैयारियों का रिहर्सल दिखा। हालांकि तैयारियों की असली परीक्षा मकर संक्रांति के स्नान पर होगी। पौष पूर्णिमा स्नान के लिए वैसे तो शुक्रवार की रात से ही श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचने लगे थे। हालांकि ज्यादातर श्रद्धालु शनिवार को पहुंचे।

### पहले ही स्नान पर्व पर बही पुलिया

अक्षय वट मार्ग पर पंद्रह दिन पहले ही बनी पुलिया गंगा के तेज बहाव के कारण बह गई। मेला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग ने पानी का बहाव मोड़कर स्थिति संभाली। अब पुलिया की जगह पाटून पुल का निर्माण करवाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के जेई धीरेंद्र सिंह यादव के अनुसार स्वयंसेवकों के जैसे ही पानी घुसने से पहले बहाव का रुख मोड़ दिया गया था।

### RPF दरोगा ने श्रद्धालु को बचाया

सुबह साढ़े आठ बजे प्रयागराज जंक्शन के प्लैटफॉर्म संख्या छह पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में एक युवक ट्रेन और प्लैटफॉर्म के बीच गिर गया। मौके पर मौजूद आरपीएफ दरोगा ने सतर्कता दिखाते हुए सुरक्षित बाहर खींच लिया। युवक की पहचान कानपुर के फैजाबुर निवासी विवेक के रूप में हुई है।

### 1200 पहुंचे अस्पताल, 40 हुए भर्ती

ठंड से कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई। मेला क्षेत्र के सबसे बड़े त्रिवेणी अस्पताल की ओपीडी में ही 900 से ज्यादा मरीज पहुंचे। इनमें से 40 को भर्ती करना पड़ा और 8 की हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया। वहीं, परेड ग्राउंड के आयुर्वेदिक अस्पताल में करीब 300 लोग दिखाने पहुंचे।







एटीएस के जवान मेला क्षेत्र में मुस्तैद रहे। वहीं, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने शनिवार को कंट्रोल रूम पहुंच सुरक्षा इंतजाम परखे।

### नामचीन कलाकारों की प्रस्तुतियां आज से

माघ मेले को भव्य बनाने के लिए संस्कृति विभाग ने देश के विभिन्न हिस्सों से नामचीन कलाकारों को आमंत्रित किया है। विशेष पहल के तहत 4 एवं 5 जनवरी को मेला क्षेत्र स्थित गंगा पंडाल में लोक एवं शास्त्रीय संगीत के साथ ही नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। पहले दिन सांस्कृतिक संध्या का प्रमुख आकर्षण लोकगायिका मालिनी अवस्थी होंगी।

### फिर शुरू होगी परिक्रमा यात्रा



■ NBT न्यूज, वाराणसी: पौष पूर्णिमा पर काशी पहुंचे जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि का साधक समूह ने स्वागत किया। स्वामी अवधेशानंद ने काशी विश्वनाथ मंदिर और संकटमोचन मंदिर में दर्शन कर के बाद जूना अखाड़े के मुख्यालय में साधु-संतों के साथ प्रयागराज माघ मेले में नागा साधुओं की परिक्रमा यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया। इस मौके पर अखाड़े के वरिष्ठ सभापति महंत प्रेम गिरि महाराज सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। 5 से 8 जनवरी के बीच जूना अखाड़े के नागा साधु माघ मेले में पहुंचेंगे और अकबर के काल में बंद हो चुकी परिक्रमा यात्रा हरिगिरि महाराज के नेतृत्व में फिर से शुरू होगी।

### सनातनी किन्नर अखाड़े के सदस्य पहुंचे



किन्नर अखाड़े से अलग होकर बने सनातनी किन्नर अखाड़े के सदस्यों ने भी माघ मेले के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर संगम में डुबकी लगाई। आचार्य महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि के नेतृत्व में सुबह के साथ ही अखाड़े के सदस्य मुख्यालय का जयघोष करते हुए संगम तट पहुंचे और विधि-विधान से स्नान किया।

### माहभर का कल्पवास शुरू

पौष पूर्णिमा स्नान के साथ ही एक महीने तक चलने वाला संतों व गृहस्थों का कल्पवास भी शुरू हो गया। कल्पवास की शुरुआत आश्रमों में ध्वज पूजन से हुई। वहीं, गृहस्थों ने वेदी की स्थापना कर कल्पवास शुरू किया। मेले में करीब बड़ी संख्या में कल्पवासी पहुंच गए हैं। कड़ाके की ठंड के बावजूद दूर दराज से आए लाखों कल्पवासियों ने तुलसी के पौधे और जौ बोकर एक महीने तक का संकल्प लिया। इसके बाद शुरू हुआ सत्संग और भजन-कीर्तन का दौर देर शाम तक चलता रहा।

# गैंगरेप के बाद मासूम को छत से फेंका

■ NBT न्यूज, फिरोजाबाद: सिकंदराबाद में छह वर्षीय मासूम की शुक्रवार शाम गैंगरेप के बाद छत से फेंककर हत्या कर दी गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शनिवार को मासूम का शव पहुंचने पर परिवारीजनों के साथ ही ग्रामीणों ने जाम लगाकर प्रदर्शन कर दिया। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान आरोपितों के पकड़े जाने की जानकारी देकर स्थिति संभाली। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार करवाया गया।

> फिरोजाबाद की घटना, अस्पताल पहुंचने से पहले मासूम की मौत
>
> पुलिस ने देर रात मुठभेड़ के बाद दोनों आरोपितों को दबोचा

जसराना के थाना नारखी क्षेत्र के एक गांव शाहपुर निवासी शख्स सिकंदराबाद में किराए पर रहकर नौकरी करता है। पीड़ित के अनुसार शुक्रवार शाम छह वर्षीय बेटी छत पर खेलने गई थी। काफी देर तक वापस नहीं आने पर तलाश के दौरान छत से फेंके जाने की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आननफानन में अस्पताल पहुंचाया। मौत की जानकारी होने पर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। इस बीच पीड़ित पिता ने मकान में ही किराए पर रहने वाले बल्लभपुर निवासी राजू और लखीमपुर निवासी वीरू पर रेप का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया। मां के अनुसार बेटी की चप्पल आरोपितों के कमरे से बरामद हुई थी। वहीं पीएम के बाद मासूम का शव गांव पहुंचने पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी होते ही एसपी सिटी, सीओ फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों आरोपितों के देर रात मुठभेड़ के दौरान पकड़े जाने की जानकारी देते हुए स्थिति संभाली। पुलिस के अनुसार आरोपितों के पास से अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

## सोनभद्र में आदिवासी किशोरी से गैंगरेप, FIR

■ NBT न्यूज, वाराणसी: सोनभद्र के ओबरा में परिवार के साथ किराए पर रहकर मजदूरी करने वाली आदिवासी किशोरी से गैंगरेप का केस दर्ज हुआ है। राजवीर ने बहाने से कलुआ टोला पहाड़ी पर बुलाकर दो अन्य के साथ रेप किया और बेसुध होने पर छोड़कर फरार हो गए थे। होश आने पर घर पहुंची पीड़िता ने मां के साथ ओबरा कोतवाली पहुंच केस दर्ज करवाया। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं।

### 2 साल बाद दबोचा गया किशोरी के अपहरण-रेप का आरोपित

■ भाषा, बलिया: किशोरी के अपहरण के आरोपित को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार फेफना थानाक्षेत्र के एक गांव में निवासी 16 वर्षीय किशोरी को गांव का ही शुभम खरवार उर्फ निर्मोही ने 13 फरवरी 2024 को अगवा कर लिया था। मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। तलाश में जुटे दादा ने हरियाणा से किशोरी को मुक्त करवाने के बाद 30 दिसंबर को पुलिस के सुपुर्द किया था। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि आरोपित ने अगवा करने के बाद कई बार दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### साथी की मौत से भड़के बिजलीकर्मी, घेरा डीएम ऑफिस

■ NBT न्यूज, लखीमपुर खीरी: साथी की मौत ने नाराज बिजली कर्मचारियों ने शनिवार को सदर कोतवाली के साथ ही डीएम कार्यालय का घेराव किया। काम का दबाव बनाने से मौत का आरोप लगाते हुए इस दौरान एक्सईएन पर कार्रवाई की मांग उठाई। गढ़ी उपकेंद्र पर तैनात बेलपरसुआ निवासी राम गोपाल राणा की शुक्रवार रात ऑफिस से घर पहुंचने के बाद तबीयत बिगड़ी और अस्पताल ले जाने तक मौत हो गई।

उप्र उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिश्रा ने एक्सईएन श्वेता पाल पर बकाया बिल वसूली के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया। दावा किया कि लक्ष्य पूरा नहीं होने पर राम गोपाल राणा को एक्सईएन लगातार फटकार लगा रहे थे। वहीं, मौत के बाद सदर कोतवाली के बाहर शव रखकर प्रदर्शन के साथ ही केस दर्ज कर एक्सईएन की गिरफ्तारी की मांग उठाई गई। अधिकारियों ने जांच और कार्रवाई का आश्वासन देकर स्थिति संभाली।

## नकली सांप-बिच्छू फेंक करते थे लूट, महिलाओं समेत 40 गिरफ्तार



■ NBT न्यूज, गोरखपुर: सांप, बिच्छू और छिपकली को हथियार बनाकर चेन स्नेचिंग करने वाले गिरोह का कैंट व रामगढ़ताल पुलिस ने खुलासा किया है। गिरोह की 36 महिलाओं और 4 पुरुषों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह की महिलाएं ऑटो और बस में सवार होने के बाद दूसरी महिलाओं पर प्लास्टिक के सांप, बिच्छू व छिपकली फेंककर डराने के बाद सोने की चेन सहित अन्य जेवर पार कर देती थीं।

चेन स्नेचिंग की लगातार शिकायतों से पुलिस परेशान थी। एक जनवरी को गिरोह का सरगना विष्णु पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पूछताछ में खेल सामने आने के बाद निशानदेही पर एक-एक कर 36 महिलाओं के साथ ही गिरोह में शामिल 3 पुरुष भी पकड़े गए। 20 से 50 साल उम्र की महिलाएं अलग-अलग तरीके से वारदात करती थीं। सांप, बिच्छू व छिपकली फेंकने के अलावा बुजुर्गों को बातों में फंसाकर निशाना बनाती थीं। गिरोह के पुरुष पर महिलाओं को सवारी तक छोड़ने और पिकअप करने का काम करते थे। पकड़ी गई महिलाएं गोरखपुर, बस्ती, अंबेडकरनगर, देवरिया, कुशीनगर, मऊ, जौनपुर, बलिया, सुल्तानपुर, सिद्धार्थनगर आदि जिलों की हैं।

> एक जनवरी को हत्थे चढ़ा था सरगना, निशानदेही पर दबोचे गए सदस्यों में 36 महिलाएं

### सहायक आयुक्त, औषधि निरीक्षकों का तबादला

■ NBT न्यूज, वाराणसी : कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी मामले की जांच के बीच खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने वाराणसी के सहायक आयुक्त और कई निरीक्षकों का तबादला कर दिया है। वाराणसी के सहायक आयुक्त प्रबोध रस्तोगी को गोंडा भेजा गया है। उनकी जगह गोंडा के सहायक आयुक्त मुकेश जैन लेंगे। औषधि निरीक्षक राघवेंद्र कुमार को देवरिया, बलिया के औषधि निरीक्षक श्रीधरेश्वर शुक्ला को गोरखपुर और सिद्धार्थनगर के निरीक्षक नवीन को महाराजगंज भेजा गया है।

> कोडीनयुक्त कफ सिरप की जांच के बीच ऐक्शन
>
> मुख्य आरोपित शुभम के खिलाफ NBW जारी

**सरगना सहित छह के खिलाफ NBW जारी:** कफ सिरप तस्करी के मुख्य आरोपित शुभम जायसवाल सहित छह आरोपितों के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वॉरंट जारी किया है। 75 हजार रुपये के इनामी शुभम के खिलाफ वाराणसी, सोनभद्र, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली सहित यूपी के कई जिलों में मुकदमे दर्ज हैं। उसके दुबई में होने की जानकारी मिली है। शुभम के परिवारीजनों की 32 करोड़ की संपत्ति जब्त करने के मामले की कोर्ट में 9 जनवरी को सुनवाई होगी।

### मुठभेड़ के बाद दबोचे गए दो बदमाश

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर : कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो बदमाशों को धर दबोचा। एएसपी अखंड प्रताप सिंह के अनुसार नवंबर में ट्रक चोरी करने वाले बदमाशों की लोकेशन मिली थी। पखरौली रेलवे क्रॉसिंग के पास कार सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने के बाद जौनपुर निवासी फैजेआलम और मो. अनवर को पकड़ लिया गया।

## अयोध्या/बाराबंकी

# पंचायत और नगरीय निकाय में विधानसभा से ज्यादा वोटर

■ चंद्रकांत मौर्य, बाराबंकी





**मतदाता सूची में अंतर**

**19,57,296** मतदाता हैं विस चुनाव की लिस्ट में

**23,59,277** मतदाता हैं पंचायत चुनाव की सूची में

**4,77,000** मतदाता हैं नगरीय निकाय की सूची में

वोटर लिस्ट अभियान के बाद भी वोटरों की संख्या के अंतर को खत्म तो दूर कम तक नहीं किया जा सका है। विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट में जिले की शहरी व ग्रामीण आबादी मिलाकर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद तैयार ड्राफ्ट में 19,57,296 वोटर सामने आए हैं। इसके विपरीत 31 दिसंबर को पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट के पूरे हुए पुनरीक्षण के बाद 23,50,000 से ज्यादा वोटर दर्ज हुए हैं। वहीं, पंचायत से बचे नगरीय इलाके की वोटर लिस्ट में तकरीबन 4,77,000 मतदाताओं के नाम हैं। अगर पंचायत व नगरीय निकाय की वोटर लिस्ट के नाम जोड़े जाएं तो यह संख्या 28,27,000 पहुंच जाती है।

**30 हजार नए आवेदन:** पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में 23,59,277 मतदाता थे। एक सप्ताह के विशेष पुनरीक्षण अभियान में 31 दिसंबर तक दावे व आपत्तियां मांगी गईं। एडीएम ने शनिवार को दावों व आपत्तियों की समीक्षा की। इसमें सामने आया कि वोटर लिस्ट में 30115 नाम बढ़ाने, 2654 संशोधन व 12174 नाम हटाने के दावे हुए हैं। फाइनल सूची छह जनवरी को प्रकाशित होगी। यह हालात तब है जब पंचायत चुनाव आयोग ने बाराबंकी के करीब तीन लाख वोटरों के नाम दो या दो से ज्यादा जगह दर्ज होने के मामले चिह्नित किए थे। बीएलओ को चिह्नित लोगों के घरों पर जाकर आधार कार्ड नंबर लेकर किसी एक स्थान पर नाम दर्ज करने को लेकर ऑप्शन लेने की व्यवस्था की थी। हालांकि महज 71 हजार नाम ही हटाए जा सके थे।

> निश्चित रूप से विधानसभा वोटर लिस्ट में पंचायत व नगरीय निकाय की तुलना में करीब आठ लाख नाम कम है। चूंकि पंचायत व नगरीय निकाय की सूची का अभी एसआईआर नहीं हुआ है। इससे ही अंतर दिख रहा है।
>
> निरंकार सिंह, एडीएम/सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी,बाराबंकी


### अलाव ताप रहे किशोर को पिकप ने रौंदा

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: अलग-अलग सड़क हादसों में किशोर सहित दो लोगों की मौत हो गई। मोहम्मदपुर खाला थाना के बिशुनपुर में शनिवार सुबह संजय का बेटा सत्यम (13) घर के बाहर अलाव ताप रहा था। इस बीच तेज रफ्तार पिकप ने रौंद दिया। हादसे के बाद भाग रहे चालक बसारी निवासी अंकित को लोगों ने धर दबोचा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वहीं, टिकैतनगर के कस्बा इचौली स्थित मोहल्ला मौलाना निवासी शिवम लोधी (26) की शुक्रवार देर रात मौलाना कानिवाना स्थित मोड़ पर पोल से बाइक टकराने से मौत हो गई।

**केरोसिन की कालाबाजारी में पांच साल की सजा:** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रुचि तिवारी ने 400 लीटर केरोसिन की कालाबाजारी में सफदरगंज के मैदनपुर निवासी कोटेदार टीपू जायसवाल को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता अमरेश विक्रम सिंह ने बताया कि दिसंबर 2004 को तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक अमितकांत ने टीपू के खिलाफ केस दर्ज करवाया था।

# '67 एकड़ में बन रहा जानकी मंदिर'

■ NBT न्यूज, अयोध्या: बिहार के पर्यटन और संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने शनिवार को परिवार के साथ राम लला के दर्शन-पूजन किए। इससे पहले मंत्री का अमावां मंदिर में स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि बिहार के सीतामढ़ी स्थित पुनौरा धाम में 67 एकड़ में मां जानकी का भव्य मंदिर बनवाया जा रहा है।



बिहार के पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने किया रामलला का दर्शन-पूजन

**श्रीराम मंदिर को मिले राष्ट्र मंदिर का दर्जा:** हनुमान गढ़ी स्थित ठाकुर जी अतिथि निवास में सवर्ण चेतना सभा की बैठक हुई। इसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीपक मिश्र ने कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनने से पूरा देश राममय हो गया है। पीएम व सीएम ने राम मंदिर पर धर्म ध्वजा फहराई, जिसका सनातन धर्म में हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। उन्होंने श्रीराम मंदिर को अधिकारिक रूप से राष्ट्र मंदिर का दर्जा देने के साथ ही श्रीरामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने की मांग उठाई। इसके लिए अभियान चलाकर हर जिले से 51000 अनुरोध पत्र पीएम को भेजने का संकल्प भी लिया।

### नववर्ष प्रतिपदा उत्सव में राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि



■ NBT न्यूज, अयोध्या: राम मंदिर ट्रस्ट ने 19 मार्च को नववर्ष प्रतिपदा उत्सव की तैयारी शुरू कर दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी और राष्ट्रपति मंदिर परकोटा के किसी मंदिर पर ध्वजारोहण भी कर सकती हैं। तैयारियों को लेकर रामकोट स्थित कार्यशाला भवन में ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय की मौजूदगी में बैठक हुई। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर आंदोलन में सहयोग करने वालों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

### 200 अलाव के साथ ही 15 जगह लगे गैस हीटर

■ NBT न्यूज, अयोध्या: ठंड से लोगों को बचाने के लिए नगर निगम ने अलाव के साथ ही गैस हीटर लगवाए हैं। मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी के अनुसार 200 स्थानों पर अलाव के साथ ही 15 जगह गैस हीटर लगवाए गए हैं। इसके साथ ही सात रैन बसेरों में 600 लोगों के ठहरने का इंतजाम किया गया है। वहीं, अब तक चार हजार कंबल भी बांटे जा चुके हैं।

# सेप्टिक टैंक में गिरकर मासूम की मौत

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: सिरौली गौसपुर तहसील की आवासीय कॉलोनी में आठ साल के मासूम की सेप्टिक टैंक में गिरने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार विक्रम मौर्य का आठ वर्षीय बेटा अथर्व खेलने के लिए कॉलोनी के पिछले हिस्से में गया था। काफी देर तक नहीं लौटने पर परिवारीजनों ने तलाश शुरू की। इस दौरान मासूम सेप्टिक टैंक में अचेत मिला। आननफानन में अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी पर पहुंचे तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा व इंस्पेक्टर बदोसराय अजीत विद्यार्थी ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं, हादसे के बाद टैंक सही से बंद करवाने की जगह महज लकड़ियां रखकर काम चलाऊ इंतजाम किया गया।



अथर्व

### फंदे से लटका मिला शव, हत्या का आरोप

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर: रामनगर के बसंतपुर निवासी श्यामसुंदर वर्मा (55) का शव शनिवार सुबह घर के पास बाग में पेड़ से लटका मिला। पुलिस के अनुसार दो जनवरी को कहासुनी के बाद बेटों ने उसे घर से निकाल दिया था। फंदे से लटका मिलने की जानकारी पर पहुंचे बेटों ने हत्या का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर अनिल पाण्डेय ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

**दुकानदार पर जानलेवा हमला:** शिवगढ़ में लोनीकटरा के मिरवल चौराहे पर शुक्रवार शाम कुछ लोगों ने कारोबारी गंगा प्रसाद वर्मा(43) पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने छह अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंगा प्रसाद के अनुसार शाम के समय दुकान पर नशे में धुत दो युवक आए थे। सिगरेट लेने के बाद धुआं मुंह पर छोड़ने का विरोध करने पर कुछ दूर खड़े साथियों को बुलाकर पीटना शुरू कर दिया। लोगों के जुटने पर आरोपित भाग निकले। पुलिस ने आरोपितों की बाइकें कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### हत्या के बाद गड्ढे में फेंका किशोरी का शव

■ NBT न्यूज, अयोध्या: किशोरी की हत्या के बाद शव पोस्टमॉर्टम हाउस के पास रेलवे लाइन के किनारे गड्ढे में फेंक दिया गया। पुलिस के अनुसार छानबीन में पता चला है कि मृतका मकबरा इलाके की रहने वाली थी। प्रथम दृष्टया गला दबाकर हत्या की बात सामने आ रही है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### गुरु साहेब की शाही सवारी का भव्य स्वागत





बाराबंकी: गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाशोत्सव की पूर्व संध्या पर शनिवार को नगर में निकाली गई गुरु साहेब की शाही सवारी का भव्य स्वागत किया। लाजपतनगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भूपेंद्र सिंह की मौजूदगी में निकली सवारी में पंजाब के कंवलजीत सिंह के वीर खालसा ग्रुप की गतका पार्टी ने करतब दिखाए। इस दौरान खाद्य व रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, सरदार जसवीर सिंह, विधायक सुरेश यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा राम सिंह वर्मा भुल्लन, गुरदीप सिंह, नवीन सिंह राठौर, सरदार आलोक सिंह, राजा सिंह मौजूद रहे।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in